गरिमामयी परम्परा के १०७ वर्ष

Facebook आज आगरा
E-Paper ऑन लाइन पढ़ने के लिए वेबसाइड पर क्लिक करें

भाजन

www.ajhindidaily.com

हिन्दी जगत में सर्वाधिक लोकप्रिय
मध्यप्रदेश-राजस्थान संस्करण

★
नगर संस्करण पृष्ठ १२

मूल्य ₹ ६



आगरा, 04 नवम्बर, 2026, बुधवार, वर्ष 40 अंक 291 सौर 10 कार्तिक कृष्ण पक्ष दशमी सं. 2083 वि.

वाराणसी, गोरखपुर, इलाहाबाद (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, पटना, रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित

दीपावली पर 1.89 करोड़ परिवारों को मिली उज्ज्वला की सौगात

रसोई कनेक्शनके लिए कांग्रेसके राजमें देनी पड़ती थी रिश्वत-योगी



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 1.89 करोड़+ पात्र परिवारों को रसोई गैस सिलेंडर रिफिल की सब्सिडी का वितरण किया। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से देश में तेजी से विकास हुआ। विश्व बैंक की हाल की एक रिपोर्ट बताती है कि देश के 155 करोड़ में से 40 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए। आज उत्तर प्रदेश में उज्ज्वला योजना के तहत 1500 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी जा रही है कि दीपावली का पर्व खुशी से मनाएं और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को लोकभवन में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 1.89 करोड़+ पात्र परिवारों को रसोई गैस सिलेंडर रिफिल की सब्सिडी का वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक प्रदान किए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी ने भारत की संस्कृति और पर्वों का विशेष से उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश में कांग्रेस की सरकार थी तब गैस कनेक्शन के लिए रिश्वत देनी पडती थी। इतना ही नहीं, टू जी घोटाला, कोयला घोटाला, कामनवेल्थ गेम्स समेत न जाने कितने घोटालों की खबरें आए दिन आती थीं लेकिन जब 2014 में नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने कई कल्याणकारी योजनाएं शुरु कीं। इन्हीं में वर्ष 2016 में उज्जला योजना शुरु (शेष पृष्ठ २ पर)

विकसित भारत के निर्माण में पुणे निभा रहा महत्वपूर्ण भूमिका-मोदी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में पुणे महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और मेट्रो नेटवर्क का विस्तार शहर के विकास को नई गति दे रहा है। उन्होंने बुधवार को हिंजेवाड़ी-मान से शिवाजीनगर तक मेट्रो लाइन-3 का वर्चुअल उद्घाटन किया। इस मार्ग पर यात्री सेवा चार नवंबर 2026 से शुरू होगी। प्रधानमंत्री ने पुणे मेट्रो के दूसरे चरण के चार नए कॉरिडोर वनाज-चांदनी चौक, रामवाड़ी-विठ्ठलवाड़ी, खराड़ी-खडकवासला और नल स्टॉप-मानिक बाग की आधारशिला भी रखी। उन्होंने कहा कि मेट्रो से नागरिकों को आधुनिक और बेहतर सार्वजनिक परिवहन सुविधा मिलने के साथ शहर की आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिल रहा है। मोदी ने बताया कि देश के 26 शहरों में मेट्रो सेवाएं संचालित हो रही हैं और मेट्रो नेटवर्क लगभग 248 किलोमीटर से बढ़कर 1,200 किलोमीटर से अधिक हो गया है। प्रतिदिन एक करोड़ से ज्यादा यात्री मेट्रो से सफर कर रहे हैं। महाराष्ट्र में करीब 175 किलोमीटर मेट्रो नेटवर्क चालू है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार पिछले 12 वर्षों से ऊर्जा, सड़क और रेलवे सहित बुनियादी ढांचे के विकास पर व्यापक स्तर पर काम कर रही है।

खुली बहस को लेकर राहुल ने फिर मोदी को घेरा

नयी दिल्ली। राहुल गांधी ने मंगलवार को एक वीडियो जारी किया है। जिसमें उन्होंने पीएम मोदी को बहस का चैलेंज दिया है। करीब 1.50 मिनट के वीडियो में राहुल कह रहे है-24 घंटे हो गए मोदी जी। मैंने आपको चैलेंज दिया है। आप कहते हो कि विपक्ष देशद्रोही है। किसी भी स्टेज पे आप जगह चुनिए, डिबेट कीजिए मेरे साथ। देशद्रोही कौन है? विदेशी फोर्सेस का कनेक्शन किसका है? और किस प्रकार का कनेक्शन है? जल्दी से जल्दी कीजिए, डरिए मत। दोनों मिलेंगे, मीडिया होगी, देश के युवा होंगे, टेबल होगी, एक साइड आप बैठोगे, एक साइड मैं बैठूंगा। जिसको आप जज बनाना चाहते हो, बना दो। मोहन भागवत जी को बिठा दो, चलो। और फिर डिबेट करते हैं। सवाल उठेंगे फाइनेंशियल सिस्टम पर, फाइनेंशियल स्ट्रक्चर पर, स्- डील कैसे हुई, क्यों हुई, इतनी जल्दी क्यों हुई, सिर्फ आपने क्यों की, कैबिनेट को क्यों नहीं बताया, अडानी का केस बंद क्यों हुआ, एपस्टीन-ऐसी बहुत सारी चीजें हैं जिसपे खुलकर डिस्कशन होगा। आ जाइए, डरिए मत। दूध का दूध, पानी का पानी कीजिए। आप एलिगेशन लगाते हैं ना मेरे ऊपर, आ जाइए, सब साफ हो जाएगा। वीडियो में राहुल कह रहे हैं- बाकी चीजों पे आपने डिफेमेशन केस लगा रखा है, शायद 45 डिफेमेशन केस मेरे ऊपर हैं। मगर इस डिबेट मामले पर, फॉरेन कनेक्शन पर आप डिफमेशन नहीं लगा रहे हो। लगाइए ना, वहां भी डिस्कस करेंगे, खुल के। ये सब डिस्कस करते हैं, आइए। हैप्पी दिवाली, मोदी जी। राहुल गांधी ने सोमवार को सोशल मीडिया ङ्क पर पोस्ट की। उन्होंने लिखा कि नरेंद्र मोदी विदेशी मदद से प्रधानमंत्री बने और उन्हीं की मदद से प्रधानमंत्री बने हुए हैं। वहीं, भाजपा देशभर में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान चला रही है। इसी कड़ी में भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने कोलकाता में रैली की। यहां उन्होंने कहा कि विदेशी ताकतें देश में अस्थिरता लाना चाहती हैं। इसके लिए राहुल गांधी का इस्तेमाल किया जा रहा है।

जगह और जज आप चुनिये, हो जायेगा दूध का दूध, पानीका पानी



विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे, सीधे सीएम पद की लेंगे शपथ-अखिलेश यादव



पूर्व मुख्यमंत्रीने कहा- भाजपा को एमएलसी चुनाव में मिली डबल हार , काशी को देंगे मेट्रो की सौगात

वाराणसी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मंगलवार को वाराणसी से 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि वह खुद विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे, बल्कि सीधे मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। बोले, हम तब मुख्यमंत्री बनते हैं, जब चुनाव नहीं लड़ते। पिछली बार सांसद रहते मुख्यमंत्री बना था, इस बार भी वहीं से आकर शपथ लूंगा। सीर गोवर्धन में सपा के दिवंगत जिलाध्यक्ष राजेश कुमार यादव के परिजनों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने भाजपा पर तीखा हमला बोला। कहा कि एमएलसी चुनाव में काशी की जनता ने भाजपा को डबल हार का संदेश दिया है। सरकार बनने पर काशी में मेट्रो चलाने का काम करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने का काम कर रही है और चुनाव में गड़बड़ी के जरिए सत्ता हासिल करना चाहती है। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के खिलाफ है। पार्टी का रुख (शेष पृष्ठ २ पर)

पुलिस की गोली से दंपति की मौत

डेहरी ऑन सोन। बिहार में पुलिस वर्दी को शर्मसार करने वाला एक बेहद गंभीर मामले ने तूल पकड़ लिया है। देर रात गलत नीयत से घर में घुसे एक एएसआई ने पकड़े जाने के डर से अंधाधुंध फायरिंग कर दी। गोलीबारी की घटना में पति-पत्नी के मौत हो गई, जबकि दो लोग गोली लगने से घायल हो गए । यह घटना मधुबनी के बाबूबरही थाना के बालीराजगढ़ में बीती रात घटी। बालीराजगढ़ पुलिस पकेट पर तैनात एएसआई चंद्रमोहन सिंह गलत नीयत से एक घर में घुस गया। मधुबनी के पुलिस कप्तान योगेंद्र कुमार ने आज को बताया कि रात एक बजे सूचना मिली कि बाबूबरही थाना के बलीराजगढ़ गांव में एएसआई पुलिस पैकेट में तैनात था और उसे उसका गांव की एक महिला से अवैध संबंध था ।इस कारण वह गांव में गया था। सोमवार की रात उसे गांव वालों ने देख लिया और घर के अंदर जाने के बाद बाहर से उसे बंद कर दिया गया ।अपने घिरा देखा उसने घर के अंदर से तीन से चार राउंड फायरिंग कर दी जिसमें अशोक यादव और उनकी पत्नी फूलों देवी की मौत हो गई।

सफल परीक्षण : भारत ने पहली बार लॉन्चर से दागी दो मिसाइलें

ओडिशा। डीआरडीओ ने ओडिशा के चांदीपुर से प्रलय मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। इसकी खासियत यह है कि एक ही लॉन्चर से



पाकिस्तान बॉर्डर पर तैनात होगी

आम बैलिस्टिक मिसाइल सीधे ऊपर जाकर फिर नीचे आती है, रास्ता पहले से पता चल जाता है। प्रलय लो-ट्रेजेक्टरी पर जाती है, बीच में ही दिशा बदल सकती है, टर्मिनल फेज में मैन्युवर करती है। इसलिए दुश्मन का एयर डिफेंस इसे इंटरसेप्ट नहीं कर पाता। इसे आर्मी और एयरफोर्स दोनों में शामिल किया जाना है। पाकिस्तान के साथ एलओसी पर ऐसे शॉर्ट रेंज, हाई प्रिसीजन हथियार गेम-चेंजर माने जा रहे हैं। रणनीतिक रूप से ये सिर्फ टेस्ट नहीं, वॉर डॉक्ट्रिन का बदलाव है। एक ही लॉन्चर से दो मिसाइलों की साल्वो फायरिंग का मतलब- दुश्मन के एक साथ दो एयरबेस या दो रडार स्टेशन को 5 मिनट (शेष पृष्ठ २ पर)

2 मिसाइलें लगातार दागी जा सकती हैं। 500 किलोमीटर तक मार करने वाली यह मिसाइल दुश्मन के अलग-अलग ठिकानों को निशाना बना सकती है। इसे क्रासी-बैलेस्टिक मिसाइल कहा जाता है, क्योंकि यह उड़ान के दौरान अपना रास्ता भी बदल सकती है। इस परीक्षण के पहले दो किमीके दायरे में रहने वाले लोगों को वहां से हटा दिया गया था। रूस और अमेरिका पहले से ही इस तरह की

ईडी ने अनिल अंबानी की ५१० करोड़ की संपत्ति जब्त की

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने रिलायंस अनिल अंबानी ग्रुप की 510.17 करोड़ की संपत्ति जब्त की है। यह कार्रवाई ग्रुप



की कंपनियों से जुड़े बैंक धोखाधड़ी के मामलों के सिलसिले में की गई है।इन संपत्तियों में विमान, बैंक बैलेंस, फिक्स्ड डिपॉजिट, अचल संपत्तियां, प्राप्त होने वाली रकम और निवेश शामिल हैं। इन नई कुर्की के साथ अब तक रिलायंस अनिल अंबानी ग्रुप के खिलाफ चल रही विभिन्न जांचों में कुल मिलाकर लगभग 23,100 करोड़ की संपत्ति जब्त की जा चुकी है।

दवाओं-चिकित्सा उपकरणोंके आयात को आसान बनानेके लिए सरकारका बड़ा कदम

नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने दवाओं, चिकित्सा उपकरणों और सौंदर्य प्रसाधनों के आयात के लिए अधिकृत प्रवेश केंद्रों का नेटवर्क बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है, इसके तहत कई अंतर्देशीय कंटेनर डिपो, एक विशेष आर्थिक क्षेत्र तथा उत्तर प्रदेश में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा शामिल हैं। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने बताया कि मंत्रालय ने देश में दवाओं, चिकित्सा उपकरणों और सौंदर्य प्रसाधनों (कॉस्मेटिक्स) के आयात को सुगम बनाने के लिए ड्रग्स रूल्स, 1945 के नियम 43ए में संशोधन का प्रस्ताव रखा है। इस कदम का मुख्य उद्देश्य विदेशों से स्वास्थ्य सेवा उत्पादों को मंगाने के लिए अधिकृत प्रवेश द्वारों (गेटवे) के नेटवर्क का विस्तार करना है, जिससे लॉजिस्टिक्स लागत को कम और आपूर्ति श्रृंखला (सप्लाई चेन) को मजबूत किया जा सके। मंत्रालय के अनुसार मौजूदा व्यवस्था के तहत नियम 43ए ही उन बंदरगाहों, हवाई अड्डों/रेलवे स्टेशनों को निर्धारित करता है जहां से दवाओं का आयात संभव है। व्यापार को गति देने के लिए मंत्रालय ने इस सूची में नए इनलैंड कंटेनर डिपो एक विशेष आर्थिक क्षेत्र और एक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को जोड़ने का फैसला किया है। प्रस्ताव के अनुसार, अब हरियाणा के सोनीपत, पियाला और हरसारू, उत्तर प्रदेश के दादरी, गुजरात के गांधीधाम/मुंद्रा, तेलंगाना के सनत नगर और थिम्मापुर तथा कर्नाटक के व्हाइटफील्ड स्थित आईसीडी को इस सूची में शामिल किया जाएगा। इसके अलावा कर्नाटक के बोम्मासांद्रा एसईजैड और उत्तर प्रदेश के जेवर में बन रहे नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को भी दवाओं के हवाई आयात के लिए (शेष पृष्ठ २ पर)

अमृतसर : हथियार और नशा तस्करीके नेटवर्क का भंडाफोड़, ११ गिरफ्तार

अमृतसर। अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने अवैध हथियारों और नशे की तस्करी करने वाले तीन नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 12 अवैध पिस्तौल, दो हैंड ग्रेनेड, 310.10 ग्राम हेरोइन और 33 जिंदा कारतूस बरामद किये गये हैं। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने सोशल मीडिया पर इस कारर्वाई की जानकारी साझा की। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपी विदेश में बैठे हैंडलर्स और गैंगस्टरों के संपर्क में थे। विदेशी हैंडलर ड्रोन के जरिये अवैध हथियारों और नशीले पदार्थों की खेप भारत भेजते थे। इसके बाद आरोपियों के माध्यम से इन्हें अन्य आपराधिक तत्वों तक पहुंचाया जाता था। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी लोगों को डराने और रंगदारी वसूलने के लिए हथियारों का इस्तेमाल करते थे। रंगदारी की मांग पूरी नहीं होने पर लोगों के घरों और दुकानों पर फायरिंग की जाती थी। पुलिस अब इन घटनाओं में शामिल अन्य लोगों और हथियारों की सप्लाई करने वाले स्रोतों का पता लगा रही है।

ओमानके तटके पास जहाज पर हमला, एक भारतीयकी मौत

नयी दिल्ली। ओमान के तट के पास वाणिज्यिक जहाज एमएसवी अल जुसुफी पर सोमवार शाम हुए हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई, जबकि जहाज पर सवार 13 अन्य

विदेश मंत्रालय ने जतायी नाराजगी

भारतीयों को बचा लिया गया। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को हमले की निंदा करते हुए मृतक के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। मंत्रालय के अनुसार, ओमान के लिमाह के निकट हुए इस हमले में घायल एक भारतीय नागरिक ने दम तोड़ दिया। मस्कट स्थित भारतीय दूतावास ओमान के अधिकारियों के संपर्क में है। दूतावास बचाए गए भारतीयों की जल्द स्वदेश वापसी और मृतक के पार्थिव शरीर को भारत लाने के लिए समन्वय कर रहा है। विदेश मंत्रालय ने क्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों पर लगातार हो रहे हमलों पर गंभीर चिंता जताई है। मंत्रालय ने तनाव कम करने और कूटनीतिक समाधान के लिए जारी वार्ता जल्द पूरी करने की अपील की। उसने कहा कि क्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने की घटनाएं बंद होनी चाहिए। साथ ही अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप समुद्री मार्गों से निर्बाध आवागमन और व्यापार जल्द बहाल किया जाना चाहिए।

नेपालमें लैंडिंगके दौरान दो हेलीकॉप्टर टकराये, एक भारतीय की मौत

काठमांडू। नेपाल के सोलुखुम्बु जिले में मंगलवार सुबह लैंडिंग के दौरान दो हेलीकॉप्टरों के आपस में टकराने से एक भारतीय नागरिक की मौत हो गयी जबकि एक विदेशी यात्री घायल हो गया। हादसा माउंट एवरेस्ट बेस कैंप के रास्ते में स्थित फेरीचे के एक हेलीपैड पर हुआ। नेपाल पुलिस के अनुसार, खुम्बु पासांग ल्हामू ग्रामीण नगरपालिका के वार्ड-4 स्थित फेरीचे में सुबह करीब 8.11 बजे एयर डायनेस्टी और फिशटेल एयर के हेलीकॉप्टर लैंडिंग के दौरान टकरा गए। फेरीचे काठमांडू से करीब 150 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित है। जिला पुलिस कार्यालय के अनुसार, हादसे में मारे गये विदेशी नागरिक की पहचान अभी नहीं हो पायी है। (शेष पृष्ठ २ पर)

प्रदर्शन स्थलपर अनिश्चितकाल तक कब्जा नहीं कर सकते प्रदर्शनकारी- सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि कोई भी प्रदर्शनकारी किसी प्रदर्शन स्थल पर अनिश्चितकाल तक कब्जा नहीं कर सकता। ऐसे स्थलों का इस्तेमाल दूसरे समूहों को भी करने का



अवसर मिलना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ अक्तूबर में हुए प्रदर्शनों से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि किसानों, मजदूरों, ट्रेड यूनियनों और बेघर लोगों को भी प्रदर्शन का अधिकार है। उन्होंने कहा कि विरोध का अधिकार संवैधानिक है, लेकिन व्यापार और दिहाड़ी मजदूरों की रोजी-रोटी का अधिकार भी उतना ही महत्वपूर्ण है। प्रदर्शनों के कारण दिहाड़ी मजदूरों की आजीविका प्रभावित नहीं होनी चाहिए। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया (शेष पृष्ठ २ पर)

दिल्ली पुलिस मुख्यालयके बाहर प्रदर्शन, एसीपी निलंबित

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के एक थाने में वकीलों और पुलिस कर्मियों के बीच झड़प के बाद दिल्ली पुलिस मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन में शामिल हुए सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) मनस्वी वशिष्ठ को निलंबित कर दिया गया है। एक आधिकारिक आदेश से यह जानकारी मिली है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दिल्ली, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप, दमन व दीव, और दादरा व नगर हवेली पुलिस सेवा (दैनिप्स) के 2019 बैच के अधिकारी वशिष्ठ के निलंबन का दो नवंबर को आदेश जारी किया। मंत्रालय के आदेश में कहा गया है वरिष्ठ के खिलाफ विभागीय कार्यवाही प्रस्तावित है और इसी के मद्देनजर सक्षम प्राधिकारी ने केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम 1965

नदियों की गाद से बनेंगी सड़कें, बिहार में बाढ़ का कम होगा खतरा

नयी दिल्ली। बिहार की नदियों में जमा गाद अब विकास का संसाधन बनेगी। 'नदी संजीवनी' कार्यक्रम के तहत मंगलवार को केंद्र सरकार और बिहार सरकार के बीच नदियों से गाद निकालने और उसका उपयोग राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण में करने को लेकर समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की मौजूदगी में हुए इस समझौते के तहत 243 लाख घनमीटर गाद का उपयोग 16 राजमार्ग परियोजनाओं में किया जाएगा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस पहल के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि बिहार देश का पहला राज्य है, जिसने जलस्रोत पुनरुद्धार एवं गाद प्रबंधन नीति-2026 लागू की है। नदियों से गाद निकालने से उनकी जलधारण क्षमता बढ़ेगी, बाढ़ का प्रभाव कम होगा और किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।



'नदी संजीवनी' के तहत केंद्र और बिहार सरकार में समझौता, १६ राजमार्ग परियोजनाओं में इस्तेमाल होगी २४३ लाख घनमीटर गाद

साथ ही सड़क निर्माण में प्राकृतिक मिट्टी के इस्तेमाल पर भी अंकुश लगेगा। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि महाराष्ट्र के सफल बुलढाणा मॉडल की तर्ज पर बिहार में गाद निकासी का काम किया जाएगा। इससे जल संरक्षण और नदी पुनर्जीवन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस परियोजना से बिहार सरकार पर कोई वित्तीय बोझ नहीं पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नेपाल में भारी बारिश और दूसरे राज्यों से आने वाले पानी के कारण बिहार हर साल बाढ़ की समस्या झेलता है। फरक्का बैराज के कारण गंगा में गाद जमा होने की समस्या भी गंभीर है। उन्होंने कहा कि बिहार बांग्लादेश को पानी देने का विरोधी नहीं है, लेकिन राज्य की कृषि, उद्योग और पेयजल संबंधी जरूरतों का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। फिलहाल बिहार को जुलाई से अक्टूबर तक ही गंगाजल के (शेष पृष्ठ २ पर)

मौसम

सूर्योदय : ०६.०१
सूर्यास्त : ०५.१६

तापमान
अधि. : ३०.१
न्यून. : २१.०



2027 में अखिलेश यादव बनेंगे मुख्यमंत्री: शिवपाल

पढ़े-लिखे बेरोजगारों को स्थायी नौकरी देने का दावा



इटावा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने दावा किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि सपा की सरकार बनने पर पढ़े-लिखे बेरोजगारों को स्थायी नौकरी दी जाएगी और किसानों को बिजली, पानी, खाद व बीज मुफ्त उपलब्ध कराए जाएंगे। अपने आवास पर दिए गए साक्षात्कार में शिवपाल यादव ने बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री के भगवान कृष्ण पर दिए गए बयान पर आपत्ति जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस के लोग कथित ढोंगी साधुओं के जरिए भगवान कृष्ण और राम के खिलाफ बयान दिलवाकर सनातन समाज के विरुद्ध साजिश कर रहे हैं। शिवपाल यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के लोग ब्रह्मा, विष्णु, महेश, भगवान कृष्ण और राम सहित सभी देवी-देवताओं की पूजा करते हैं और सभी धर्मों का सम्मान करते हैं। उन्होंने भाजपा पर भगवान राम के नाम पर चंदा चोरी कराने और धर्म के नाम पर लोगों को बांटकर नफरत की राजनीति करने का आरोप लगाया। कहा कि समाजवादी पार्टी ऐसी राजनीति नहीं चलने देगी और जनता सब जानती है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव के नेतृत्व में सरकार बनने पर महिलाओं का सम्मान किया जाएगा। पार्टी की नीतियों के खिलाफ अनुशासनहीनता या किसी के साथ अन्याय करने वाले कार्यकर्ता पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। शिवपाल यादव ने दावा किया कि अखिलेश यादव के पांच साल के कार्यकाल में जितने विकास कार्य हुए, उतने भाजपा सरकार के दस साल में नहीं हुए। उन्होंने भाजपा सरकार पर सड़कों की खराब हालत, महंगाई और बेरोजगारी बढ़ाने का आरोप लगाया। शिवपाल यादव ने कहा कि पीडीए के साथ कांग्रेस से गठबंधन है और आगामी चुनाव में भी यह गठबंधन जारी रहेगा।

मिट्टी खाली कर भागा चालक, पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज की



बकेवर। लवेदी थाना क्षेत्र के ग्राम विधिपुरा में वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज कर दी। पुलिस को देखकर चालक ने ट्रॉली में भरी मिट्टी सड़क किनारे खाली कर दी। वाहन के कागजात मांगने पर वह मौके से फरार हो गया। थानाध्यक्ष गौरव कुमार ने बताया कि सोमवार को पुलिस टीम ग्राम विधिपुरा में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान नीले रंग का सोनालिका ट्रैक्टर नंबर यूपी 75 एआर 2710 मिट्टी से भरी ट्रॉली लेकर आता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर चालक ने ट्रॉली की मिट्टी सड़क किनारे खाली कर दी। पुलिस ने वाहन के आवश्यक दस्तावेज मांगे, लेकिन चालक कोई वैध प्रपत्र नहीं दिखा सका और भाग निकला। पुलिस ने ई-चालान करने के साथ ही धारा 207 मोटर वाहन अधिनियम के तहत ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज कर दी। मामले में नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

धौरखा में बुखार से दो मौतों के बाद स्वास्थ्य विभाग सक्रिय



बकेवर। ब्लॉक महेवा के धौरखा गांव में बुखार से दो लोगों की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग सक्रिय हो गया है। मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव पहुंचकर 15 ग्रामीणों की जांच की और करीब 25 लोगों को दवा वितरित की। गांव में एंटी लार्वा का छिड़काव भी कराया गया। वहीं, ग्रामीणों ने हैंडपंप के पानी की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग उठाई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेवा के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अभिषेक वर्मा के निर्देशन में पहुंची टीम का नेतृत्व डॉ. महेंद्र सिंह और मलेरिया निरीक्षक श्यामवीर सिंह ने किया। टीम में अमरीन जाफरी, सीएचओ राजेश कुमार और एलटी अंशू शामिल रहे। आशा कार्यकर्ता की मदद से किट के जरिए 15 ग्रामीणों की जांच की गई और करीब 25 लोगों को दवा दी गई। ग्रामीण मंजुल सिंह ने बताया कि उनके पिता रामनरेश पुत्र मंशाराम की बुखार से मौत हो गई थी। गांव की राममूर्ति देवी की भी बुखार से जान जा चुकी है। ग्रामीणों के अनुसार, गांव में अब भी कई लोग बुखार से पीड़ित हैं और कुछ इटावा के निजी चिकित्सकों से इलाज करा रहे हैं। समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित होने के बाद सोमवार को पंचायत घर में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया था। मंगलवार को भी टीम ने स्वास्थ्य परीक्षण और दवा वितरण किया। ग्रामीणों ने बीमारी के संभावित कारणों का पता लगाने के लिए हैंडपंप के पानी की जांच कराने की मांग की है।

धनतेरस से भाई दूज तक त्योहारों की रौनक



बकेवर। धनतेरस से भाई दूज तक पांच दिवसीय दीपोत्सव की खुशियां पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाई जाएंगी। पर्व के दौरान घरों से लेकर बाजारों तक रौनक रहेगी और खरीदारों की भीड़ उमड़ने की उम्मीद है। दीपोत्सव की शुरूआत धनतेरस से होगी। इस दिन बर्तन, सोने-चांदी के आभूषण और अन्य घरेलू सामान खरीदना शुभ माना जाता है। धनतेरस के बाद छोटी दीपावली पर घरों की साफ-सफाई और दीप सज्जा की जाएगी। दीपावली के दिन भगवान गणेश और माता लक्ष्मी की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की जाएगी। घरों, प्रतिष्ठानों और बाजारों को दीपों, रंग-बिरंगी झालरों और आकर्षक सजावट से रोशन किया जाएगा। दीपावली के अगले दिन गोवर्धन पूजा होगी। इस दिन भगवान गोवर्धन की पूजा कर अन्नकूट का प्रसाद वितरित किया जाता है। इसके बाद भाई दूज पर बहनें भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना करेंगी। पांच दिनों तक चलने वाला यह पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और पारिवारिक रिश्तों को मजबूत करने का संदेश देता है।

मारपीट, लूट और महिला से अभद्रता का आरोप

पति पर लाठी-डंडों और तमंचे से हमला कर घायल करने का दावा

बकेवर, इटावा। थाना क्षेत्र के ग्राम दिलीप नगर में मारपीट, जानलेवा हमला, लूटपाट और महिला से अभद्रता का मामला सामने आया है। पीड़िता किरन देवी ने थाना पुलिस पर शिकायत के बावजूद सुनवाई न करने और एफआईआर दर्ज नहीं करने का आरोप लगाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री, डीजीपी, राज्य महिला आयोग और एसएसपी को प्रार्थना पत्र भेजकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने तथा परिवार की सुरक्षा की मांग की है। पीड़िता के अनुसार, 30 अक्टूबर की शाम गांव के छह नामजद और तीन अज्ञात लोगों ने उनके पति शिववीर सिंह पर लाठी-डंडों और तमंचे से हमला किया। आरोप है कि हमलावरों ने उनके शरीर पर तीन स्थानों पर वार कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद घर में घुसकर महिला से अभद्रता की और उनके कपड़े फाड़ दिए। पीड़िता ने आरोप लगाया कि हमलावर 10,500 रुपये नकद, चांदी की चेन और मोबाइल फोन भी ले गए। किरन देवी का कहना है कि घटना के बाद डायल 112 और थाना पुलिस को सूचना दी गई, लेकिन उनके पति का मेडिकल परीक्षण नहीं कराया गया और न ही प्राथमिकी दर्ज हुई। उन्होंने निष्पक्ष जांच, आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और परिवार को सुरक्षा देने की मांग की है। ये सभी आरोप पीड़िता की शिकायत पर आधारित हैं।

खाद-बीज की किल्लत पर किसानों का धरना-प्रदर्शन

भाकियू टिकैत ने तहसील परिसर में उठाई किसानों की समस्याएं

जसवंतनगर, इटावा। खाद और बीज की कमी से परेशान किसानों ने भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों और कार्यकताओं के नेतृत्व में तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। धरने की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष अरुण कुमार गुड्डन ने की। प्रदर्शन के दौरान किसानों को खाद और बीज उपलब्ध न होने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। किसान नेताओं ने कहा कि समय पर खाद और बीज नहीं मिलने से खेती-किसानी का काम प्रभावित हो रहा है। किसानों को आवश्यक सामग्री के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से समस्या का जल्द समाधान कराने और पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज उपलब्ध कराने की मांग की। मांगें पूरी न होने पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू करने की चेतावनी भी दी। धरने में तहसील उपाध्यक्ष मनोज कुमार, मुख्तार सिंह, विनीत कुमार, अनिल कुमार सचिव, परवेश कुमार, तहसील प्रवक्ता रामनारायण, जिला महासचिव चंदजीत, जिला प्रवक्ता मुन्नेश सिंह, तहसील संरक्षक अनार सिंह, ब्लॉक संरक्षक मनमोहन सिंह, राय सिंह, मनोज यादव, शिवराज सिंह, ब्लॉक सचिव, पंकज यादव, होती लाल और राजेश्वर दयाल सहित भाकियू टिकैत के अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

विधिक जागरूकता शिविर में स्थायी लोक अदालत की जानकारी

मड़ौली में ग्रामीणों को मध्यस्थता और एडीआर केंद्र के बारे में बताया

अहेरीपुर, इटावा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के निर्देश पर तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इटावा के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश रजत सिंह जैन और सचिव आरती द्विवेदी के संयोजन में महेवा ब्लॉक के ग्राम मड़ौली में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इसमें प्राधिकरण के अधिकार मित्र अश्विनी त्रिपाठी ने स्थायी लोक अदालत, मध्यस्थता और एडीआर केंद्र के माध्यम से संचालित सुविधाओं की जानकारी दी। अश्विनी त्रिपाठी ने बताया कि इटावा न्यायालय सभागार में एडीआर केंद्र संचालित है। यहां स्थायी लोक अदालत और मध्यस्थता के माध्यम से बिजली बिल, पानी, नाली निर्माण तथा जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े मामलों का निस्तारण कराया जा सकता है। इन प्रक्रियाओं में वकील की फीस देने की आवश्यकता नहीं होती। उन्होंने प्राधिकरण की गतिविधियों, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 और 12 दिसंबर 2026 को इटावा न्यायालय सभागार में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी जानकारी दी। शिविर में संजीव कुशवाहा, विनय कुशवाहा, कल्लू कुशवाहा, सुनीता देवी, ओम कांति, राजकुमार, रतन कुशवाहा और बंटी कुशवाहा सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

किसानों को सिंचाई के लिए महज दो घंटे मिल रही बिजली

रबी की बुवाई और खेतों की तैयारी में आ रही परेशानी

किसानों ने 12 से 14 घंटे बिजली आपूर्ति की मांग की

अहेरीपुर, इटावा। स्थानीय कस्बे और आसपास के गांवों में विद्युत सिंचाई यंत्रों का उपयोग करने वाले किसानों को वर्तमान में मात्र दो से ढाई घंटे बिजली मिल पा रही है। इससे खेतों की सिंचाई में परेशानी हो रही है। किसानों का कहना है कि बिजली आपूर्ति दिन और रात के अलग-अलग समय में होने से सिंचाई की व्यवस्था करना मुश्किल हो रहा है। वर्तमान में रबी की फसलों की बुवाई का समय है। बाजरा और धान की कटाई के बाद खेतों की तैयारी की जा रही है। वहीं, पशुओं के हरे चारे के लिए बरसीम की बुवाई भी चल रही है। जिन किसानों ने बुवाई कर ली है, उन्हें फसलों की सिंचाई करनी पड़ रही है, लेकिन पर्याप्त बिजली न मिलने से काम प्रभावित हो रहा है। अहेरीपुर क्षेत्र के किसानों ने विद्युत वितरण उपखंड महेवा के जेई और इटावा के अवर अभियंता से समस्या का समाधान कराने की मांग की है। किसानों का कहना है कि घरेलू उपभोक्ताओं को 18 से 20 घंटे बिजली मिल रही है, जबकि सिंचाई के लिए किसानों को भी कम से कम 12 से 14 घंटे बिजली आपूर्ति दी जानी चाहिए।

दीपावली पर उज्ज्वला लाभार्थी महिलाओं को मुफ्त गैस रिफिल का तोहफा, खातों में पहुंचे 15.67 करोड़ रुपये





फिरोजाबाद। पालीवाल हॉल में आयोजित कार्यक्रम में सदर विधायक ने 13 महिलाओं को वितरित किए चेक, मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से भेजी सब्सिडी फिरोजाबाद। दीपावली पर उज्ज्वला योजना की लाभार्थी महिलाओं को प्रदेश सरकार ने मुफ्त गैस सिलेंडर रिफिल का उपहार दिया है। जनपद की 2,41,993 लाभार्थी महिलाओं के लिए 15 करोड़ 67 लाख 77 हजार 585 रुपये की सब्सिडी आवंटित की गई। मंगलवार को पालीवाल हॉल में आयोजित कार्यक्रम में सदर विधायक मनीष असीजा ने 13 लाभार्थी महिलाओं को चेक वितरित किए। कार्यक्रम में विधायक मनीष असीजा ने कहा कि सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण और आर्थिक स्वावलंबन के लिए लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सब्सिडी की धनराशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी जा रही है। उन्होंने शेष पात्र महिलाओं का सत्यापन कर योजना से जोड़ने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि जनपद के सभी 2.41 लाख से अधिक उज्ज्वला लाभार्थियों को योजना का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान सलोनी, नीरज देवी, तबस्सुम, शाहिदा, सुषमा, मीना, सायरा बानो सहित 13 महिलाओं को चेक प्रदान किए गए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, एसडीएम सदर सुदर्शन कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी स्वीटी सिंह सहित बड़ी संख्या में

प्रथम पृष्ठ के शेष

विधानसभा...

चुनावी जीत-हार पर निर्भर नहीं करता। सपा सभी सीटें जीत भी जाए, तब भी ईवीएम के खिलाफ रहेगी। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और जनता के मताधिकार की सुरक्षा बेहद जरूरी है।अखिलेश ने दालमंडी के उजाड़े गए व्यापारियों और मणिकर्णिका घाट की विरासत का मुद्दा उठाते हुए इसे विधानसभा चुनाव में प्रमुख मुद्दा बताया। दावा किया कि भाजपा 2027 में अपने 200 विधायकों के टिकट काटने जा रही है। उन्होंने योगी सरकार पर प्रशासन के जरिए सपा प्रत्याशी को हराने की कोशिश का आरोप भी लगाया। प्रधानमंत्री पर तंज कसते हुए कहा कि मां गंगा ने जिसे बुलाया था, उन्होंने ही मां गंगा को भुला दिया। बोले, भाजपा जाएगी तो बनारस मुस्कुराएगा।

सफल परीक्षण.

में तबाह करना। पहले एक लॉन्चर (एक टारगेट, अब एक लॉन्चर) दो टारगेट। तकनीकी रूप से साल्वो टेस्ट सबसे मुश्किल माना जाता है। दो मिसाइलों की एग्जॉस्ट प्लम एक-दूसरे को डिस्टर्ब करती है। छ्त्रछ्ह ने इसे कर दिखाया, इसका मतलब सिस्टम अब यूजर-रेडी है, सिर्फ लैब-रेडी नहीं। लागत और असर के रूप से एक प्रलय मिसाइल की कीमत ब्रह्मोस से 60त्न कम, लेकिन रनवे तबाह करने की क्षमता लगभग बराबर। इसलिए सेना इसे बड़ी संख्या में बॉर्डर पर तैनात कर सकती है-क्वांटिटी और क्वालिटी दोनों। सेना ने इसे खास तौर पर पश्चिमी और उत्तरी बॉर्डर के लिए मांगा था। डीएसी ने 120 मिसाइलों की खरीद को हरी झंडी दे दी है। आने वाले दिनों में इसे नई रॉकेट फोर्स में शामिल किया जाएगा, जिसका काम दुश्मन के एयरबेस, फ्यूल डिपो और कमांड सेंटर को पहले 30 मिनट में तबाह करना होगा।

प्रदर्शन स्थलपर...

कि जुलाई में कॉकरोच जनता पार्टी% (सीजेपी) को एक दिन के प्रदर्शन की अनुमति दी गई थी, लेकिन संगठन 17 दिनों तक वहां डटा रहा। इसके बाद बिना अनुमति संसद की ओर मार्च किया गया। उन्होंने कहा कि संसद देश की संप्रभुता का प्रतीक है और बिना अनुमति संसद या सुप्रीम कोर्ट तक मार्च कर प्रदर्शन करने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

नदियोंकी गाद...

उपयोग का अवसर मिलता है। उन्होंने गंगा के दोनों किनारों पर फोरलेन सड़क बनाने का भी आग्रह किया। मुख्यमंत्री के अनुसार, गाद निकासी से लगभग एक लाख एकड़ नई भूमि उपलब्ध होने की संभावना है। इसका उपयोग गंगा किनारे आवासीय कॉलोनियां विकसित करने में किया जा सकता है। राज्य में 80 हजार एकड़ भूमि पर 12 नए टाउनशिप, 10 हवाई अड्डे और 32 मेडिकल कॉलेज विकसित किए जा रहे हैं। इन परियोजनाओं में भी गाद का उपयोग किया जाएगा। बिहार में एनएचएआई की 58,340 करोड़ रुपये की लागत वाली 39 परियोजनाएं (1,561 किलोमीटर) निर्माणाधीन हैं, जबकि 1,85,200 करोड़ रुपये की लागत से 11 नई परियोजनाएं (1,982 किलोमीटर) प्रस्तावित हैं। इसके अलावा विभिन्न नदियों पर 29 नए पुल बनाए जा रहे हैं। समझौते के तहत एनएचएआई को जरूरत के अनुसार गाद उपलब्ध कराने के लिए बिहार सरकार नियमानुसार खनन लाइसेंस में सहयोग करेगी। इस अवसर पर बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सचिव वी. उमाशंकर और एनएचएआई अध्यक्ष संतोष कुमार यादव सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

दवाओं...

मंजूरी दी जाएगी। इस विस्तार से आयातकों को अपने विनिर्माण और वितरण केंद्रों के नजदीक ही सामान प्राप्त करने की सुविधा मिलेगी। इससे न केवल देश के भीतर परिवहन की दूरी और समय घटेगा, बल्कि लॉजिस्टिक्स का खर्च भी कम होगा। मंत्रालय ने इस ड्राफ्ट अधिसूचना पर आम जनता और हितधारकों से आपत्तियां व सुझाव मांगे हैं।

नेपाल...

पुलिस निरीक्षक मौसम तामांग ने बताया कि दुर्घटना के बाद हेलीकॉप्टरों में आग नहीं लगी। घायल यात्री को लुकला के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस की टीम घटनास्थल से जानकारी जुटा रही है और मामले की जांच कर रही है।

दीपावलीपर....

की। तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भावुक होकर बोले थे कि मां- बेटियां लकड़ी से खाना बनाने से कई प्रकार की बीमारियों से परेशान हैं, लेकिन निःशुल्क सिलेंडर कनेक्शन मिलने से उन्हें स्वस्थ रहने व जीवन स्तर सुधारने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने इस योजना में निशुल्क गैस कनेक्शन दिए हैं । एक सिलेंडर की रिफलिंग के लिए 938 रुपये 45 पैसे देने होते हैं और इसमें केंद्र सरकार 333 रुपये सब्सिडी देती है। इस प्रकार उपभोक्ता को 648 रुपये 55 पैसे अपनी जेब से देने पड़ते हैं, लेकिन उप्र सरकार द्वारा दीपावली पर्व पर प्रत्येक उपभोक्ता के लिए गैस सिलेंडर के लिए 648 रुपये 55 पैसे गैस कंपनियों को दिया जा चुका है। अब उपभोक्ता गैस एजेंसी से गैस लें और खुशी- खुशी त्योहार मनाएं और बचे हुए 650 रुपये से मिठाई व दिया खरीदें। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले किसान आत्महत्या करने के लिए मजबूर थे। उन्हें न तो समय से खाद मिलती थी और न बिजली। उपज का भी सही दाम नहीं मिलता था और वे कर्ज में डूबे रहते थे। आत्महत्या करने के लिए मजबूर थे लेकिन जबसे डबल इंजन की सरकार बनी है तब से किसान सम्मान निधि से लेकर कई प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उप्र में हाल ही में ओलावृष्टि, तूफान, बारिश व अन्य कारणों से क्षतिग्रस्त फसलों का किसानों को मुआवजा तो मिलेगा ही, राज्य सरकार उन्हें विशेष पैकेज देगी, जिससे लगभग 4 करोड परिवार लाभान्वित होंगे।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले कांग्रेस के शासनकाल में रिश्वतखोरी व भ्रष्टाचार के कारण लोग परेशान थे। उन्हें बुनियादी सुविधाएं नहीं मिलती थीं, लेकिन नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद सभी वर्गों के कल्याण की योजनाएं शुरु की गयीं। भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी बंद हुई तो आज भारत विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में विश्व बैंक की हाल की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में 40 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। यह डबल इंजन सरकार की उपलब्धि है। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2017 से पहले के उप्र की बिगड़ी कानून व्यवस्था की चर्चा करते हुए कहा कि तब कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज ही नहीं थी। लोगों को अपनी संपत्ति बचाने की चिंता रहती थी। बहू -बेटियां सूर्यास्त के बाद बाहर नहीं निकलती थी। उपद्रव और दंगा प्रदेश की पहचान थी, लेकिन वर्ष 2017 के बाद जब प्रदेश में डबल इंजन की सरकार आयी तो यहां अब बहू-बेटी को छेड़ने वालों को पता है कि उसका रास्ता सीधे जहुन्नम जाता है। अब महिलाएं नाइट ड्यूटी कर रही हैं। उन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए कई योजनाएं चल रही हैं और आगे भी उनके हर काम को सरकार हर स्तर पर मदद करने के लिए तैयार है। प्रदेश की आधी आबादी को आर्थिक और सामाजिक रूप से स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाना है तभी उप्र विकसित प्रदेश बनेगा और भारत विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मुफ्त राशन दिया जा रहा है। कोटेदारों का कमीशन बढ़ाया गया गया है। आंगनवाड़ी , रसोइया, होमगार्ड और चौकीदार समेत विभिन्न कार्यरत लोगों का मानदेय बढ़ाया गया है। गांवों में अन्नपूर्णा भवन बनाए जा रहे हैं। बड़ी संख्या में अटल आवासीय विद्यालय खोले गये हैं। अन्नपूर्णा भोजनालय स्थापित किये जा रहे हैं ताकि श्रमिकों को उनकी पसंद का भोजन मिल सके। इस अवसर पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, खाद्य मंत्री मनोज पांडेय ने भी सरकार की उपलब्धियां गिनायी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, विधान परिषद सदस्य लाल जी प्रसाद निर्मल, विधायक योगेश शुक्ला, ओपी श्रीवास्तव, जय देवी, महापौर सुषमा खर्कवाल समेत कई अधिकारी और बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे।

दिल्ली मुख्यालय...

का आदेश जारी किया है। आदेश के मुताबिक, निलंबन की अवधि के दौरान वशिष्ठ का मुख्यालय दिल्ली रहेगा और उन्हें सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना मुख्यालय छोड़ने की अनुमति नहीं होगी। यह मामला शाहदरा थाने में पुलिस और वकीलों के बीच विवाद से जुड़ा है। वकीलों के अनिश्चितकालीन हड़ताल का आह्वान करने के बाद, गांधीनगर उपमंडल के एसीपी वशिष्ठ और शाहदरा थाने के प्रभारी (एसएचओ) अरूण कुमार का तबादला कर दिया गया था। इसके बाद वकीलों ने अपनी हड़ताल वापस ले ली थी। दिल्ली की सभी जिला अदालतों के बार एसोसिएशन की समन्वय समिति के अनुसार, यह टकराव एक घटना के बाद शुरू हुआ था जिसमें वकील ललित बंसल को कथित हमले में सिर पर गंभीर चोट लगी थी, जिसके लिए शाहदरा थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले में नामज़द लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग को लेकर कई वकील 23 अक्टूबर की शाम थाने गए। समिति ने दावा किया कि एसीपी और एसएचओ ने उन्हें आश्वासन दिया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा जो उस वक्त थाने में ही मौजूद था। इसने कहा कि हालांकि, अगले दिन अधिवक्ताओं को पता चला कि आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है और उसे कथित तौर पर रिहा कर दिया गया है जिससे बार के सदस्यों के बीच गंभीर चिंता पैदा हो गई। समिति ने दावा किया कि जब वकील मामले से निपटने के संबंध में अपनी चिंता व्यक्त करने और जवाबदेही के लिए फिर से शाहदरा थाने गए, तो वकीलों और दो अधिकारियों के बीच हाथापाई हुई। वहीं, एसीपी और थानेदार के स्थानांतरण के विरोध में दिल्ली पुलिस के 150 कर्मी सोमवार को पुलिस मुख्यालय के बाहर जमा हो गए और प्रदर्शन करने लगे। इनमें महिला कर्मी भी शामिल थीं। हाथों में तख्तियां और पोस्टर लिए प्रदर्शन कर रहे पुलिसकर्मियों ने 'वर्दी का अपमान नहीं सहेंगे' जैसे नारे लगाए। उन्होंने एसीपी वशिष्ठ और कुमार की पुरानी तैनाती बहाल करने की मांग की। पुलिस के एक प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस आयुक्त अनुराग कुमार से मुलाकात की और पांच मांगें सौंपी, जिनमें शाहदरा थाने में हुई घटना में शामिल वकीलों के खिलाफ कार्रवाई और गुंडागर्दी करने वाले वकीलों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करना शामिल है। पुलिस आयुक्त अनुराग कुमार ने बार काउंसिल ऑफ दिल्ली और जिला अदालत बार एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ 30 अक्टूबर को एक बैठक की अध्यक्षता की, जिसके बाद एक संयुक्त समन्वय और शिकायत निवारण तंत्र स्थापित करने का निर्णय लिया गया। इस प्रदर्शन ने 2019 में हुए इसी तरह के एक विरोध प्रदर्शन की यादें ताजा कर दीं। उस समय वकीलों द्वारा पुलिसकर्मियों पर हमले किये जाने के बाद 2,000 से अधिक पुलिसकर्मी और उनके परिजन पुलिस मुख्यालय के बाहर जुटे थे। तब तीस हजारी अदालत में पार्किंग विवाद से जुड़ी घटना भी शामिल थी। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रभावित पुलिसकर्मियों को कानूनी और चिकित्सकीय सहायता देने का आश्वासन दिये जाने के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ था।

इंडियन फेस्टिवल ने तोड़े रिकॉर्ड

आगरा। अमेजन ने आज जारी अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल में कई उपलब्धियां हासिल करने की घोषणा की। इस शॉपिंग इवेंट ने ग्राहकों की बचत, शॉपिंग वॉल्यूम, सेलर की सफलता और डिलीवरी स्पीड के पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं जिसने अब तक 393 करोड़ से अधिक ग्राहकों की विजिट दर्ज की हैं। अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2026 ने लाखों ग्राहकों को ऐतिहासिक बचत प्रदान की है,। अमेजन इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट सौरभ श्रीवास्तव ने कहा देश भर के ग्राहकों को अपनी त्योहारी आकांक्षाओं को पूरा करने और विभिन्न प्रोडक्ट श्रेणियों स्मार्टफोन और स्मार्टवॉच से लेकर एथनिक वियर, फेस्टिव डेकोर, ब्यूटी प्रोडक्ट्स, रोजमर्रा की जरूरी चीजों और अन्य में अपग्रेड करने के लिए अमेजन.इन को चुनते देखना बेहद सुखद रहा है।

सितारों ने दर्शकों की उत्सकता बढ़ाई

आगरा। गौरव खन्ना और श्रद्धा आर्या के नए शो को लेकर दर्शकों का इंतजार अब खत्म होने वाला है! बालाजी टेलीफिल्म्स के ऑफिस में दोनों कलाकारों की झलक दिखाकर दर्शकों की उत्सुकता बढ़ाने के बाद, स्टार प्लस ने अपने बहुप्रतीक्षित शो दिल की बेवफाइयाँ की प्रीमियर डेट का ऐलान कर दिया है। एकता कपूर के बालाजी टेलीफिल्म्स द्वारा निर्मित इस रोमांटिक फैमिली ड्रामा में गौरव खन्ना और श्रद्धा आर्या पहली बार पर्दे पर एक साथ नजर आएंगे। दिल की बेवफाइयाँ का प्रीमियर 24 नवंबर को स्टार प्लस पर होगा। शो के लॉन्च को और भी खास बनाते हुए स्टार प्लस ने दिल की बेवफाइयाँ के नौ पोस्टर्स एक साथ जारी किए हैं।

कलाकारों के किरदार की सराहना

आगरा। वर्ष के सबसे बड़े त्यौहारों में से एक दिवाली की शुरूआत धनतेरस के साथ होती है। यह त्यौहार अपने साथ समृद्धि, नई शुरूआत और पुरानी परंपराओं की खुशियाँ लेकर आता है। त्यौहार की इसी रौनक के बीच, जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेस लिमिटेड के फ्री-टू-एयर हिंदी जनरल एंटरटेनमेंट चैनल अनमोल टीवी के पहले ओरिजिनल शो हमारी राधा में गिरधर का किरदार निभा रहे अक्षय म्हात्रे ने बताया कि उनके लिए धनतेरस क्यों खास हैं। हालाँकि, पर्दे पर गिरधर की जिंदगी में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। वह शनाया वैदेही नायर, के करीब आता जा रहा है। वह बदला लेने और गिरधर को वापस पाने की उम्मीद के साथ आगे बढ़ रही है।

आदिवासी और पिछड़ों को डिजिटल से जोड़ा

आगरा। नैसकॉम फाउंडेशन और इसरा ने सिस्को के इंडिया कैश ग्रांट प्रोग्राम के सहयोग से लखनऊ में एक्सेस टू एम्पावरमेंट स्ट्रेंथनिंग डिजिटल इंक्लूजन एंड ई-गवर्नेंस फॉर ट्राइबल एंड मार्जिनलाइज्ड कम्युनिटीज विषय पर एक राज्य स्तरीय चर्चा का आयोजन किया। एक्सेस टू एम्पावरमेंट, ई-गवर्नेंस पहल के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का मकसद राज्य भर के पिछड़े समुदायों के लिए डिजिटल समावेशन को बढ़ावा देना और उनके लिए डिजिटल जन सेवाओं व सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तक पहुंच को आसान बनाना है। इस चर्चा ने सभी हितधारकों को एक ऐसा मंच दिया जहां (उत्तर प्रदेश) के मौजूदा ई-गवर्नेंस सिस्टम पर बात की जा सके।

ग्राहक संपर्क केंद्रों का आंकड़ा पार किया

आगरा। स्कोडा ऑटो इंडिया ने देशभर में अपने नेटवर्क का विस्तार करते हुए 193 शहरों में 350 से अधिक ग्राहक संपर्क केंद्र स्थापित किए हैं, जिससे ग्राहकों के लिए इसके उत्पादों और वाहन स्वामित्व संबंधी सेवाओं तक पहुँच और आसान हुई है। 30 अक्टूबर, 2026 को इम्फाल में अपने 350वें ग्राहक संपर्क केंद्र का उद्घाटन करके ब्रांड ने यह उपलब्धि हासिल की है। इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड निदेशक आशीष गुप्ता ने कहा, 193 शहरों में 350 से अधिक ग्राहक संपर्क केंद्रों का आंकड़ा पार करना पूरे भारत में ग्राहकों के लिए स्कोडा को और करीब लाने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है।,

मलपुरा में पटाखों के अवैध भंडारण पर पुलिस का छापा

दो दुकानदार गिरफ्तार, 9 बोरे पटाखे बरामद किये



आगरा। दीपावली पर शहर से देहात तक अवैध रूप से पटाखों की बिक्री की जा रही है। इसी कडी में थाना मलपुरा पुलिस ने कार्यवाही करते हुए पटाखों का अवैध भंडारण करने पर दो दुकानदारों को गिरफ्तार कर लिया, जिनके कब्जे से 9 बोर पटाखे बरामद किये है, जिन्हें बगैर लाइसेंस के चोरी-छिपे रखा था। पुलिस की कार्यवाही से इलाके में हडकंप मच गया।

थाना मलपुरा क्षेत्र में पुलिस ने अवैध रूप से पटाखों की बिक्री और भंडारण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो दुकानदारों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों दुकानों से नौ प्लास्टिक के बोरों में भरे मिश्रित पटाखे बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक थाना मलपुरा पुलिस टीम चेकिंग और गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि विकास नगर धनौली स्थित दो अलग-अलग दुकानों में काफी मात्रा में पटाखे रखे गए हैं और उनकी बिक्री की जा रही है। सूचना पर पुलिस टीम ने घनश्याम जनरल स्टोर और कोमल जनरल स्टोर पर कार्रवाई की। पुलिस ने दोनों दुकानों से नौ प्लास्टिक के बोरे मिश्रित पटाखे बरामद करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार बरामद पटाखे तेज ध्वनि और प्रदूषण फैलाने वाले बताए गए हैं।

मेट्रो का सफल परीक्षण 80 किलोमीटर की रफ्तार से दौड़ाई

आगरा। मेट्रो विस्तार की दिशा में उड़ान भर रही है। आगरा मेट्रो के द्वितीय कॉरिडोर पर यात्री सेवाएं शुरू करने की तैयारी के बीच परीक्षण सफल रहा। मेट्रो 959 यात्रियों के बराबर भार लेकर 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से इधर से उधर दौडती रही। यूपीएमआरसी द्वारा यह ट्रायल डिपो के एंट्री रैप से सदर बाजार मेट्रो स्टेशन के बीच किया गया। द्वितीय कॉरिडोर आगरा कैंट से कालिंदी बिहार तक प्रस्तावित है। इस पर आगरा कैंट, सदर बाजार, प्रतापपुरा और कलेक्ट्रेट स्टेशनों पर निर्माण कार्य तेजी से जारी है।

आवश्यकता है

आगरा में एम.जी. रोड सेंट जोन्स डिग्री कॉलेज क्रासिंग के पास एक अकाउंटेंट की फुल टाइम और पार्ट टाइम करना चाहे तो संपर्क करें - 9412253502

पुलिसकर्मियों ने सरकारी जमीन पर किया कब्जा

एत्माद्दौला थाने के समीप सरकारी भूमि पर बनाये मकान, राजस्व विभाग की जांच में मामला सामने आया, करोड़ों की जमींन

आगरा। थाना एत्माद्दौला के बराबर सरकार की वेशकीमती बंजर भूमि वर्षो से पडी है। यहां से लोगों ने शार्ट-कट रास्ता बना लिया है, साथ ही तमाम झौंपड-पट्टी वालों ने जमीन को कब्जा लिया है, इतना ही नहीं थाने की तीन पुलिसकर्मियों ने तो सरकारी जमीन पर अवैध मकान बना लिये है, जिसका का खुलासा राजस्व विभाग की जांच में सामने आया है। मामले की शिकायत मिलने पर एसडीएम सदर ने विगत 24 अक्तूबर को जांच के आदेश दिये थे, राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची थी, लेखपाल एवं नजूल मुहर्रिर ने पुलिस को तहरीर दी किन्तु आज तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई है, चूंकि मामला पुलिसकर्मियों से जुडा है इसलिए थाना पुलिस भी मामले को रफा-दफा करने मे जुटी है, सरकारी जमीन की कीमत पचास करोड से अधिक की बताई गयी है, जिस पर तमाम अवैध कब्जे हो रहे है, इसके अलावा क्षेत्र में अन्य जगहों पर भी अवैध रूप से सरकारी जमीन पर कब्जे कर लिये है किन्तु विभागीय अधिकारी मूकदर्शक बने हुए है। आम आदमी यदि अवैध कब्जा कर ले तो पुलिस तत्काल कार्यवाही करती है, लेकिन जब मामला विभाग से सम्बधित होता है तो पुलिस बैकफुट पर चली जाती है, यही कारण है कि सरकार की वेशकीमती जमीनों पर लोगों ने अवैध रूप से कब्जे कर लिये हैं, नगर निगम ने कई जगह अपनी जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त करा लिया है, किन्तु इस वेशकीमती जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त नहीं कराया गया है, जिससे लोगों के हौसले बुलंद है।

चित्रकला में हेमलता यादव ने नाम रोशन किया

नई दिल्ली में प्रदर्शनी का आयोजन



आगरा/नई दिल्ली। नई दिल्ली स्थित एआईएफएसीएम गैलरी-बी, में विगत तीस अक्तूबर को चार कलाकारों हेमलता यादव, प्रदीप हलदर, महेश कुमार एवं नविल किशोर की सामूहिक कला प्रदर्शनी अंतर्दृष्टि-द, विजन विदिन, का भव्य शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह में पद्मश्री से सम्मानित एवं आयोडीन मैन ऑफ इंडिया, डॉ. चंद्रकांता संभाजी पांडव, चित्रकला में डी, लिट प्राप्त करने वाली विश्व की प्रथम महिला डॉ, चित्रलेखा.सिंह तथा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक डॉ. आशुतोष पाणिग्रही की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर बी.के. शर्मा, रूप चंद सहित कला जगत की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियों ने भी अपनी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाई। प्रदर्शनी में चारों कलाकारों की कलाकृतियों के माध्यम से विविध कलात्मक दृष्टिकोण, भावनाओं और अभिव्यक्तियों को प्रस्तुत किया गया है। आयोजक एवं कलाकार हेमलता यादव ने इस अवसर पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस आयोजन को साकार करने में पूरी टीम के सामूहिक प्रयासों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। यह प्रदर्शनी 5 नवंबर तक प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से सायं 7 बजे तक एआईएफएसीएस गैलरी-बी, 1 रफी मार्ग,

कार्तिक पूर्णिमा का मुख्य स्नान 24 नवंबर को

बटेश्वर में उमड़ेगा श्रद्धा का सैलाव



आगरा। जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मेला श्री बटेश्वरनाथ 11 से 28 नवंबर के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम बाह एवं एसीपी बाह तथा पीडब्ल्यूडी एवं जिला पंचायत के संबंधित अधिकारियों को सभी रूटों का मौके पर निरीक्षण कर मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्य, तथा पुलिस विभाग को निर्देशित किया कि सुगम आवागमन हेतु ट्रैफिक प्लान तथा वीआईपी रूट का निर्धारण करें, जिससे आम जनमानस को कोई परेशानी नहीं हो। उन्होंने एडी विद्युत तथा सीएफओ को विद्युत एवं फायर संबंधी ऑडिट कर इनकी रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। बताया गया है कि कार्तिक पूर्णिमा का मुख्य स्नान 24 नवंबर को होगा। मेला स्थल तक संपर्क मार्गों की मरम्मत एवं अनुरक्षण तथा जिला पंचायत द्वारा परिक्रमा मार्ग, वीआईपी मार्ग, खांद चौराहा मार्ग, टीका मार्ग, ग्राम मई, शौरीपुर मंदिर एवं राजमाता मंदिर मार्ग सहित अन्य मार्गों की मरम्मत, झाड़ियों की कटाई तथा मिट्टी द्वारा अनुरक्षण का कार्य संपन्न कराया जाएगा।

आयुष्मान कार्ड निर्माण में तेजी लाने के दिए निर्देश



आगरा। जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने विगत बैठक की अनुपालन आख्या तलब करते हुए संबंधित अधिकारियों को लंबित कार्यों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने तथा स्वास्थ्य सेवाओं में प्रभावी सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जननी सुरक्षा योजना के मंत्रा पोर्टल पर लाभार्थियों के भुगतान की स्थिति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन स्वास्थ्य केंद्रों का भुगतान प्रदर्शन 90 प्रतिशत से कम है, उनके संबंधित अधिकारियों को शो-कॉज नोटिस जारी कर आवश्यक कार्यवाही की जाए। उन्होंने एसएनएमसी, जिला महिला चिकित्सालय एवं फतेहाबाद के प्रभारियों को शो-कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने पंजीकरण, सत्यापन एवं भुगतान की प्रक्रिया में तेजी लाते हुए पात्र लाभार्थियों का भुगतान समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करने तथा पोर्टल पर सही एवं अद्यतन डेटा दर्ज करने के निर्देश दिए। बैठक में अनुपस्थित यूपीएचसी नरीपुरा, मोतीमहल, लोहामंडी-2, छत्ता, हरिपर्वत वेस्ट-2, नगला बूढ़ी एवं सेवला के प्रभारी तथा संबंधित नोडल प्रभारियों को शो-कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की समीक्षा में जिलाधिकारी ने पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए।

दीपावली पर आज से ट्रैफिक डायवर्जन प्लान लागू

आगरा। दीपावली के पावन अवसर पर ट्रैफिक नियंत्रण के लिए चार दिन को ट्रैफिक डायवर्जन प्लान लागू किया गया है। धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन, भैया दूज और छट पूजा एवं कार्तिक पूर्णिमा के त्यौहारों को लेकर यह व्यवस्था की गई है। बढती भीड और बाजारों में वाहनों के दबाव को देखते हुए ट्रैफिक प्लान चार नवंबर से लागू किया गया है। सूरसदन से भगवान टॉकी जाने वाली इलेक्ट्रानिक्स सिटी बसें सूरसदन तिराहा से बजीरपुरा, पालीवाल पार्क, विजय पुलिस चौकी होते हुए सुल्तानगंज की पुलिया से जाएंगी। भगवान टॉकीज से सूरसदन की ओर आने वाली बसें सुल्तानगंज की पुलिया चौराहा, विजय नगर पुलिस चौकी, पालीवाल पार्क गेट से कॉसमॉस मॉल तिराहा से गुजरेंगी। सूरसदन से दीवानी गोल चक्कर के बीच वाहनो का आवागमन रोक-रोक कर चलाया जाएगा। पुरान शहर शाहगंज, कश्मीरी बाजार, सुभाष बाजार पुलिस चौकी, चिम्मन पूडी तिराहा, मदीना होटल तिराहा से सुभाष बाजार, लुहार गली, रावतपाडा, सेठ गली, जौहरी बाजार नमक की मंडी होकर फुब्बारा चौराहा के बीच सभी प्रकार के वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। खरीदार अपने वाहन फोर्ट स्टेशन पार्किंग में पार्क कर पैदल जा सकेंगे। पीपल मंडी तिराहा से रावतपाडा तिराहा, व्यास मेडिकल स्टोर, सिंधी बाजार, पीपल गेट होते हुए फुब्बारा और चर्च गेट हॉस्पीटल रोड तिराहा से फुब्बारा की ओर सभी वाहन प्रतिबंधित रहेगे। इसी तरह शाहगज समेत अन्य जगहों पर भी रूट डायवर्जन किया गया है, जिससे लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पडे।

चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

फतेहपुर सीकरी। अनाज मंडी से बाजरा बेचकर घर लौट रहे एक किसान की जेब से 34,160 रुपये चोरी करने के मामले में फतेहपुर सीकरी पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 9,400 रुपये बरामद किए हैं। बताया गया है कि 12 अक्टूबर को एक व्यक्ति बाजरा बेचने के लिए फतेहपुर सीकरी की अनाज मंडी आया था। बाजरा बेचने के बाद मिले 34,160 रुपये उसने अपनी जेब में रख लिए। मंडी से शहर की ओर जाते समय वाइक सवार दो व्यक्ति उसके पास पहुंचे और उसे फतेहपुर सीकरी छोड़ने की बात कहकर अपने साथ बैठा लिया। आरोप है कि कुछ दूर चलने के बाद दोनों ने उसे भरतपुर-आगरा रोड पर उतार दिया और किरावली की ओर चले गए। पुलिस ने शातिर को दबोच लिया।

त्योहारी सीजन में सैंपलिंग की आड़ में व्यापारियों का उत्पीड़न न करे अधिकारी



आगरा। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल द्वारा त्योहारों के इस पावन सीजन में व्यापारियों के सामने आ रही समस्याओं के विरोध में एक ज्ञापन खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन अधिकारी ग्रेड-2 महेंद्र श्रीवास्तव को सौंपा। महानगर अध्यक्ष नरेश पाण्डेय ने कहा कि आगामी दिनों में दीपावली, छठ पूजा और देवउठान जैसे अन्य मुख्य त्योहार आने वाले हैं परंतु अत्यंत खेद का विषय है कि त्योहारों की आड़ में खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी व कर्मचारी चेकिंग और सैंपल लेने के नाम पर बाजारों में आतंक और भय का माहौल बना रहे हैं। ये अधिकारी बिना किसी पुख्ता शिकायत या आधार के सीधे दुकानों पर छापेमारी कर रहे हैं, जिससे बाजारों में व्यापारी के प्रति ग्राहकों के बीच गलत संदेश जा रहा है और इससे व्यापार बहुत बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। कोषाध्यक्ष सुरेश लवानिया ने कहा कि चेकिंग और सैंपल फेल होने की धमकी देकर छोटे दुकानदारों जैसे डेयरी, मिठाई विक्रेता, किराना व्यापारी आदि को डराया जा रहा है। यह समय साल भर मंदी की मार झेल रहे छोटे-बड़े व्यापारियों के लिए व्यापार का मुख्य समय होता है यदि किसी वस्तु का सैंपल लिया भी जाता है, तो उसकी प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होनी चाहिए और उसकी रसीद व सील दुकानदार के सामने नियमानुसार की जानी चाहिए।

ग्रीन गैस पाइपलाइन के नाम पर बार-बार साइबर ठगी

खाते से 7.99 लाख रुपये उड़ाये

आगरा। ग्रीन गैस पाइपलाइन का काम कराने के नाम पर साइबर ठगों ने एक परिवार को अपना शिकार बना लिया। ठगों ने पहले परिवार के लोगों को फोन कर पाइपलाइन से संबंधित काम का झांसा दिया और फिर मोबाइल पर एक संदिग्ध व्हाट्स फाइल भेजकर उसे डाउनलोड करा लिया। आरोप है कि फाइल डाउनलोड करते ही साइबर अपराधियों ने पीड़ित के बैंक खाते तक पहुंच बना ली और चार बार में 7,99,544 रुपये निकाल लिए। ठगी की रकम पीड़ित के पिता की एफडी से संबंधित थी। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित अमन लालवानी ने बताया कि उनके परिवार के पास ग्रीन गैस पाइपलाइन से संबंधित काम के नाम पर फोन आया था। फोन करने वाले ने पाइपलाइन के काम का हवाला देकर परिवार को अपने विश्वास में लिया। इसी दौरान मोबाइल पर एक फाइल भेजी गई और उसे डाउनलोड करने के लिए कहा गया। पीड़ित के अनुसार, परिवार को इस बात का अंदाजा नहीं था कि भेजी गई फाइल साइबर ठगी का माध्यम हो सकती है। फाइल डाउनलोड होने के बाद साइबर अपराधियों ने कथित तौर पर मोबाइल और बैंकिंग से जुड़ी जानकारी तक पहुंच बना ली। आरोप है कि 15 सितंबर को पीड़ित के बैंक खाते से चार अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 7,99,544 रुपये निकाल लिए गए। खाते से रकम निकलने की जानकारी मिलने पर परिवार के होश उड़ गए। जांच करने पर पता चला कि बैंक खाते से बड़ी रकम साइबर अपराधियों ने निकाल ली है। पीड़ित ने बताया कि ठगी गई रकम उनके पिता की एफडी से संबंधित थी। परिवार ने इस रकम को सुरक्षित रखने के लिए बैंक में जमा किया था, लेकिन साइबर ठगों ने कथित तौर पर तकनीकी धोखाधड़ी के जरिए पूरी रकम पर हाथ साफ कर दिया।

किसानों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं होगा, शिकायतें मुख्यमंत्री तक पहुंचाएंगे

- सर्किट हाउस में किसान समस्याओं पर बैठक, कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य ने दिए कार्रवाई के निर्देश



आगरा। किसानों की समस्याओं के समाधान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जरूरत पड़ी तो किसानों की शिकायतें मुख्यमंत्री तक पहुंचाई जाएंगी। यह बात कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य ने मंगलवार को सर्किट हाउस में किसान समस्याओं को लेकर आयोजित बैठक में कही। बैठक में भूमि अधिग्रहण, गौशाला निर्माण, आलू भंडारण अनुदान, डीएपी खाद वितरण और नहरों की सफाई के मुद्दे उठे। मंत्री ने अधिकारियों को समस्याओं के समाधान और दोषियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए।

किसान नेता श्याम सिंह चाहर ने इनर रिंग रोड के तीसरे चरण में रोहता से जखोड़ा तक भूमि अधिग्रहण का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2008-09 में अधिग्रहित जमीन का 17 साल बाद भी मुआवजा नहीं मिला है। मांग की कि 30 मीटर सड़क बनाने के बाद शेष 70 मीटर जमीन किसानों को वापस की जाए। मंत्री और अधिकारियों ने नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया।

किसान नेता मुकेश पाठक ने अछनेरा और कुरा चित्ररपुर सहित कई स्थानों पर अधूरी गौशालाओं को विभाग के कब्जे में लेने का आरोप लगाया। उन्होंने तीन करोड़ 20 लाख रुपये के निर्माण कार्यों में अनियमितताओं की जांच की मांग की। मंत्री ने जिलाधिकारी को दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। आलू उत्पादक किसान नेता लक्ष्मी नारायण बघेल ने शीतगृह किराये में राहत के लिए जारी 10 करोड़ रुपये के अनुदान का लाभ किसानों को नहीं मिलने की शिकायत की।

मंत्री ने संबंधित कर्मचारी रामू को बुलाकर नाराजगी जताई और किसानों को 100 रुपये प्रति क्विंटल का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। ककुआ समिति के अध्यक्ष विष्णु चौधरी ने खेड़ा पंचगाई उपकेंद्र पर डीएपी खाद नहीं पहुंचने का मुद्दा उठाया। मंत्री ने डीआर आदित्य कुमार और एआर सतीश कुमार को फटकार लगाते हुए तत्काल खाद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 1350 रुपये प्रति बोरी से अधिक कीमत पर खाद बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। किसान नेता लाखन सिंह त्यागी की शिकायत पर जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी को अधिक कीमत पर खाद बेचने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। किसान नेता सोमवीर यादव ने नहरों की सफाई में लापरवाही और टीटीएसपी से छोड़े जा रहे दूषित पानी का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि दूषित पानी से फसलें खराब हो रही हैं। मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी मनीष बंसल, मुख्य विकास अधिकारी, एडीएम प्रशासन बैजनाथ सिंह, एसडीएम सदर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। किसान नेता श्याम सिंह चाहर, सोमवीर यादव, नरेंद्र सिंह, महावीर चाहर, लक्ष्मी नारायण बघेल, मुकेश पाठक, लाखन सिंह त्यागी और विष्णु चौधरी सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

स्वामी ज्ञानमंडल प्राईवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामअवतार यादव द्वारा आज यंत्रालय १/३ बी.महात्मा गांधी मार्ग आगरा से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक
शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक
आर.वी.सिंह यादव
स्वत्वाधिकारी ज्ञान मण्डल प्राईवेट लिमिटेड

वाराणसी- संत कबीर मार्ग
गोरखपुर- बैंक रोड
इलाहाबाद- ३ लीडर रोड
कानपुर- बांसमंडी
लखनऊ- १, जापलिंग रोड
बरेली- परसाखेड़ा इन्डस्ट्रियल एरिया
पटना- फ्रेजर रोड
रांची - नामकुम इन्डस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर-न्यूकालीमाटीरोड साकची
धनबाद-कतरास रोड

वर्ष ३६ पूर्णांक संख्या १३९६४
रजिस्ट्रेशन संख्या - ४६१४२/८७
विज्ञापन फोन नं.- ०५६२२५२१५१६
सम्पादकीय-०५६२२८५३२२२,०५६२४३१५२३१
ajagra@rediffmail.com
ajagra1@gmail.com
ajagraeditor@gmail.com

पोस्टल रजिस्ट्रेशन संख्या - एल.जी. ५०५
पी.आर.वी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद आगरा न्यायालय के अधीन होंगे।

उपभोक्ता फोरम का बड़ा फैसला

सहारा और हमारा इंडिया को 4.31 लाख रुपये ब्याज सहित लौटाने का आदेश

आगरा। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, प्रथम, आगरा ने एक महत्वपूर्ण फैसले में सहारा क्यू शॉप यूनिक प्रोडक्ट रेंज लिमिटेड और हमारा इंडिया क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड को सेवा में कमी और अनुचित व्यापारिक व्यवहार का दोषी ठहराया है। आयोग ने परिवादिनी को उनकी परिपक्वता राशि 4,31,746ः- रुपये मय ब्याज वापस करने का सख्त आदेश दिया है। यह मामला आगरा के न्यू आगरा क्षेत्र की निवासी श्रीमती स्मृति सिंह द्वारा अपने अधिवक्ता जसमीत सिंह आहूजा के माध्यम से दायर किया गया था। छह साल बाद परिपक्वता राशि का भुगतान करने के बजाय, कम्पनी ने दिवालिया होने की बात कहकर निवेशित राशि को हमारा इंडिया क्रेडिट कोआपरेटिव सोसायटी लिमिटेड के नाम पर नए सर्टिफिकेट में परिवर्तित कर दिया इसके तहत 13 नवंबर 2021 को नए प्रमाणपत्र जारी किए गए और दो वर्ष बाद 13 नवंबर 2023 तक कुल 4,31,746 रुपये के भुगतान का लिखित वादा किया गया। लेकिन निर्धारित तिथि के बाद कई बार संपर्क करने पर भी परिवादिनी को कोई भुगतान नहीं किया गया। नोटिस तामील होने के बावजूद प्रतिपक्षी कंपनियों की ओर से कोई भी प्रतिनिधि या जवाब आयोग के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया, जिसके बाद आयोग ने एकपक्षीय सुनवाई करते हुए परिवादिनी के पक्ष में अपना फैसला सुनाया। आयोग के अध्यक्ष सर्वेश कुमार और सदस्य राजीव सिंह ने 22 अक्टूबर 2026 को दिए गए अपने निर्णय में आदेश दिया कि कंपनियां 45 दिन के भीतर परिपक्वता राशि 4,31,746ः- रुपये का भुगतान परिवादिनी को करें। इस राशि पर 13 नवंबर 2023 से 6 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज भी देय होगा। आयोग ने परिवादिनी को हुई मानसिक पीड़ा के लिए 10,000 रुपये और वाद व्यय (कानूनी खर्च) के रूप में 5,000 रुपये की अतिरिक्त धनराशि देने का भी आदेश दिया है। फैसले में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि प्रतिपक्षी कंपनियां 45 दिन के भीतर संपूर्ण धनराशि का भुगतान करने में चूक करती हैं, तो उन्हें 13 नवंबर 2023 से वास्तविक भुगतान की तिथि तक 6 प्रतिशत के बजाय 9 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज की दर से भुगतान करना होगा।

राम-भरत मिलन का भावुक मंचन, श्रद्धालुओं की आंखें नम

भोगांव में राम जानकी मंदिर के पास हुआ भरत मिलाप

जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा मुख्य बाजार

भोगांव, मैनपुरी। नगर के मुख्य बाजार स्थित राम जानकी मंदिर के समीप श्रीरामलीला कमेटी के तत्वावधान में भरत मिलाप कार्यक्रम श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इसमें लंका विजय के बाद भगवान श्रीराम के अयोध्या लौटने और भाई भरत से मिलन के प्रसंग का भावपूर्ण मंचन किया गया। 14 वर्ष के वनवास के बाद प्रभु श्रीराम और भरत के मिलन का दृश्य देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। दोनों भाइयों के स्नेह और समर्पण के मंचन के दौरान कई श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। कार्यक्रम स्थल जय श्रीराम और श्रीराम-भरत जी महाराज की जय के उद्घोष से गूंज उठा। कार्यक्रम में धार्मिक परंपराओं और वैदिक विधि-विधान के साथ आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने आरती उतारकर प्रभु का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर कमेटी अध्यक्ष बृज किशोर कठेरिया, सुरेन्द्र बाबू शुक्ला, महामंत्री नृपेंद्र शर्मा, मुकेश अग्निहोत्री, संजय सनातनी, पंडित देवेंद्र दीक्षित, आशीष पाठक, राजेंद्र मिश्रा, सुनील दत्त दुबे, प्रदीप दत्त दुबे और अमित शर्मा सहित नगर व ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालु मौजूद रहे।

जमीन के बंटवारे को लेकर मारपीट, डंडे से हमला

- **तुलजापुर में गाली-गलौज के बाद हाथापाई का आरोप**
- **पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई मांगी**

भोगांव, मैनपुरी। थाना क्षेत्र के तुलजापुर गांव में जमीन के बटवारे को लेकर विवाद के बाद एक व्यक्ति के साथ मारपीट और गाली-गलौज किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाना भोगांव में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। तुलजापुर निवासी अतुल कुमार पुत्र रामदीन ने तहरीर में बताया कि 3 नवंबर 2026 को सुबह करीब 11 बजे वह अपने घर पर मौजूद थे। इसी दौरान सत्यपाल पुत्र रामदीन निवासी तुलजापुर वहां पहुंचा और संपत्ति के बंटवारे को लेकर गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने हाथ-थप्पड़ और डंडे से मारपीट की, जिससे उन्हें चोटें आईं। पीड़ित के अनुसार, शोर सुनकर परिवार के सदस्य और गांव के अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। उन्हें देखकर आरोपी गाली-गलौज करते हुए फरार हो गया। अतुल कुमार ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर उचित कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

तहसीलदार ने नगर पंचायत की सड़कों का किया औचक निरीक्षण

भोगांव, मैनपुरी। मंगलवार शाम तहसीलदार घासीराम ने नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक अमित कुमार मिश्रा के साथ नगर पंचायत की ओर से बनवाई गई आधा दर्जन से अधिक सड़कों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सड़कों की गुणवत्ता और अभिलेखों में दर्ज लंबाई व स्थान का मिलान किया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार ने भीमनगर, आदर्शनगर, जगतनगर सहित कई मोहल्लों में बनी आरसीसी सड़कों का जायजा लिया। मौके पर मौजूद मोहल्लेवासियों से भी सड़कों के संबंध में जानकारी ली। स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत अध्यक्ष नेहा तिवारी और उनके प्रतिनिधि आशीष तिवारी द्वारा कराए गए विकास कार्यों की सराहना की। इसके बाद तहसीलदार घासीराम ने गांधीनगर में कुछ स्थानों पर कचरा पड़ा देखकर उसे तत्काल हटवाने और सफाई कराने के निर्देश दिए।

उत्तर मध्य रेलवे

संख्याः म.रे.प्र./वा./आगरा/खा.पा./ई-नीलामी/26 दिनांकः 29.10.2026

ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिये वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे - आगरा द्वारा आगरा मण्डल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों के प्लेटफार्म पर 07 खानपान स्टॉल को लगाने एवं पाँच वर्ष तक संचालन हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती हैः-

Category: Catering Stalls | Auction Catalogue No.: AGRA-CATG-26-07

Name of Station	Category	Station Code	Total No. of Stalls	Auction Starting Time
मथुरा जं.	A-1	MTJ	03	Date 13.11.2026 Time 12.00 Hrs.
आगरा छावनी	A-1	AGC	01	
ईदगाह	D	IDH	02	
पथोली	E	PTLI	01	

नोटः- इच्छुक बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे ई-नीलामी सम्बन्धित अधिक जानकारी एवं निविदा हेतु IREPS website (www.ireps.gov.in) के e-Auction Leasing Module पर जाकर बोली लगा सकते हैं। 2487/26(A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना संख्याः 2026-अक्टूबर-07 दिनांक 29.10.2026

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

मंडल रल प्रबन्धक / इंजीनियरिंग /उत्तर मध्य रेल आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से नीचे दिये गये कार्यों के लिये 'खुली निविदा' ई-टेण्डरिंग केवल ऑनलाइन के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं।

क्रम. सं.: 1 निविदा संख्याः 2026-अक्टूबर-07-01, कार्य का विवरणः मथुरा-अलवर खण्ड में पुलों के चैनल स्लीपरों को एच-बीम स्लीपरों से बदलने का कार्य।
अनुमानित लागत (₹): ₹ 88,34,374.03

क्रम. सं.: 2 निविदा संख्याः 2026-अक्टूबर-07-02, कार्य का विवरणः बहुमंजिला रनिंग रूम नई दिल्ली रेलवे स्टेशन में मौजूदा डॉरमेट्री कमरों से भीड़ कम करने के लिए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 50 कमरे (100 बेड) का प्रावधान (संयुक्त कार्य-सिविल + इलेक्ट्रिकल।
अनुमानित लागत (₹): ₹ 8,77,39,635.22

नोटः (1) निविदा को प्रस्तुत करने एवं निविदा के बारे में पूरी जानकारी के लिए भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। (2) निविदायें केवल बेवपोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से दिनांक 20.11.2026 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती हैं। 2504/26 (MG)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

जनशिकायतों के निस्तारण में मैनपुरी को प्रदेश में चौथी रैंक

आईजीआरएस पोर्टल पर बेहतर प्रदर्शन के लिए डीएम ने टीम को सराहा

मैनपुरी। जनसुनवाई आईजीआरएस पोर्टल पर जनशिकायतों के निस्तारण में मैनपुरी ने प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त किया है। जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण आगे भी प्राथमिकता रहे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अपने विभाग से जुड़ी शिकायतों का स्वयं संज्ञान लेकर फरियादियों को राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। डीएम ने बताया कि शिकायतों के निस्तारण की नियमित समीक्षा, गुणवत्ता की जांच और शिकायतकताओं से फीडबैक लेने के कारण जिले की रैंकिंग में सुधार हुआ है। आईजीआरएस और हेल्पलाइन पर कोई शिकायत डिफॉल्टर श्रेणी में नहीं रही तथा किसी प्रार्थना पत्र पर सी-श्रेणी प्राप्त नहीं हुई। मुख्यमंत्री संदर्भ, जिलाधिकारी संदर्भ, संपूर्ण समाधान दिवस, ऑनलाइन संदर्भ, पीजी पोर्टल, शासन, राजस्व परिषद, निदेशालय और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में विभागों ने बेहतर काम किया है। जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को खंड शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से सभी विद्यालयों का निरीक्षण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ऑपरेशन कायाकल्प के तहत पूरे हुए कार्यों और विद्यालयों में मौजूद मूलभूत सुविधाओं की कमी की रिपोर्ट डिजिटल डायरी के रूप में प्रस्तुत करने को कहा, ताकि कमियों को तत्काल दूर कराया जा सके। सड़कों पर निराश्रित गोवंशों के विचरण की शिकायतों पर नाराजगी जताते हुए डीएम ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों और पशु चिकित्साधिकारियों को गोवंशों को तत्काल पकड़कर गोशालाओं में संरक्षित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी मार्ग पर निराश्रित गोवंश मिलने या उनसे दुर्घटना होने पर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

घर में घुसकर दंपती से मारपीट, तमंचे से धमकाने का आरोप

पुरानी रंजिश में छह लोगों पर हमला करने का आरोप

भोगांव, मैनपुरी। थाना क्षेत्र के उस्मानपुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर घर में घुसकर महिला और उसके पति के साथ मारपीट करने तथा तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है।

पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उस्मानपुर, पोस्ट ब्योंती खुर्द निवासी सपना राजपूत पत्नी शैलेश कुमार ने तहरीर में बताया कि 2 नवंबर 2026 को शाम करीब छह बजे वह घर पर थीं। आरोप है कि इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले रामनारायण पुत्र झम्मन लाल, चमन प्रकाश, राम लखन पुत्रगण रामनारायण, रामसहेली पत्नी रामनारायण, गुलाब सिंह और पिंकी पुत्री स्व. गुलाब सिंह एकजुट होकर घर में घुस आए। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों, धारदार हथियारों और लात-घूंसों से मारपीट की। पीड़िता के अनुसार, पेट में लात-घूंसों से वार किए जाने से उन्हें अंदरूनी चोटें आईं। शोर सुनकर पति बीच-बचाव करने पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट की गई। आसपास के लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि 1 नवंबर को भी इसी तरह की घटना हुई थी, जिसके बाद समाज के कुछ लोगों ने समझौता करा दिया था।

पीड़िता ने चिकित्सीय परीक्षण, रिपोर्ट दर्ज करने और कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

शिक्षा व्यवस्था में लापरवाही पर बीईओ सख्त

नीरजा चतुर्वेदी ने संभाला सुल्तानगंज खंड का कार्यभार

समीक्षा बैठक में शैक्षिक गतिविधियों की प्रगति परखी

भोगांव। विकास खंड सुल्तानगंज की नवागत खंड शिक्षा अधिकारी नीरजा चतुर्वेदी ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद शिक्षा व्यवस्था में सुधार को लेकर सख्त रुख अपनाया। उन्होंने एआरपी, न्याय पंचायत प्रभारियों और संकुल शिक्षकों के साथ समीक्षा बैठक कर विद्यालयों में चल रही शैक्षिक गतिविधियों की प्रगति जानी। कार्यों में लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए समयबद्ध ढंग से लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए।

बैठक में निपुण प्लस ऐप से नियमित आकलन, कार्यपुस्तिकाओं के उपयोग, निपुण लक्ष्य पोस्टर और शिक्षण सामग्री की उपलब्धता, डिजिटल बोर्ड की स्थिति तथा गणित-विज्ञान किट के इस्तेमाल की समीक्षा की गई। उन्होंने बेसलाइन असाइनमेंट पूरा कराने, विद्यालयों में अद्यतन समय-सारणी रखने और शिक्षकों के शैक्षिक नवाचार उद्गम पोर्टल पर अपलोड कराने को कहा। मिशन ज्योतिर्गमय और कायाकल्प के तहत विद्यालयों में 19 पैरामीटर पूरे कराने पर जोर दिया गया। संकुल शिक्षक बैठकों में अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों पर नाराजगी जताते हुए नियमित सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बीईओ ने कहा कि विद्यालयों में केवल अभिलेखीय औपचारिकता नहीं, बल्कि वास्तविक शिक्षण कार्य और विद्यार्थियों के सीखने के स्तर में सुधार प्राथमिकता होनी चाहिए। कार्यभार ग्रहण करने पर एआरपी, प्रधानाध्यापकों और संकुल शिक्षकों ने उनका स्वागत किया। बैठक में बृजेश प्रताप सिंह, कैलाश सिंह, जयकरन, सौरभ चतुर्वेदी, मुहम्मद रफी खां, राजकरन, महेंद्र सिंह, विनीता पाल, विनोद राजपूत, जैनपाल, अवनीश राजपूत, जावेद और शोएब सहित अन्य मौजूद रहे।

मंडी परिसर स्वच्छ रखने के निर्देश, जागरूकता अभियान पर जोर

एसडीएम पीयूष जायसवाल ने नवीन गल्ला मंडी का किया निरीक्षण

बेवर। मंगलवार को उप जिलाधिकारी भोगांव पीयूष जायसवाल ने नवीन गल्ला मंडी का निरीक्षण किया। उन्होंने मंडी परिसर में स्वच्छता अभियान तेज करने और लोगों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने परिसर का भ्रमण कर नालियों की नियमित सफाई कराने, आढ़तियों को कूड़ा-कचरा न फैलाने और मंडी में बड़े डस्टबिन रखवाने की व्यवस्था करने को कहा। स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए दीवार लेखन कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि मंडी में गंदगी फैलाने वाले आढ़तियों पर जुमार्ना लगाने पर भी विचार किया जाए। व्यापारियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मंडी परिसर में बैंक पटल स्थापित करने के लिए प्रस्ताव तैयार कराने को कहा। एसडीएम ने मंडी गेट, कार्यालय और पौधारोपण का भी निरीक्षण किया। व्यवस्थाओं पर संतोष जताते हुए सफाई पर नियमित ध्यान देने के निर्देश दिए। इस दौरान सचिव गौरव सिंह, मंडी सहायक मनोज कुमार, गीता राजपूत और प्रदीप कुमार मौजूद रहे।

बीमार अधिवक्ताओं की मदद का मामला गरमाया

चार और अधिवक्ताओं ने मांगी 10-10 हजार रुपये की सहायता

भोगांव, मैनपुरी। तहसील अभिभाषक परिषद भोगांव में बीमार अधिवक्ताओं को दी जा रही आर्थिक सहायता का मामला चर्चा में है। परिषद के अध्यक्ष राजेश कुमार यादव ने बताया कि वर्तमान कार्यकारिणी अब तक करन सिंह वर्मा, संतोष पाण्डेय और के.बी. मिश्रा को इलाज के लिए 10-10 हजार रुपये की सहायता दे चुकी है। मंगलवार को चार अन्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं तेज सिंह वर्मा, पंकज सक्सेना, रामसेवक वर्मा और राकेश कुमार राजपूत ने भी इलाज के लिए 10-10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता मांगी है। इन अधिवक्ताओं ने अध्यक्ष को प्रार्थना पत्र सौंपे हैं। अध्यक्ष राजेश कुमार यादव ने सभी प्रार्थना पत्र परिषद के महासचिव हेमन्त मिश्रा को सदन में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। महासचिव हेमन्त मिश्रा ने बताया कि सदन की बैठक की तिथि अभी तय नहीं हुई है। बैठक में ही सहायता के आवेदनों पर निर्णय लिया जाएगा। अध्यक्ष ने कहा कि परिषद पहले भी बीमार साथी अधिवक्ताओं की हर संभव मदद करती रही है और यह परंपरा आगे भी जारी रहेगी।

मिशन शक्ति की पहल से सुखरानी को मिली निराश्रित पेंशन

पति की बीमारी से मौत के बाद आजीविका का संकट था

बेवर, मैनपुरी। थाना बेवर की मिशन शक्ति टीम की पहल से ग्राम शीलवन्त निवासी सुखरानी को निराश्रित पेंशन योजना का लाभ मिलने लगा है। उनके पति राजाराम की बीमारी के चलते कुछ समय पहले मौत हो गई थी। पति के निधन के बाद सुखरानी के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया था। मिशन शक्ति टीम ने गांव पहुंचकर सुखरानी से मुलाकात की और उन्हें सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। टीम ने पेंशन योजना से संबंधित जरूरी दस्तावेज जुटाए और थाना, तहसील तथा संबंधित विभागों के बीच समन्वय कर आवेदन की प्रक्रिया आगे बढ़ाई। प्रयासों के बाद सुखरानी को निराश्रित पेंशन स्वीकृत हुई है। अब उन्हें हर महीने एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता मिलेगी। पेंशन मिलने से सुखरानी को राहत मिली है। स्थानीय लोगों ने बेवर पुलिस और मिशन शक्ति टीम के प्रयासों की सराहना की। टीम में प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, उपनिरीक्षक सुखवीर सिंह और महिला आरक्षी संगीता, अंजलि तथा सृष्टि गंगवार शामिल रहीं।

भगवान राम के राज्याभिषेक के साथ बेवर की रामलीला संपन्न

सदर चौराहे पर राजगद्दी कार्यक्रम में उमड़े श्रद्धालु

बेवर, मैनपुरी। जयश्री राम रामलीला कमेटी के तत्वावधान में 6 अक्टूबर से चल रही रामलीला का सोमवार रात भगवान राम के राज्याभिषेक के साथ समापन हो गया। इस अवसर पर सदर चौराहे पर राजगद्दी कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गुरु वशिष्ठ के रूप में भगवान राम का तिलक कर उन्हें अयोध्या का राजा बनाया गया। पंडित उमेश दुबे ने विधि-विधान और मंत्रोच्चारण के साथ श्रीराम का राज्याभिषेक कराया। भगवान राम के राजगद्दी पर विराजमान होते ही चौराहा जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। कमेटी पदाधिकारियों और श्रद्धालुओं ने राम परिवार का तिलक किया। आतिशबाजी कर लोगों ने हर्ष व्यक्त किया। कमेटी अध्यक्ष अनुपम दीक्षित और कोषाध्यक्ष रानू गुप्ता ने रामलीला में विभिन्न किरदार निभाने वाले कलाकारों को सम्मानित किया। अध्यक्ष अनुपम दीक्षित सांवरिया ने रामलीला महोत्सव के सफल आयोजन में नगरवासियों के सहयोग के लिए आभार जताया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विजेंद्र सिंह चौहान उर्फ भल्लू, विजय सिंह वैस, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र चौहान उर्फ मोनू, पंडित उमेश दुबे, गुलशन दीक्षित, बीके दुबे, इंद्रपाल यादव, मनोज दुबे, देवकीनंदन दीक्षित, प्रवीन शुक्ला, कुंदनलाल, शिवकुमार वर्मा, लवकुश दीक्षित, श्लोक दीक्षित, वीनू तिवारी, प्रवल शुक्ला और अभिषेक दीक्षित सहित कई लोग मौजूद रहे।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, कोसीकलां (मथुरा)

पत्रांक :– 75/सीवरेज–जलनिकासी/2026–27 दिनांक : 02/11/2026

–:दीर्घकालीन ई–निविदा सूचना :–

शासनादेश सं0 3890/नौ–5–19–149सा/2019 दिनांक 20.09.2019 के क्रम में समस्त पंजीकृत ठेकेदार/फर्मो को सूचित किया जाता है कि अध्यक्ष महोदय के उक्त कार्य कराये जाने पुनः द्वितीयवार आदेश दिनांक 02.11.2026 के द्वारा नगर पालिका परिषद कोसीकलाँ को संयुक्त सचिव, उ0 प्र0 शासन लखनऊ के पत्र संख्या 430/2026/नौ–5–2026/001–com. No -2081174 दिनांक 03.09.2026 के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से " सीवरेज एवं जलनिकासी " हेतु निम्नलिखित कार्य कराये जाने की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। पालिका ई–निविदा बेबसाईड www.etender.up.nic.in के माध्यम से अपनी शर्तो के आधार पर उक्त कार्यो की पुनः द्वितीयवार ई–निविदा आमंत्रित करती है। कार्य का निविदा मूल्य सैन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, कोसीकलां में IFSC CODE-CBIN0280242, Account NO 3530275357 में RTGS जो कि अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कोसीकलाँ के खाते में जमा कर प्राप्त रसीद की प्रति और जमानत धनराशि की प्रति ई–निविदा के साथ अपलोड करनी होगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत करने अथवा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष महो0 नगर पालिका परिषद् कोसीकलां में निहित होगा।

Tender Reference	/NPPKOSI/जल निकासी/2026-27
Publish Date and time for RFP	04-11-2026 At 05.00 PM
Last Date and time for Submission of E-Tendar	19-11-2026 At 02.00 PM
Date and Opening E-tender	19- 11- 2026 At 03.00 PM
Place of opening of E-tender	Executive officer office Nagar Palika Parishad Kosi Kalan (Mathura)
E-tender Secrity	Tender value of 10% Secrity with tendar
E-tender Document Processing	As Per Tender List

नोट :– निविदा की समस्त नियम व शर्ते etender.up.nic.in/किसी भी कार्य दिवस में देख सकते है।

" विकास के रास्ते पर कोसीकलां ....." स्वच्छ कोसी – स्वस्थ कोसी "

(संजय कुमार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, कोसीकलाँ

(धर्मवीर अग्रवाल)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, कोसीकलाँ

कार्यालय अलीगढ़ विकास प्राधिकरण, अलीगढ़

पत्रांकः 5169/अभि.अनु./एडीए 2026-27 दिनांक : 03.11.2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

अलीगढ़ विकास प्राधिकरण में पंजीकृत ठेकेदारों एवं अलीगढ़ विकास प्राधिकरण की ओर से निम्न कार्य के लिए मोहरबंद निविदायें दिनांक 13.11.2026 को अपरान्ह 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

क्र. सं	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख रू. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) मय 18% जी.एस.टी.	कार्य पूर्ण करने का समय	श्रेणी
1.	ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत 33/11 के.वी. सबस्टेशन के लिए बिल्डिंग का निर्माण कार्य।	8.07	0.17	1180/-	02 माह	सी एवं डी श्रेणी
2.	अध्यक्ष/आयुक्त अलीगढ़ महोदय के कैम्प कार्यालय पर रंगाई पुताई का कार्य।	4.59	0.10	590/-	01 माह	सी एवं डी श्रेणी

टिप्पणीः –

(1) उपरोक्त निविदा एकल बिड सिस्टम पर आमंत्रित हैं।

(2) एकल बिड सिस्टम पर आमंत्रित निविदा में धरोहर राशि निविदा के समय 02 प्रतिशत की एफ०डी०आर०/एन०एस०सी० के रूप में ली जायेगी, जो उपाध्यक्ष अलीगढ़ विकास प्राधिकरण के नाम बन्धक हो, अनुबन्ध के साथ जमा करना होगा।

(3) निविदा प्रपत्र दिनांक 04.11.2026 से दिनांक 12.11.2026 तक प्रातः 10:00 बजे से सांय 5:00 बजे तक प्रत्येक कार्य दिवस में विक्रय की जायेगी।

(4) सर्वनिम्न निविदाता को ऑफर लेटर प्राप्त होने के बाद अनुबंध के समय 08 प्रतिशत सिक्योरिटी धनराशि के रूप में एफडीआर जमा करनी होगी अन्यथा कि स्थिति में अनुबंध निरस्त करते हुए ब्लैकलिस्ट की कार्यवाही की जायेगी। यह Security कार्य पूर्ण होने के दो वर्ष के पश्चात कार्य के संतोषजनक पाये जाने के बाद ही वापस की जायेगी।

(5) निविदा में दरें अंकित न होने अथवा अंकित दरों के साथ उच्च/निम्न अंकित न होने अथवा शब्दों वं अंकों में निविदा दर भिन्न-भिन्न होने पर निविदा अमान्य (Invalid) मानी जायेगी।

(6) शासन द्वारा समय-समय पर लागू आयकर, व्यापार कर, श्रमिक कर/लेबर सेस व अन्य करों की कटौती निर्धारित दरों पर ठेकेदार के बिलों से नियमानुसार की जायेगी।

(7) भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन एवं सेवा शर्तों विनियम) अधिनियम 1996 तथा प्रदेश नियमावली वर्ष 2009 के अन्तर्गत ठेकेदार को श्रम विभाग में पंजीकरण कराना होगा।

(8) कार्य की मात्रा में कमी अथवा बढ़ोत्तरी का अधिकार तथा किसी भी निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार उपाध्यक्ष, अलीगढ़ विकास प्राधिकरण, अलीगढ़ में निहित है।

(9) समस्त ठेकेदारों का जी०एस०टी० में पंजीकरण होना अनिवार्य है एवं शासनादेशानुसार जी०एस०टी० के रूप में निर्धारित किये जाने वाली धनराशि का भुगतान/कटौती प्राधिकरण द्वारा की जायेगी।

(10) सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी।

अधिशासी अभियंता
अलीगढ़ विकास प्राधिकरण,
अलीगढ़।

छात्र की हत्या- प्रेम प्रसंग क चलते घटना को दिया अंजाम

प्रेमिका के परिवार पर हत्या कर शव पेड़ पर लटकाने का आरोप

एटा। मारहरा कस्बा से लापता हुए इंटरमीडिएट के छात्र रोहित का शव मंगलवार सुबह कासगंज जिले के बढ़ारी वैश्य में आम के पेड़ पर लटका मिला। शव जमीन से करीब 21 फीट ऊंचाई पर साड़ी के फंदे से लटका हुआ मृतक रोहित के भाई सुनील कुमार और मां ने युवती के परिवार पर हत्या कर शव पेड़ से लटकाने का आरोप लगाया है। मारहरा थानाध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मारहरा के चोबदार मोहल्ला निवासी रोहित पुत्र स्व. महाराज सिंह एमजीएचएम इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट का छात्र था। सोमवार सुबह घर से निकलने के बाद वह वापस नहीं लौटा। मां सितारा देवी ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

पुलिस के अनुसार रोहित का एक युवती से प्रेम प्रसंग था। युवती के परिजनों ने सोमवार को आरोप लगाया था कि रोहित उसे जबरन अपने साथ ले गया है। पुलिस ने रोहित का मोबाइल सर्विलांस पर लगाया था। उसकी लोकेशन बढ़ारी वैश्य क्षेत्र में मिलने पर पुलिस वहां पहुंची, जहां उसका शव मिला था।





युवक की मौत के बाद घटनास्थल पर क्रंदन करते परिजन, मौजूद ग्रामीण, फांसी के फंदे पर लटकता हुआ छात्र, इंसैट में छात्र का फाइल फोटो।

दीवाली पर्व को लेकर पटाखा बिक्री स्थल बदलने की मांग

- **जैथरा के व्यापारियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**
- **डीएवी इंटर कॉलेज अलीगंज में दुकानें लगाने में जताई असमर्थता**
- **जैथरा धुमरी राजा का रामपुर सराय अगस्त में स्थान देने की उठाई मांग**

अलीगंज। जैसे जैसे दीपावली का पर्व नजदीक आता जा रहा हैं वही अतिशवाजी के लिए स्थान परिवर्तन को लेकर व्यापरी वर्ग में समस्या आ रही हैं। दीपावली पर आतिशबाजी और पटाखों की अस्थायी दुकानें लगाने के लिए निर्धारित बिक्री स्थल को लेकर जैथरा क्षेत्र के पटाखा विक्रेताओं ने तहसील प्रशासन से स्थान परिवर्तन की मांग की है। मंगलवार को व्यापारियों ने उपजिलाधिकारी अलीगंज को ज्ञापन सौंपकर डीएवी इंटर कॉलेज मैदान अलीगंज के स्थान पर सार्वजनिक गांधी स्कूल मैदान जैथरा में दुकानें लगाने की अनुमति देने की मांग की। ज्ञापन में व्यापारियों ने बताया कि वह जैथरा क्षेत्र के निवासी हैं और प्रशासन की ओर से पटाखा बिक्री के लिए डीएवी मैदान अलीगंज निर्धारित किया गया है। जैथरा से अलीगंज की दूरी करीब 20 से 25 किलोमीटर है। इतनी दूर पटाखे ले जाकर दुकानें लगाना और बिक्री करना उनके लिए काफी मुश्किल होगा। व्यापारियों ने कहा कि पहले जैथरा के गांधी स्मारक मैदान में पटाखों की दुकानें लगती थीं जहां क्षेत्र के लोगों को भी आसानी से आतिशबाजी उपलब्ध हो जाती थी।

ऐसे में इस बार भी पुराने स्थान पर दुकानें लगाने की अनुमति दी जाए। व्यापारी अश्वनी ने बताया कि पहले धुमरी में भी दीपावली पर पटाखों की दुकानें लगती थींए जहां करीब 40 से 50 दुकानें सजती थीं लेकिन इस बार प्रशासन ने वहां दुकानें लगाने से मना कर दिया है। धुमरी से अलीगंज की दूरी भी करीब 25 किलोमीटर है। ऐसे में स्थानीय दुकानदारों के सामने पटाखों को निर्धारित स्थल तक पहुंचाने की समस्या खड़ी हो गई है। वहीं गोपाल गुप्ता ने कहा कि जैथरा के दुकानदार आखिर इतनी दूर अलीगंज तक पटाखे कैसे लेकर पहुंचेंगे। पहले गांधी स्मारक जैथरा में ही दुकानें लगती थींए लेकिन इस बार डीएवी इंटर कॉलेज अलीगंज में दुकानें लगाने के निर्देश दिए गए हैं। इससे छोटे व्यापारियों को अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ेगी। उन्होंने प्रशासन से स्थानीय स्तर पर ही बिक्री स्थल निर्धारित करने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में विनय कुमार रचित चौहान, मोहित गुप्ता राजकुमार रोहित गोस्वामी जतिन गुप्ता शिवम कुमार आशीष कुमार विपिन किशोर गुप्ता पिंकू, राजेश कुमार अमरजीत और रोहिताश कुमार सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे। अलीगंज उपजिलाधिकारी डॉ शशि शेखर ने पत्रकारों को बताया कि पटाखा बिक्री स्थल का निर्धारण सुरक्षा मानकों और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को ध्यान में रखकर किया गया है। जैथरा के व्यापारियों की ओर से स्थान परिवर्तन को लेकर ज्ञापन दिया गया है। उनकी मांग और समस्याओं को संज्ञान में लिया जाएगा। संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर सुरक्षा मानकों के अनुरूप उचित निर्णय लिया जाएगा। बिना अनुमति निर्धारित स्थल में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा।



अलीगंज मे एस.डी.एम. से चर्चा करते जैथरा के व्यापारी।

मृतक मां की जमीन का फर्जी बैनामा कराया-चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

- **वर्ष 2009 में मां की मौत के बाद जमीन का कराया गया था बैनामा**
- **पीड़ित ने धोखाधड़ी और कूटरचित दस्तावेज तैयार करने का लगाया आरोप!**

अलीगंज। आजकल फर्जी तरीके से जमीन मकान आदि हड़पने की साजिश आये दिन रची जाती हैं लेकिन कुछ जिम्मेदार अधिकारी जो रजिस्ट्री कार्यालय में आसीन हैं विना जाँच पड़ताल किये फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कर अपने कार्य की इतिश्री कर लेते हैं यदि हकीकत में देखा जाये तो कई ऐसे मामले सामने आएंगे जो जिम्मेदारी निभा कर कार्य को अंजाम दें रहे हैं। इसी तरह एक मामला मृतक महिला की जमीन को कथित रूप से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बैनामा कराने का मामला सामने आया है। इस मामले में न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और कूटरचना के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है कार्रवाई की मांग की गई है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली व कस्बा राजा का रामपुर के मोहल्ला गढ़ी रानी साहिबा निवासी दीपक पांडेय पुत्र योगेंद्रपाल पांडेय ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनकी मां रानीदेवी की 19 मार्च 2009 को मृत्यु हो गई थी। मां की मृत्यु के बाद ग्राम धरसेरपुरए परगना आजमनगर स्थित गाटा संख्या 441 की जमीन का वह कानूनी वारिस है।

आरोप है कि सराय अगहत निवासी सोरम कुमार ने अपने सहयोगियों ममतैश कुमारी, विकास कुमार और सुमित कुमार के साथ मिलकर 21 अप्रैल 2025 को उक्त जमीन का फर्जी बैनामा करा लिया। प्रार्थी का आरोप है कि आरोपितों को उसकी मां की मृत्यु की जानकारी पहले से थी और उन्होंने धोखाधड़ी कर जमीन हड़पने के उद्देश्य से दस्तावेज तैयार कराए।

पीड़ित ने बताया कि उसने 5 अगस्त 2026 को पुलिस अधीक्षक को भी प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी लेकिन सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद न्यायालय की शरण ली। मामले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 173.4 के तहत प्रार्थना पत्र देकर अलीगंज थाने में मुकदमा दर्ज कर करने की मांग की थी पुलिस ने कोर्ट के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है आगे की कार्रवाई की जा रही है

सकीट में वायरल फीवर-50 मरीजों की जांच

स्वास्थ्य विभाग ने लगाया शिविर, डेंगू और मलेरिया के सभी 30 सैंपल की रिपोर्ट निगेटिव



मरीजों को देखने के लिए कैंप लगाए बैठे चिकित्सक।

एटा। सकीट कस्बे के मोहल्ला गंज में वायरल फीवर के मरीजों की संख्या बढ़ने पर सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने स्वास्थ्य शिविर लगाया। शिविर में 50 मरीजों की जांच कर उन्हें निशुल्क दवाएं वितरित की गईं। इस दौरान मलेरिया के 15 और डेंगू के 15 सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए। सभी 30 सैंपल की रिपोर्ट निगेटिव आई है। एमओआईसी डॉ. शिव कुमार राजपूत ने बताया कि मोहल्ले में कई लोगों के बुखार और जुकाम से पीड़ित होने की सूचना मिली थी। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम भेजकर शिविर लगाया गया। उन्होंने बताया कि मौसम में बदलाव के कारण वायरल फीवर के मामले बढ़ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम मरीजों की जांच और उपचार कर रही है।

बाइकों की भिड़ंत में किशोर समेत पांच घायल

एटा। कोतवाली देहात क्षेत्र में जीटी रोड स्थित महिंद्रा एजेंसी के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में 15 वर्षीय किशोर समेत पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। एक बाइक पर निधौली कलां निवासी रितिक (18), उसका भाई राजा (15) और प्रशांत (28) सवार थे। तीनों फौजी गैस एजेंसी पर काम करने के बाद घर लौट रहे थे। वहीं दूसरी बाइक पर फिरोजाबाद जिले के जसराना थाना क्षेत्र के गांव चांठी निवासी विनय (30) और अनिल (29) सवार थे। दोनों दिल्ली में हलवाई का काम करके घर जा रहे थे। इसी दौरान महिंद्रा एजेंसी के पास दोनों बाइकों की टक्कर हो गई। हादसे में पांचों लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से सभी को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया।

संदिग्ध परिस्थितियों में रिटायर्ड फौजी की मौत, कमरे में मिला शव

एटा। कोतवाली नगर क्षेत्र में ट्यूलिप स्कूल के पास मंगलवार को 50 वर्षीय रिटायर्ड फौजी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनका शव कमरे में पड़ा मिला। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजन आनन-फानन उन्हें लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान बखेड़ी सिंह पुत्र रघुवर सिंह के रूप में हुई है। वह मूल रूप से निधौली कलां क्षेत्र के जिटौली गांव के निवासी थे और वर्तमान में ट्यूलिप स्कूल के पास रहते थे। बताया गया है कि वह अपनी पत्नी के साथ यहां अकेले रह रहे थे। कमरे में उनका शव मिलने से आसपास के लोगों में भी चर्चा रही।

सूचना पर पहुंची कोतवाली नगर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल उनकी मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी।



रिटायर्ड फोटो को एम्बुलेंस से उतारकर अस्पताल ले जाते परिजन।

पदोन्नति में दिव्यांग शिक्षकों को आरक्षण का लाभ दिलाने की मांग

एटा। परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों की पदोन्नति प्रक्रिया के दौरान दिव्यांग शिक्षकों को नियमानुसार आरक्षण का लाभ दिलाने की मांग उठाई गई है। इस संबंध में दिव्यांग शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) से मुलाकात कर ज्ञापन के माध्यम से अपनी मांग रखी।

शिक्षकों ने शासन के निर्धारित नियमों और प्रावधानों का हवाला देते हुए कहा कि दिव्यांग शिक्षक भी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ऐसे में पदोन्नति प्रक्रिया में उन्हें आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए। बीएसए ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि मांग पर शासन के नियमों के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में रवि सिंह, मनोज कुमार, हरिशंकर कश्यप, लोकेन्द्र कठेरिया, राम गोविंद सिंह चैहान और ममता शर्मा सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

कथावाचक धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के बयान पर भड़के एटा के अधिवक्ता-पुतला फूंकने का प्रयास

एफ.आई.आर. दर्ज कर और गिरफ्तार कर जेल भेजने की मांग

एटा। कथावाचक धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के कथित बयान को लेकर मंगलवार को एटा कचहरी में अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर आक्रोश जताया। बयान से नाराज अधिवक्ताओं ने कचहरी परिसर में कथावाचक का पुतला फूंकने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस ने पुतला फूंकने से रोका। इस दौरान अधिवक्ताओं ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ताओं का कहना था कि कथावाचक की ओर से सनातन धर्म और भगवान श्रीकृष्ण के वंशज यदुवंशियों के खिलाफ की गई टिप्पणी से देशभर के लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने बयान को समाज में वैमनस्य पैदा करने वाला बताते हुए कड़ी नाराजगी जाहिर की। अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर एसएसपी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कथावाचक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार करने और जेल भेजने की मांग की। अधिवक्ताओं ने कहा कि धार्मिक और सामाजिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले बयानों पर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए माहौल बना रहा।



कथावाचक का पुतला फूंकने का प्रयास करते अधिवक्ता और पुतला छीनती पुलिस।

युवा संसद में युवाओं को दिलाई नशामुक्ति की शपथ



नशामक्ति की शपथ लेते हुए लोग।

एटा। मेरा युवा भारत एटा, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की जिला युवा अधिकारी उपासना सिरोही के निर्देशन में मंगलवार को युवा मंडल गदुआ की ओर से राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, नगरिया मोड़ पर पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय नशामुक्त युवा रहा।

शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए ई-लॉटरी से हुआ किसानों का चयन

एटा। कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जिलाधिकारी एम. अरुन्मोली की अध्यक्षता में कृषि यंत्रों पर अनुदान देने के लिए द्वितीय चरण की ई-लॉटरी प्रक्रिया संपन्न हुई। इसमें शासन की योजनाओं के तहत पात्र किसानों का पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से चयन किया गया। उप कृषि निदेशक सुमित पटेल ने बताया कि फसल अवशेष प्रबंधन योजना के तहत हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, पैडी स्ट्रॉ चॉपर और हाइड्रोलिक रिवर्सिबल एमबी प्लाउ के लिए लॉटरी निकाली गई। वहीं कृषि यंत्रीकरण योजना के तहत राइस ट्रांसप्लांटर, पावर ऑपरेटेड चाफ कटर, मिनी राइस मिल, कल्टीवेटर और पावर वीडर सहित अन्य यंत्रों के लिए किसानों का चयन हुआ। इससे पहले 21 अगस्त को प्रथम चरण की लॉटरी हुई थी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि निर्धारित मानकों के अनुसार वास्तविक पात्र किसानों को अनुदान का लाभ मिले। इससे आधुनिक कृषि को बढ़ावा मिलने के साथ लागत और श्रम की बचत होगी। इस दौरान जिला कृषि अधिकारी डॉ. मनवीर सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और प्रगतिशील किसान मौजूद रहे।

स्वदेशी जागरण मंच ने स्टारलिंक सेवा का किया विरोध, राष्ट्रीय सुरक्षा पर जताई चिंता

केंद्र सरकार से व्यावसायिक सैटेलाइट इंटरनेट की मंजूरी नहीं देने की मांग

एटा। स्वदेशी जागरण मंच ने मंगलवार को एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक की सैटेलाइट इंटरनेट सेवा का विरोध करते हुए केंद्र सरकार से भारत में इसकी व्यावसायिक सेवा शुरू करने की मंजूरी नहीं देने की मांग की। संगठन ने राष्ट्रीय सुरक्षा और कानून-व्यवस्था के लिए इसे संभावित चुनौती बताया।

मंगलवार को दोपहर करीब 12:30 बजे उमाकांत तिवारी वरिष्ठ पत्रकार प्रान्तीय सह संयोजक स्वदेशी जागरण मंच (ब्रजप्रांत) एटा के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि देश में अलगाववाद, आतंकवाद और हिंसक प्रदर्शनों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन को इंटरनेट सेवाएं बंद करनी पड़ती हैं। ऐसे में सैटेलाइट इंटरनेट चालू रहने से स्थिति नियंत्रित करने में परेशानी हो सकती है। संगठन ने विदेशी इंफ्रास्ट्रक्चर के जरिए भारतीय इंटरनेट ट्रैफिक संचालित होने, सुरक्षा एजेंसियों की निगरानी और सरकारी नियमों के पालन में कठिनाई की आशंका भी जताई। ज्ञापन में सीमावर्ती और संवेदनशील क्षेत्रों में सैटेलाइट उपकरणों के संभावित दुरुपयोग का मुद्दा उठाया गया। इस दौरान राजेन्द्र सिंह राठौर जिला संयोजक स्वदेशी जागरण मंच एटा, अतुल राठी, जितेंद्र सिंह राघव, मुकेश भारद्वाज, कैलाश उपाध्याय, प्रवीण पाठक, अनिल जैन, राजेंद्र सिंह राठौड़ और अखिलेश दीक्षित सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



ज्ञापन सौंपते हुए स्वदेशी जागरण मंत्र के पदाधिकारी।

रेल विस्तार के लिए रसूलपुर गढ़ौली की 400 बीघा जमीन ली जाएगी

एटा। एटा-कासगंज रेल लाइन के विस्तार के लिए मिरहची क्षेत्र के गांव रसूलपुर गढ़ौली की करीब 400 बीघा जमीन अधिग्रहीत की जाएगी। इसके बदले किसानों को 1.12 करोड़ रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से मुआवजा दिया जाएगा। मंगलवार को क्षेत्रीय लेखपाल ने गांव पहुंचकर किसानों से भूमि संबंधी जरूरी दस्तावेज जुटाए।

क्षेत्रीय लेखपाल अवनेंद्र कुमार मंगलवार दोपहर रसूलपुर गढ़ौली पहुंचे। उन्होंने रेल लाइन विस्तार के लिए प्रस्तावित भूमि के मालिक किसानों से जमीन के अभिलेख और अन्य जरूरी दस्तावेज लिए। लेखपाल ने बताया कि भूमि स्वामियों को निर्धारित दर के अनुसार मुआवजा दिया जाएगा। मुआवजा वितरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए दस्तावेज जुटाए जा रहे।

खेत बचाओ अभियान में 175 किसानों ने लिया हिस्सा, गोबर खाद अपनाने की सलाह

एटा। निधौली कलां ब्लॉक की ग्राम पंचायत जिटौली में कृषि विभाग की ओर से खेत बचाओ अभियान चलाया गया। इसमें करीब 175 किसानों ने भाग लिया। कृषि विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने किसानों को खेतों की उर्वरता बनाए रखने के लिए कीटनाशक दवाओं का कम इस्तेमाल करने तथा गोबर की खाद सहित देसी खाद अपनाने की सलाह दी। कृषि अधिकारियों ने बताया कि रासायनिक दवाओं का अधिक प्रयोग मिट्टी की गुणवत्ता और मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। गोबर खाद के इस्तेमाल से मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है और फसलों की अच्छी पैदावार मिलती है। कृषि अधिकारी मुकेश ने किसानों से अभियान में सक्रिय भागीदारी करने और प्राकृतिक खाद को प्राथमिकता देने की अपील की। कार्यक्रम में योगेंद्र, राहुल, मनोज, रवि, रामकिशन, सुरेश, रामसेवक, रामस्वरूप, विनय और योगेंद्र यादव सहित अन्य किसान मौजूद रहे। अभियान 30 नवंबर तक चलेगा।

सपा सरकार में नकल माफियाओं ने शिक्षा व्यवस्था को पहुंचाया नुकसानः विधायक

एटा/अलीगंज। अलीगंज विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक सत्यपाल सिंह राठौर ने समाजवादी पार्टी की पिछली सरकार पर शिक्षा व्यवस्था बिगाड़ने और नकल माफियाओं को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। उनका बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

विनियमित क्षेत्र के विकास कार्यों की गुणवत्ता जांचेंगे अधिकारी

एटा। जिलाधिकारी एम. अरुन्मोली ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में विनियमित क्षेत्र की बैठक कर विकास कार्यों, भवन मानचित्रों की स्वीकृति और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सभी कार्यों में पारदर्शिता और निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गेट नंबर-दो के पास निमार्णाधीन मल्टीपरपज हॉल की गुणवत्ता जांचने के लिए एडीएम वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में समिति गठित की जाएगी। इसमें अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी और अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत सदस्य होंगे। समिति स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट देगी। डीएम ने भवन मानचित्रों के ऑनलाइन निस्तारण, तकनीकी परीक्षण और अभियंताओं के रिक्त पदों पर आउटसोर्सिंग से नियुक्ति के निर्देश दिए। निर्माण कार्यों की टेंडर प्रक्रिया के लिए एसडीएम रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में समिति गठित होगी। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष सुधा गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

आउटसोर्सिंग सेवा निगम में शामिल करने को मीटर रीडरों ने दिया जिला मुख्यालय ज्ञापन



फिरोजाबाद। विद्युत विभाग में वर्षों से मीटर रीडिंग और बिलिंग का कार्य कर रहे मीटर रीडरों ने निजी कंपनियों के कथित शोषण के खिलाफ आवाज बुलंद की। जिलाधिकारी को मंगलवार दोपहर ज्ञापन सौंपकर उन्होंने आउटसोर्सिंग सेवा निगम में शामिल किए जाने की मांग की। मीटर रीडरों ने कहा कि कोरोना काल में भी जान जोखिम में डालकर सेवाएं देने के बावजूद उन्हें वेतन कटौती, समय पर भुगतान न होने और रोजगार की अनिश्चितता से जूझना पड़ रहा है। स्मार्ट मीटर लगने से बेरोजगारी का खतरा भी बढ़ गया है। उन्होंने शासन से सेवा निगम में शामिल कराकर सामाजिक सुरक्षा, उचित पारिश्रमिक और भविष्य की गारंटी देने की मांग की।

दीपावली पर्व पर मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई

कासगंज। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निदेशों तथा सहायक आयुक्त (खाद्य), अलीगढ़ मंडल के आदेशों के क्रम में दीपावली पर्व के दृष्टिगत जनपद में आम जनमानस को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मिलावटी खाद्य पदार्थों के निर्माण एवं बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के लिए अभियान चलाकर प्रतिष्ठानों का निरीक्षण एवं छापेमार कार्रवाई की गई। अलीगढ़ एवं हाथरस की जनपदीय टीम द्वारा कासगंज में विभिन्न मिठाई एवं खाद्य प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई करते हुए गौतम स्वीट हाउस, रोशन लाल स्वीट्स, पवन स्वीट्स, लाला श्याम प्रसाद स्वीट्स एंड नमकीन, मुरली कृष्णा स्वीट्स प्रा0लि0, अन्नपूर्णा स्वीट्स एवं शंकर मिष्ठान भंडार से राजभोग, काजू कलश, सोहन पपड़ी, डोडा बर्फी, छेना रस मलाई, खोया, खीर मोहन, छेना रसगुल्ला एवं बूंदी लड्डू सहित विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए गए। संबंधित प्रतिष्ठानों को सुधार सूचना जारी करने की कार्रवाई की गई। वहीं पवन स्वीट्स एवं शंकर मिष्ठान भंडार का पंजीकरण निलंबित करने की कार्रवाई भी की गई। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी के आदेशानुसार 02 नवंबर 2026 को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा गंजडुंडवारा, कादरगंज एवं महमूदपुर क्षेत्र में कार्रवाई की गई। इस दौरान अनीस के प्रतिष्ठान से खोया, शेखर ट्रेडर्स से रिफाइंड राइस ब्रान ऑयल तथा राजवीर के प्रतिष्ठान से पनीर का नमूना संग्रहित किया गया। शेखर ट्रेडर्स से लगभग 200 लीटर रिफाइंड राइस ब्रान ऑयल, जिसकी अनुमानित कीमत 30 हजार रुपये है, सीज किया गया। वहीं राजवीर के प्रतिष्ठान पर लगभग 40 किलोग्राम पनीर, जिसकी अनुमानित कीमत 12 हजार रुपये थी, मौके पर नष्ट कराया गया।

पांच राज्यों में घटे मतदाता

वर्ष २०२७ में उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखण्ड, मणिपुर और गोवामें विधानसभाओंके चुनाव होने वाले हैं। इसके लिए इन पांच राज्योंमें राजनीतिक सरगर्मी भी बढ़ गयी है। खास बात यह है कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद मतदाताओंकी संख्यामें १३.२४ प्रतिशतकी गिरावट आयी है। उपलब्ध ताजे आंकड़ोंके अनुसार इन पांच राज्योंको मिलाकर मतदाताओंकी संख्या लगभग १८.७१ करोड़से घटकर १६.४३ करोड़ रह गयी है। अर्थात् २.२९ करोड़ कमी आ गयी है। सबसे खास बात यह भी है कि इन पांच राज्योंमें सबसे बड़ा राज्य उत्तर प्रदेश है, जहां १३.२४ प्रतिशत मतदाता कम हुए हैं। चुनावसे कुछ माह पूर्व मतदाता सूचियोंके एसआईआरने चुनावी राजनीतिके साथ-साथ लोकतांत्रिक प्रक्रियाको लेकर गम्भीर बहस छेड़ दी है और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमारको पदसे हटानेके लिए बड़े आन्दोलन शुरू हो गये हैं। एसआईआरके बाद राज्योंमें घटे मतदाताओंका चुनावी राजनीतिपर व्यापक प्रभाव पड़ेगा। वैसे एसआईआरका मूल उद्देश्य मतदाता सूचीको शुद्ध करना, मृतकों, स्थानान्तरित हो चुके लोगों और दोहरी प्रविष्टियोंको हटाना तथा पात्र नागरिकोंको सूचीमें शामिल करना है लेकिन पांच चुनावी राज्योंमें अन्तिम मतदाता सूचीके आंकड़ोंने यह प्रश्न भी खड़ा कर दिया है कि इतनी बड़ी संख्यामें नाम हटनेके बाद यह सुनिश्चित कैसे होगा कि कोई वास्तविक और पात्र मतदाता मतदानके अधिकारसे वंचित नहीं रह जाय। एसआईआर प्रक्रियाको लेकर कुछ विसंगतियां सामने आयी हैं और गड़बड़ीके आरोप भी लगे हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश अकेला ऐसा राज्य है जहां मतदाताओंमें कमीकी भागीदारी ९० प्रतिशत है। उत्तर प्रदेशकी ४०३ सदस्यीय विधानसभा और उसकी राष्ट्रीय राजनीतिक महत्ताको देखते हुए मतदाता सूचीमें दो करोड़से अधिक मतदाताओंका कम होना राजनीतिको प्रभावित करने वाली घटना है। इससे चुनावी गणितके समीकरण प्रभावित होंगी। विशेष बात यह भी है कि उत्तर प्रदेशमें सूचीसे हटाये गये ८४ लाख अन्तिम सूचीमें वापस आ गये। इसके निहितार्थ भी अलग हैं। उत्तराखण्ड और गोवाकी स्थिति भी चिन्ताजनक है। मतदाता सूचीमें इतनी बड़ी संख्यामें बदलावसे राजनीतिक विवाद भी उत्पन्न हो सकता है। इसलिए चुनाव आयोगके समक्ष सबसे बड़ी चुनौती निष्पक्षताको लेकर है। आगामी चुनाव भारतीय लोकतंत्रमें मतदाता सूचीकी शुद्धता और नागरिकके मतदान अधिकारके बीच सन्तुलनकी बड़ी परीक्षा है। इसका सीधा प्रभाव २०२७ के विधानसभा चुनावोंकी विश्वसनीयतापर भी पड़ सकता है।

हवाई कियायेके नये नियम

केन्द्र सरकारने दूरदर्शी फैसला लेते हुए विमानन क्षेत्रके लिए जो नये नियम जारी किये हैं वह सर्वथा उचित और न्यायसंगत है। इसमें हवाई किरायेकी निगरानी और आवश्यकतानुसार कम्पनियोंको अस्थायी निर्देशका प्रावधान महत्वपूर्ण माना जायगा, क्योंकि इससे विमानन कम्पनियोंकी हवाई किरायेमें मनमानीपर अंकुश लगेगी। नये नियमके तहत टिकटका मूल किराया, कर और अन्य शुल्ककी स्पष्ट जानकारी देनेके लिए कम्पनियां बाध्य होंगी। नये नियम एक जनवरीसे लागू होगी जो ८९ वर्ष पुराने नियमोंकी जगह लेंगे। हालांकि सामान्य तौरपर टिकटकी कीमतोंपर कोई स्थायी सीमा लागू नहीं होगी, लेकिन नियमित सेवाएं देने वाली विमानन कम्पनियोंको परिचालन लागत समेत विभिन्न कारकोंके आधारपर किराया तय करना होगा। इसके लिए किरायेका विवरण नागरिक उड्डयन महानिदेशालयको सौंपनेकी अनिवार्यता सार्थक पहल है। इन नियमोंके उल्लंघनपर एक करोड़ रुपयेतक जुर्मानेका प्रावधान है, जो विमानन कम्पनियोंके लिए कड़ा सन्देश है। साथ ही कुछ और कड़े प्रावधानोंको जोड़ा गया है जो सुरक्षाकी दृष्टिसे महत्वपूर्ण है, जैसे हवाई क्षेत्रमें फोटोग्राफीपर एक लाख और उड़ते विमानसे तस्वीर लेनेपर दो लाख रुपयेतक जुर्मान हो सकता है। निगरानी व्यवस्था और सुरक्षा प्रबन्धनका पालन नहीं करनेपर लाइसेंस निलम्बित या रद भी किया जा सकता है। वहीं सर्वोच्च न्यायालयने त्योहारी सीजनको देखते हुए हवाई किरायेमें सात सौ फीसदीतक आरोप लगाने वाली याचिकापर जल्द सुनवाईके लिए बार-बार किये जा रहे आग्रहको सोमवारको तत्काल सुनवाईसे इनकार करते हुए दो-टूक कहा 'हवाई यात्रा न करें।' इस सम्बन्धमें न्यायमूर्ति विक्रमनाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति अमरेश सिंहकी पीठका यह कहना महत्वपूर्ण है कि यह अर्जी हवाई किरायेको नियंत्रित करनेकी मांगको लेकर है जो पहलेसे लम्बित एस. लक्ष्मी नारायणनकी जनहित याचिकामें शामिल है। हवाई किरायेको लेकर केन्द्र सरकारके नये नियमको कड़ाईसे लागू करनेकी जरूरत है।

लोक संवाद

महापुरुष

महोदय,-भारतमें बहुतसे महापुरुष हुए। इन महापुरुषोंने भारतको ही नहीं, बल्कि दुनियाको अच्छे मार्गपर ले जानेके लिए बहुतसे काम किये और दुनियाके लिए प्ररेक बने। इन्हीं महापुरुषोंमेंसे एक थे सरदार वल्लभभाई पटेल, जिनका जन्मदिन एकताकी भावनाको बढ़ानेके रूपमें भी मनाया जाता है। सरदार वल्लभ भाई पटेलने देशको आजाद करवानेके साथ-साथ देशकी एकताको मजबूत करनेमें मुख्य भूमिका निभायी थी। इन्होंने किसानोंको उनका हक अंग्रेजोंसे दिलानेके लिए काम किये थे। सरदार वल्लभ भाई पटेलको आज भी जिस मुख्य कार्यके लिए याद किया जाता है वह है देसी रियासतोंका एकीकरण। आज भारतको उनके विचारोंको कार्यरूप देनेकी जरूरत है। -राजेश, वाया ईमेल।

समाधान नहीं है करों में छूट देना

पिछले काफी समयसे भारतके शेयर बाजारोंमें विदेशी संस्थागत निवेशक बड़ी मात्रामें विदेशी मुद्रा बाहर ले जा रहे हैं। वर्ष २०२६-२७ में विदेशी संस्थागत निवेशक १.७ लाख करोड़ रुपयेकी बिकवाली कर चुके हैं, जिससे रुपयेपर दबाव बन रहा है। नीति-निर्माता चिन्तित हैं और भारतकी ओर आकर्षित करने का प्रयास कर रहे हैं।

❐ प्रोफेसर अश्विनी महाजन

विदेशी संस्थागत निवेशकोंको आकर्षित करनेका एक महत्वपूर्ण तरीका करोंमें रियायत देनेसे संबंधित है। ५ जून २०२६ को सरकार और रिजर्व बैंकने स्वीकृत बांडोंसे होने वाले पूंजीगत लाभको पूर्वके १२.५ प्रतिशत पूंजीगत लाभ कर और आयकरसे छूट दी गयी है। इसके अलावा पूर्वमें जहां १५, ३० और ४० वर्षके ब्रांड विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक नहीं खरीद सकते थे, लेकिन अब उन्हें इसकी अनुमति दी गयी है। इसी प्रकार अन्य प्रकारकी रियायतें भी विदेशी संस्थागत निवेशकोंको दी गयी हैं। लेकिन उसके बावजूद इन निवेशकोंकी बिकवाली बदस्तूर जारी है। लेकिन यह जरूर हुआ है कि अब विदेशी संस्थागत निवेशकोंने सरकारी बांडोंमें निवेश बढ़ा दिया है। हालांकि सरकारने विदेशी संस्थागत निवेशकोंकी सरकारी ऋण प्रतिभूतियोंपर आयकर और दीर्घकालिक पूंजीगत लाभोंसे छूट पहले ही दे दी है, अब उनकी मांग है कि उन्हें शेयरोंपर मिलने वाले पूंजीगत लाभों और अन्य लाभोंपर करसे छूट मिलनी चाहिए। गौरतलब है कि यह छूट उनको पहले भी प्राप्त थी। दूसरे, विदेशी निवेशक सिक्योरिटी ट्रांजैक्शन टैक्स (एसटीटी) में भी कमी चाहते हैं। गौरतलब है कि इस साल बजटमें सरकारने 'फ्यूचर और ऑप्शन' (एफएंडओ) में एसटीटी को बढ़ाया था। पिछले सालोंमें एफएंडओकी वजहसे रिटेल इन्वेस्टरोंको बड़ा घाटा उठाना पड़ा था और इसका फायदा बड़ी विदेशी कम्पनियोंने उठाया।



> **करोंमें छूट अथवा अन्य सुविधाएं वास्तवमें विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा बिकवालीको नहीं रोक पायगी, क्योंकि विदेशी संस्थागत निवेशक देशमें करों अथवा नियमोंके कारण बिकवाली नहीं कर रहे, बल्कि दुनियामें बदलते हालात विदेशी निवेशकों द्वारा भारतमें उनके द्वारा शेयरोंकी बिक्रीका कारण बन रहे हैं। भारत एक उभरती अर्थव्यवस्था है और भारतसे इन संस्थागत निवेशकोंको खासा लाभ भी हुआ है। दशकोंतक विदेशी संस्थागत निवेशक भारतसे ३० से ४० प्रतिशत लाभ कमाते रहे हैं। वास्तवमें विदेशी संस्थागत निवेशक कई अन्य कारणोंसे अपने शेयर बेच रहे हैं।**

सेक्यूरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड (सेबी) की रिपोर्टके अनुसार ४८५० करोड़ रुपयेका गैर-कानूनी लाभ 'जेनस्ट्रीट' सरीखी कम्पनीने एफएंडओसे कमाया। कुल मिलाकर कम्पनीने जनवरी २०२३ और मार्च २०२५ के बीच ३६७०० करोड़ रुपयेका लाभ कम्पनीने कमाया। यह लाभ वास्तवमें छोटे निवेशकोंका नुकसान है। तीसरे, विदेशी संस्थागत निवेशक चाहते हैं कि प्राइवेट एक्टिविटी फंड टाइगर ग्लोबलसे संबद्ध मामलेमें जो सुप्रीम कोर्टका निर्णय आया है, उसके बारेमें यह स्पष्ट करें कि २०२७ के पूर्वके निवेशपर भारतीय टैक्स लागू होंगे अथवा नहीं। गौरतलब है कि २०१७ में भारतने मॉरीशसके साथ दोहरे टैक्स वचन समझौतेमें बदलाव कर दिया था और मॉरीशसके रास्ते आने वाले निवेशपर कर लगानेका निर्णय लिया था। चौथे, विदेशी संस्थागत निदेशक अन्य प्रकारसे सुविधाएं चाहते हैं, जैसे टैक्स रिफंडको आसान बनाना, केवाईसी और लाभार्थीका खुलासा करनेकी अनिवार्यतासे मुक्त किया जाय। समझा जा सकता है कि विदेशी संस्थागत निवेशक वे सभी सुविधाएं चाहते हैं जो अभीतक घरेलू निवेशकोंको उपलब्ध नहीं हैं। करोंमें छूट अथवा मुक्ति अथवा केवाईसी नियमोंमें छूट आदि देशके लिए अमंगलकारी होते हैं।

सर्वप्रथम हालांकि सरकारने पहलेसे ही सरकारी प्रतिभूतियोंमें निवेशसे आय और पूंजीगत लाभोंको कर मुक्त कर दिया है, यदि शेयरोंको भी करोंसे मुक्त किया जायगा तो उसका नुकसान सरकारी राजस्वको होगा, जिससे भारत सरकारका राजकोषीय घाटा बढ़ सकता है, जो महंगी बढ़ाने वाला और भविष्यकी पीढ़ियोंपर कर्ज भी बढ़ाने वाला है। गौरतलब है कि विदेशी संस्थागत निवेशकोंको सरकारी बांडोंपर पूंजीगत लाभ और आयकरमें छूटसे लगभग १०,००० करोड़के राजस्वका नुकसान होगा। अब जब विदेशी निवेशक यह मांग कर रहे हैं कि उन्हें शेयरोंपर होने वाले पूंजीगत लाभ और आयपर भी करकी छूट मिले तो यह नुकसान कई गुना होनेकी संभावना है। दूसरे, विदेशी निवेशकोंपर करमें रियायतको भारतीय निवेशकोंके साथ भेदभाव भी माना जा सकता है। इससे भारतीयों द्वारा बचतका प्रोत्साहन घटेगा, जिससे विदेशियोंपर निर्भरता बढ़ सकती है। तीसरे, विदेशी निवेशकोंकी एसटीटी कम करनेकी मांग, आय निवेशकके लिए अत्यंत घातक है। २०२६-२७ के बजटमें एसटीटी बढ़ानेके कारण एफएंडओमें छोटे निवेशकोंका आकर्षण कम हुआ है, जिससे विदेशी संस्थागत निवेशकोंका अनुचित लाभ कम हुआ है। ऐसेमें एसटीटीको कम करनेकी मांग अनुचित तो है ही, यदि यह मांग मान ली जायगी तो छोटे निवेशकोंको बड़ा नुकसान जारी रहेगा। चौथे, विदेशी संस्थागत निवेशक चाहते हैं कि उनके लाभार्थी निवेशकोंकी जानकारीको गुप्त रखा जाय, इसलिए वे केवाईसी नियमोंसे छूट जाते हैं। इससे पहले यूपीए शासनकालमें विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा पार्टिसिपेटरी नोट्सके माध्यमसे भारतके शेयर बाजारोंमें पैसा लगाया जाता था। इस पद्धतिका खासा विरोध हुआ था, क्योंकि ऐसा माना जा रहा था कि पार्टिसिपेटरी नोट्सके माध्यमसे आतंकवादी संघटनों एवं अन्य प्रकारकी गैर-कानूनी स्रोतोंसे पैसा भारतके शेयर बाजारमें आता है और उससे होने वाले लाभ भारतके खिलाफ ही इस्तेमाल किये जाते हैं। यदि केवाईसी नियमोंको शिथिल किया जायगा तो यह कानूनी रूपसे अनुचित ही नहीं, बल्कि गैर-कानूनी गतिविधियोंको बढ़ावा देने वाला और राष्ट्रीय सुरक्षाके लिए खतरे वाला होगा। अधिकांश आर्थिक विश्लेषक यह मानते हैं कि करोंमें छूट अथवा अन्य सुविधाएं वास्तवमें विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा बिकवालीको नहीं रोक पायगी, क्योंकि विदेशी संस्थागत निवेशक देशमें करों अथवा नियमोंके कारण बिकवाली नहीं कर रहे, बल्कि दुनियामें बदलते हालात विदेशी निवेशकों द्वारा भारतमें उनके द्वारा शेयरोंकी बिक्रीका कारण बन रहे हैं। भारत एक उभरती अर्थव्यवस्था है, और भारतसे इन संस्थागत निवेशकोंको खासा लाभ भी हुआ है। दशकोंतक विदेशी संस्थागत निवेशक भारतसे ३० से ४० प्रतिशत लाभ कमाते रहे हैं। वास्तवमें विदेशी संस्थागत निवेशक कई अन्य कारणोंसे अपने शेयर बेच रहे हैं। सबसे पहला और सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण कारण अमेरिकामें ब्याज दरोंमें वृद्धि और अमेरिकी सरकारके बांडोंपर आकर्षक लाभ है। पूर्वमें अमेरिकामें फेडरल दर ०.२५ प्रतिशत तक थी। लेकिन हालके वर्षोंमें फेडरल रिजर्व (अमेरिकी केन्द्रीय बैंक) ने बढ़ती महंगीके चलते फेडरल दर बढ़ा दी है और वर्तमानमें यह ३.७५ से ४.० प्रतिशत है। ऐसेमें संस्थागत निवेशक वापसीका रुख कर रहे हैं। दूसरा प्रमुख कारण भू-राजनीतिक अनिश्चितता है। ऐसी किसी भी स्थितिमें विदेशी निवेशक अपने घरेलू बाजारोंकी ओर रुख कर लेते हैं। इस स्थितिको अंतरराष्ट्रीय बाजारोंमें 'रन फॉर सेफ हेवन' कहा जाता है।

निवेशकों द्वारा बिकवालीका तीसरा प्रमुख कारण अंतरराष्ट्रीय बाजारोंमें तेलकी बढ़ती कीमत और उसकी वजहसे दुनियाके दूसरे भागोंमें वित्तकी बढ़ती मांग है। चौथा, रुपयेका अवमूल्यन है। क्योंकि भारतीय रुपया पिछले समयमें काफी ज्यादा गिर गया था, इसलिए निवेशकोंको लाभ होनेपर भी डालरोंमें वह लाभ बहुत हो जाता है। इसलिए वे बाहरकी ओर रुख कर लेते हैं। पांचवां कारण यह है कि कई अन्य देशोंमें उभरते उद्योगोंकी वजहसे वहां निवेशकी संभावनाएं ज्यादा हैं। इस संदर्भमें दक्षिण कोरिया और ताईवानकी ओर विदेशी निवेशक रुख कर रहे हैं। भारतमें विदेशी निवेशपर लगने वाले कर अथवा केवाईसीके नियम अथवा अन्य भारतीय नियम विदेशी निवेशकों द्वारा बाहरका रुख करनेके लिए जिम्मेदार नहीं हैं। इसलिए करोंमें छूट देना हितकारी नहीं है।

सामूहिक सामाजिक चेतना की पराजय

पंचकूलाकी घटनाने एक ऐसा प्रश्न खड़ा किया है, जिससे मुंह मोड़ना संभव नहीं है। आखिर बच्चोंके मनमें हिंसाके बीज कौन बो रहा है। बच्चों और किशोरोंमें हिंसक व्यवहारपर नियंत्रणकी कठिनाइयां इसके जोखिमको बढ़ा सकती हैं।


❐ योगेश कुमार गोयल

बचपनको मासूमियत, निश्छलता और खिलखिलाती मुस्कानका पर्याय माना जाता है। बच्चोंके हाथोंमें खिलौने अच्छे लगते हैं, पत्थर और ईंटें नहीं, किसीके प्रति नफरत और हिंसा नहीं। लेकिन जब आठ-दस वर्षकी उम्रके बच्चे भी किसी दूसरे मासूमकी जान लेनेपर उतारू हो जायं, तब सवाल केवल एक बच्चेके असामान्य व्यवहारका नहीं रह जाता, बल्कि पूरे सामाजिक परिवेश, पारिवारिक संस्कारों, शिक्षा व्यवस्था और हमारी बदलती जीवनशैलीका हो जाता है। हरियाणाके पंचकूलामें छह सालकी विशेष आवश्यकता वाली बच्चीपर तीसरी कक्षाके आठ वर्षीय छात्र द्वारा किया गया बर्बर हमला इसी भयावह वास्तविकताका आईना है। आरोपी छात्र बच्चीको एक खाली कक्षामें ले गया, वहां उसके बाल पकड़कर घसीटा, बेंचपर सिर पटका, लातें मारी तथा ईंट, पत्थर और गमलेसे उसके सिर तथा चेहरेपर बार-बार प्रहार किये। करीब ९६ सैकेंडतक चली इस हिंसाका दृश्य कक्षामें लगे सीसीटीवी कैमरेमें दर्ज हुआ। सबसे विचलित करने वाली बात यह है कि हमला करने वाला कोई व्यस्क अपराधी नहीं, बल्कि आठ वर्षका बच्चा है। यह घटना जितनी पीड़ित बच्चीके लिए भयावह है, उतनी ही उस बच्चेके मानसिक और सामाजिक विकासको लेकर भी गम्भीर चिन्ता पैदा करती है। आखिर इतनी छोटी उम्रमें किसी बच्चेके भीतर इतनी आक्रामकता कहांसे आती है। सवाल यह कि हमारे घरों, स्कूलों और समाजमें ऐसा क्या बदल रहा है कि बचपनकी भाषामें प्रेम और संवेदनाकी जगह हिंसा प्रवेश करती जा रही है।

इस घटनाने एक ऐसा प्रश्न हमारे सामने खड़ा किया है, जिससे मुंह मोड़ना अब संभव नहीं है कि आखिर बच्चोंके मनमें हिंसाके बीज कौन बो रहा है। बच्चों और किशोरोंमें हिंसक व्यवहारका कोई एक कारण नहीं होता। परिवारमें हिंसा देखना, कठोर अथवा असंगत अनुशासन, भावनात्मक उपेक्षा, कमजोर अभिभावकीय निगरानी, साथियोंका दबाव, सामाजिक अलगाव और व्यवहारपर नियंत्रणकी कठिनाइयां इसके जोखिमको बढ़ा सकती हैं। सबसे पहले सवाल परिवारोंसे है। आज अनेक घरोंमें बच्चोंको महंगे खिलौने, स्मार्टफोन, टैबलेट और मनोरंजनके तमाम साधन तो उपलब्ध करा दिये जाते हैं लेकिन उनके साथ बैठकर बातचीत करने, उनकी भावनाएं समझने और उनके व्यवहारको दिशा देनेका समय लगातार कम होता जा रहा है। माता-पिता अपनी व्यस्तताओंमें उलझे हैं और कई बार बच्चे अपनी भावनात्मक उलझनोंके साथ अकेले रह जाते हैं। बच्चा वही सीखता है, जो अपने आसपास बार-बार देखता है। यदि घरमें समस्याका समाधान संवादसे नहीं, बल्कि चीखने, धमकाने और हाथ उठानेसे होता है तो उसके लिए हिंसा धीरे-धीरे व्यवहारका स्वीकार्य तरीका बन सकती है।

दूसरा बड़ा सवाल डिजिटल दुनियाका है। मोबाइल फोन और इंटरनेटने बच्चोंके सामने ज्ञान और मनोरंजनके असंख्य अवसर खोले हैं लेकिन इसी दुनियामें हिंसक वीडियो, मारधाड़ वाले खेल और आक्रामक व्यवहारको महिमामंडित करने वाले दृश्य भी मौजूद हैं। समस्या तब गम्भीर हो जाती है, जब बच्चा बिना किसी निगरानीके घंटों ऐसी सामग्री देखता है और उसे यह समझाने वाला कोई नहीं होता कि पर्देपर दिखाई जाने वाली हिंसा वास्तविक जीवनमें किसीके मन और अस्तित्वको कितनी गहरी चोट पहुंचाती है। तीसरी चिन्ता बच्चोंमें संवेदनशीलता और सहानुभूतिके विकासकी है। आज हम बच्चोंको प्रतियोगितामें आगे निकलना, जीतना और दूसरोंसे बेहतर प्रदर्शन करना तो सिखा रहे हैं लेकिन हार स्वीकार करना, दूसरोंकी भावनाओंका सम्मान करना, कमजोरकी मदद करना और क्रोधपर नियंत्रण रखना कितना सिखा रहे हैं। क्या स्कूलोंमें नैतिक शिक्षा केवल पाठ्य पुस्तकोंतक सिमट गयी है। क्या बच्चोंको यह समझाया जा रहा है कि किसीको चोट पहुंचाना बहादुरी नहीं, कमजोरी है। किसी दूसरेकी पीड़ा देखकर मनमें करुणा पैदा होना ही मानवीय संवेदनाका आधार है। यहां स्कूलोंकी जिम्मेदारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। पंचकूलाकी घटनाने सीसीटीवी कैमरोंकी मौजूदगी और वास्तविक निगरानीके बीचके अन्तरको उजागर किया है। कैमरे लगे होना सुरक्षा नहीं है, उनकी सतत निगरानी, समयपर हस्तक्षेप और जवाबदेही ही सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। सवाल है कि एक छह सालकी बच्ची स्कूल परिसरमें एक अन्य छात्रके साथ ऐसी स्थितिमें कैसे पहुंच गयी, जहां उसपर लगातार हमला होता रहा और किसी शिक्षक या कर्मचारीको समय रहते इसकी जानकारी नहीं मिली। यदि स्कूलमें शिक्षकोंकी कमी थी, एक शिक्षकको कई कक्षाओंकी जिम्मेदारी संभालनी पड़ रही थी अथवा ड्यूटी व्यवस्थामें कोई खामी थी तो यह भी जांचका विषय है।

अभिभावकोंको भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। बच्चोंके व्यवहारमें अचानक आक्रामकता, दूसरोंको चोट पहुंचानेकी प्रवृत्ति, क्रोधपर नियंत्रण न रहना, पश्चातापका अभाव, जानवरों अथवा कमजोर बच्चोंके प्रति क्रूरता जैसे संकेतोंको सामान्य शरारत समझकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। बच्चोंको दंडित करनेके बजाय उनकी भावनाओंको समझना, उन्हें अपनी बात कहनेका अवसर देना और प्रेमके साथ स्पष्ट अनुशासन सिखाना जरूरी है। खेलकूद, रचनात्मक गतिविधियां, सामूहिक सहभागिता और सामाजिक सेवा जैसी गतिविधियां भी उनमें सहयोग, धैर्य और सहानुभूति विकसित कर सकती हैं। इस घटनानें हमें एक कठोर सचाईसे रूबरू कराता है कि बच्चोंका भविष्य केवल अच्छे स्कूल, महंगी शिक्षा, आधुनिक तकनीक और बेहतर सुविधाओंसे सुरक्षित नहीं हो सकता। उसके लिए अच्छे संस्कार, भावनात्मक सुरक्षा, मानवीय संवेदना और जिम्मेदार अभिभावक भी उतने ही आवश्यक हैं। आज सबसे बड़ा सवाल यह नहीं कि पंचकूलामें एक आठ वर्षीय बच्चेने छह सालकी बच्चीपर हमला क्यों किया, बल्कि यह है कि हम ऐसी नौबत आनेसे पहले क्या कर रहे थे और भविष्यमें ऐसी घटनाएं रोकनेके लिए क्या करेंगे। जिस उम्रमें बच्चोंको अक्षर ज्ञान, दोस्ती, खेल और मानवीय रिश्तोंका अर्थ समझना चाहिए, उस उम्रमें यदि उनके हाथोंमें ईंट और पत्थर दिखाई देने लगें तो यह केवल एक परिवार या स्कूलकी विफलता नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक सामाजिक चेतनाकी पराजय है। हमें तय करना होगा कि बच्चोंको केवल प्रतियोगितामें जीतना सिखाना है या इंसानियतके साथ जीना भी क्योंकि बचपन यदि हिंसक हो गया तो भविष्य सभ्य कैसे होगा और यदि स्कूलोंमें बच्चे सुरक्षित नहीं तो फिर उनके सुरक्षित भविष्यकी गारंटी कौन देगा।



आत्मा की शुद्धि

❐ अनुज आचार्य

भारतीय सनातन संस्कृतिमें मनुष्यकी महानताका आधार उसका धन, पद, कुल अथवा प्रतिष्ठा नहीं, बल्कि उसके सद्कर्म, संस्कार और आचरण हैं। बाहरी वैभव व्यक्तिको आकर्षक बना सकता है, लेकिन उसके चरित्रकी वास्तविक पहचान उसके व्यवहारसे होती है। ईश्वरकी आराधना करना श्रद्धा है, किन्तु उसके बताये सद्गुणोंको जीवनमें उतारना सच्ची साधना है। सनातन दर्शन मनुष्यको अपने अंतर्मनकी शुद्धि और आत्मिक उन्नतिका मार्ग दिखाता है। क्रोध, लोभ, मोह, ईर्ष्या और अहंकार व्यक्तिके विवेकको ढक देते हैं, जबकि क्षमा, संतोष, विनम्रता, दया और परोपकार उसके व्यक्तित्वको गरिमा प्रदान करते हैं। धार्मिक ग्रंथोंका ज्ञान तभी सार्थक है, जब वह हमारे आचरणमें दिखाई दे। यदि कोई व्यक्ति नियमित पूजा करता है, लेकिन दूसरोंके अधिकारोंका हनन करता है, असत्य बोलता है तो उसे अपनी धार्मिकताके वास्तविक स्वरूपपर विचार करना चाहिए। सच्चा धर्म वह है, जो मनुष्यको बेहतर इनसान बनाये। भगवान श्रीकृष्णने श्रीमद्भगवद्गीतामें कहा है, कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन। अर्थात् मनुष्यका अधिकार कर्म करनेमें है, फलपर नहीं। यह उपदेश हमें सिखाता है कि अपने कर्तव्योंका निर्वहन निष्ठा और समर्पणसे करना चाहिए, न कि केवल लाभ अथवा प्रशंसाकी अपेक्षासे। जब कर्म स्वार्थ और अहंकारसे ऊपर उठकर कर्तव्यबोध तथा लोककल्याणकी भावनासे किया जाता है, तब वह कर्मयोग बन जाता है। शिक्षकका विद्यार्थियोंको ज्ञान और संस्कार देना, चिकित्सकका रोगियोंकी सेवा करना, किसानका अन्न उपजाना और सैनिकका राष्ट्रकी रक्षा करना अपने-अपने क्षेत्रमें कर्मयोगके उदाहरण हैं। इस प्रकार अपने दायित्वको ईमानदारीसे निभाना भी ईश्वरके प्रति समर्पणकी अभिव्यक्ति बन सकता है। गीताका एक अन्य महत्वपूर्ण संदेश है- योगः कर्मसु कौशलम्। अर्थात् कर्मोंमें कुशलता ही योग है। आध्यात्मिकताका अर्थ संसारसे विमुख होना नहीं, बल्कि संसारमें रहते हुए अपने कर्तव्योंको विवेक, निष्ठा और सद्भावसे निभाना है। भाग्यके भरोसे निष्क्रिय बैठनेके बजाय पुरुषार्थ करना आवश्यक है। परिस्थितियां हमेशा हमारे नियंत्रणमें नहीं होतीं, लेकिन हमारा प्रयास, दृष्टिकोण और व्यवहार हमारे व्यक्तित्वको दिशा देते हैं। ईश्वरपर विश्वासका अर्थ चमत्कारकी प्रतीक्षा करना नहीं, बल्कि श्रद्धाके साथ कर्म करना और कठिन समयमें धैर्य बनाये रखना भी है। सच्ची आस्था मनुष्यको कर्महीन नहीं, बल्कि अधिक साहसी, जिम्मेदार और कर्तव्यनिष्ठ बनाती है। श्रेष्ठ व्यक्तित्वकी सबसे सुन्दर अभिव्यक्ति सेवा और करुणामें दिखाई देती है। किसीकी सहायता करके उसे अपमानित करना परोपकार नहीं, वास्तविक सेवा वह है, जिसमें दूसरेकी गरिमा और आत्मसम्मान सुरक्षित रहें।

तनाव को नियंत्रित करने के प्रति जागरूकता

❐ श्वेता गोयल

सुविधाएं बढ़नेके साथ मनुष्यका लगातार घटता सुकून आधुनिक जीवनकी सबसे बड़ी विडंबनाओंमेंसे एक है। तकनीकने दूरियोंको समेट दिया है, संचारको त्वरित बना दिया है और जीवनको सुविधाजनक बनानेके असंख्य साधन उपलब्ध करा दिये हैं लेकिन इसके बावजूद मनुष्य पहलेसे कहीं अधिक मानसिक दबाव, बेचैनी, असुरक्षा और तनावसे घिरा दिखाई देता है। सुबह आंख खुलनेसे लेकर रातको सोनेतक जिम्मेदारियों, अपेक्षाओं, प्रतिस्पर्धा, आर्थिक चिन्ताओं, नौकरीकी अनिश्चितता, पारिवारिक उलझनों और सामाजिक अपेक्षाओंका ऐसा सिलसिला चलता रहता है, जिसमें व्यक्ति स्वयंके लिए समय निकालनातक भूल जाता है। विडंबना यह है कि तनावको आजकल सफल और व्यस्त जीवनकी स्वाभाविक कीमत मान लिया गया है जबकि लगातार बना रहने वाला तनाव धीरे-धीरे शरीर और मन दोनोंको भीतरसे कमजोर कर सकता है। यही कारण है कि तनाव अब केवल व्यक्तिगत परेशानी नहीं, गम्भीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बनता जा रहा है।

इसी चुनौतीके प्रति जागरूकता बढ़ानेके उद्देश्यसे प्रतिवर्ष नवंबरके पहले बुधवारको राष्ट्रीय तनाव जागरूकता दिवस (नेशनल स्ट्रेस अवेयरनेस डे) मनाया जाता है। इस वर्ष यह दिवस ४ नवंबरको है। इसकी शुरुआत वर्ष १९९८ में ब्रिटेनकी इंटरनेशनल स्ट्रेस मैनेजमेंट असोसिएशनने की थी। इसका मूल उद्देश्य लोगोंको तनावके कारणों, लक्षणों और दुष्प्रभावोंसे परिचित कराना तथा व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक जीवनमें तनावको पहचानने और प्रभावी ढंगसे नियंत्रित करनेके उपायों के प्रति जागरूक करना है। विश्व स्वास्थ्य संघटनके अनुसार तनाव किसी कठिन परिस्थितिके कारण उत्पन्न होने वाली चिन्ता अथवा मानसिक दबावकी स्थिति है। यह जीवनकी चुनौतियों और सम्भावित खतरोंके प्रति शरीरकी स्वाभाविक प्रतिक्रिया है। परीक्षा, प्रतियोगिता, नौकरीके साक्षात्कार अथवा किसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारीके दौरान उत्पन्न होने वाला हल्का तनाव व्यक्तिको सतर्क, सक्रिय और लक्ष्यके प्रति एकाग्र बना सकता है।

तनावकी स्थितिमें शरीरकी प्राकृतिक 'फाइट ऑर फ्लाइट' यानी लड़ो या भागो प्रतिक्रिया सक्रिय हो जाती है। मस्तिष्क खतरे अथवा दबावका संकेत मिलनेपर शरीरमें एड्रेनालिन और कॉर्टिसोल जैसे हार्मोनके स्रावको प्रभावित करता है। हृदय गति और रक्तचाप बढ़ सकते हैं, सांस तेज हो सकती है, मांसपेशियोंमें खिंचाव आने लगता है और शरीर तत्काल प्रतिक्रिया देनेके लिए तैयार हो जाता है। आपातकालीन परिस्थितियोंमें यह प्रतिक्रिया उपयोगी होती है लेकिन जब यही स्थिति लम्बे समयतक बनी रहती है तो शरीरकी सामान्य कार्यप्रणाली प्रभावित होने लगती है। लगातार तनावसे नींदमें बाधा, सिरदर्द, थकान, पाचन संबंधी समस्याएं, चिड़चिड़ापन, एकाग्रतामें कमी और निर्णय लेनेकी क्षमता प्रभावित हो सकती है। दीर्घकालिक तनाव उच्च रक्तचाप, हृदय संबंधी समस्याओं तथा पहलेसे मौजूद बीमारियोंको और गम्भीर बनानेमें भी योगदान दे सकता है। तनावका प्रभाव केवल मनतक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरे शरीरपर पड़ता है। तनावका सबसे खतरनाक पहलू यह है कि इसके शुरुआती संकेत अक्सर सामान्य थकान, कामका दबाव अथवा अस्थायी मनोदशा समझकर नजरअंदाज कर दिये जाते हैं। कई लोग स्वयंको सामाजिक गतिविधियोंसे अलग कर लेते हैं और अपनी परेशानी दूसरोंसे साझा करनेसे भी बचते हैं। यदि लम्बे समयतक तनाव बना रहे तो चिन्ता और अवसाद जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं अथवा पहलेसे मौजूद समस्याएं गम्भीर हो सकती हैं। हालांकि हर तनावग्रस्त व्यक्ति मानसिक बीमारीसे पीड़ित नहीं होता और न ही तनावके प्रत्येक लक्षणको किसी बीमारीका प्रमाण माना जाना चाहिए।

आज तनावके कारण भी पहलेकी तुलनामें अधिक जटिल हो गये हैं। नौकरीमें प्रतिस्पर्धा, कामका अत्यधिक बोझ, लक्ष्य पूरा करनेका दबाव, रोजगारकी असुरक्षा, महंगी, कर्ज, पारिवारिक जिम्मेदारियां, बच्चोंकी शिक्षा, रिश्तोंमें तनाव और भविष्यकी अनिश्चितता इसके प्रमुख कारण हैं। डिजिटल युगने इस समस्याको एक नया आयाम दिया है। मोबाइल फोन, सोशल मीडिया, लगातार मिलने वाले संदेश, ईमेल और चौबीसों घंटे उपलब्ध रहनेकी अपेक्षाने व्यक्तिके निजी और व्यावसायिक जीवनके बीचकी सीमाएं धुंधली कर दी हैं। दूसरोंकी उपलब्धियों और दिखावटी खुशियोंसे अपनी तुलना करनेकी प्रवृत्ति भी असंतोष और मानसिक दबावको बढ़ाती है। विशेष रूपसे युवाओंमें करियर, रोजगार, आर्थिक आत्मनिर्भरता, सामाजिक स्वीकृति और भविष्यको लेकर चिन्ता बढ़ती दिखाई देती है। वहीं बच्चोंपर पढ़ाई, परीक्षाओं और अभिभावकोंकी अपेक्षाओंका दबाव तथा बुजुर्गोंमें अकेलापन, स्वास्थ्य और पारिवारिक उपेक्षा भी तनावके महत्वपूर्ण कारण हैं। तनाव प्रबंधनका अर्थ जीवनकी सभी समस्याओंको समाप्त कर देना नहीं, बल्कि कठिन परिस्थितियोंसे निबटनेकी अपनी क्षमता विकसित करना है। इसके लिए सबसे पहले तनावके वास्तविक कारणोंको पहचानना आवश्यक है। प्रतिदिन कुछ समय स्वयंके साथ बिताना, अपनी भावनाओं और चिन्ताओंको समझना तथा जरूरत पड़नेपर उन्हें डायरीमें लिखना उपयोगी हो सकता है। नियमित व्यायाम, तेज गतिसे पैदल चलना, साइकिल चलाना, योग, ध्यान और गहरी सांस लेनेके अभ्यास तनाव कम करनेमें सहायक होते हैं। प्रतिदिन कुछ समय प्रकृतिके बीच बिताना, पसन्दीदा संगीत सुनना, बागवानी करना अथवा कोई रचनात्मक गतिविधि अपनाना भी मनको राहत दे सकता है। अनियमित दिनचर्या, देर राततक मोबाइल और स्क्रीनका इस्तेमाल तथा कैफीनका अत्यधिक सेवन नींदको प्रभावित कर सकता है। इसलिए सोने और जागनेका समय निर्धारित रखना, रातमें डिजिटल उपकरणोंसे दूरी बनाना और शांत वातावरणमें सोनेकी आदत विकसित करना जरूरी है। इसी प्रकार संतुलित भोजन, पर्याप्त पानी और नियमित शारीरिक गतिविधि शरीरकी सामान्य कार्यप्रणाली बनाये रखनेमें मदद करते हैं। कामके बीच छोटे-छोटे विराम लेना, प्राथमिकताओंके आधारपर कार्योंका विभाजन करना और हर जिम्मेदारीको एक साथ पूरा करनेका दबाव न लेना भी तनाव घटानेके व्यावहारिक उपाय हैं। कार्यस्थलोंपर भी कर्मचारियोंके लिए संतुलित कार्यभार, पर्याप्त अवकाश, लचीली कार्यव्यवस्था, सम्मानजनक व्यवहार और मानसिक स्वास्थ्य परामर्शकी सुविधाएं उपलब्ध करायी जानी चाहिएं। यह समझना जरूरी है कि हर तनावको केवल योग, ध्यान अथवा सकारात्मक सोचसे दूर नहीं किया जा सकता। यदि तनाव लम्बे समयतक बना रहे, नींद और दैनिक जीवन गम्भीर रूपसे प्रभावित होने लगे तो मनोवैज्ञानिक, मनोचिकित्सक अथवा अन्य स्वास्थ्य विशेषज्ञसे सहायता लेनेमें देर नहीं करनी चाहिए। राष्ट्रीय तनाव जागरूकता दिवस हमें यह सोचनेका अवसर देता है कि क्या हम वास्तवमें जी रहे हैं या केवल अपेक्षाओंको पूरा करनेकी दौड़में भाग रहे हैं। जीवनकी सफलता केवल धन, पद, प्रतिष्ठा और उपलब्धियोंसे नहीं मापी जा सकती। तनावसे मुक्त जीवनका अर्थ समस्याओंसे मुक्त जीवन नहीं, समस्याओंके बीच भी संतुलन बनाये रखनेकी कला है। आखिरकार स्वस्थ मन ही स्वस्थ शरीर, सशक्त परिवार और संवेदनशील समाजकी नींव है।

बोर्ड बैठक को लेकर मथुरा नगर निगम में हंगामा: महापौर के बिना हुई बैठक, मीट की दुकानों पर भाजपा-सपा पार्षद भिड़े; सदन में बुलानी पड़ी पुलिस



मथुरा। मथुरा-वृंदावन नगर निगम की बैठक में मंगलवार को पार्षदों ने जमकर हंगामा किया। वार्डों में समान रूप से विकास कार्य नहीं होने और अधिकारियों पर मनमानी के आरोप लगाते हुए पार्षदों ने नाराजगी जताई। कुछ पार्षदों ने बैठक का बहिष्कार भी किया। वहीं, परिचर्चा के लिए बुलाई गई बैठक में ३४ बिंदुओं का एजेंडा दिए जाने पर भी सवाल उठाए गए। पार्षदों ने कहा कि उन्हें समझ नहीं आ रहा कि यह परिचर्चा बैठक है या बोर्ड बैठक। बैठक की शुरुआत नगर निगम के सदन कक्ष में उप सभापति मुकेश सारस्वत की अध्यक्षता में वंदे मातरम के साथ हुई। इस दौरान नगर आयुक्त ओजस्वी राज भी मौजूद रहे। शुरुआत में ही पार्षदों को ३४ बिंदुओं का एजेंडा दे दिया गया। इस पर पार्षदों ने सवाल उठाया कि जब बैठक परिचर्चा के लिए बुलाई गई थी तो एजेंडा क्यों दिया गया? पार्षदों का कहना था कि यदि यह बोर्ड बैठक है तो एजेंडा ७२ घंटे पहले दिया जाना चाहिए था। मथुरा वृंदावन नगर निगम के सदन कक्ष में उप सभापति मुकेश सारस्वत की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक की शुरुआत नगर आयुक्त ओजस्वी राज की मौजूदगी में वंदे मातरम से की गई। इसके बाद सभी पार्षदों को ३४ बिंदुओं का एजेंडा दे दिया गया। जिसके बाद पार्षद नगर आयुक्त से पूछते हुए नजर आए कि यह बैठक परिचर्चा पर है या फिर बोर्ड बैठक। इसको लेकर पार्षदों ने नारा. जगी जताई। पार्षदों का कहना था अगर यह बोर्ड मीटिंग थी तो पहले ७२ घंटे पहले एजेंडा क्यों नहीं दिया। बैठक में पार्षदों ने अधिकारियों पर मनमानी और लापरवाही के आरोप लगाए। उनका कहना था कि वार्डों में विकास कार्य कराए जा रहे हैं, लेकिन पार्षदों को इसकी जानकारी तक नहीं दी जाती। पार्षद नीलम गोयल ने निर्माण विभाग के चीफ इंजीनियर संजय चौहान पर आरोप लगाया कि वह अपने काम के लिए उनके कार्यालय के चक्कर लगाती रहती हैं, लेकिन अधिकारी मिलते ही नहीं हैं। पार्षद संजय ने कहा कि उनके वार्ड में ५० लाख रुपए तक के काम नहीं कराए जा रहे हैं। इस पर चीफ इंजी. नियर ने कहा कि सभी वार्डों में काम हो रहे हैं। पार्षद ने जवाब दिया कि टेंडर तो हो रहे हैं, लेकिन ठेकेदार भुगतान नहीं होने की बात कह रहे हैं। अप्रैल २०२६ की बैठक में ७० लाख रुपए के कामों के टेंडर अब तक नहीं हुए हैं। पार्षद धनंजय सिंह लोधी ने कहा- "मैं वार्ड नंबर ४० से हूं। विरोध इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि यहां चर्चा के लिए बैठक बुलाई गई थी। बैठक शुरू होने के बाद हमारे हाथ में ३४ पॉइंट का एजेंडा थमा दिया गया। अब इतनी जल्दी इन ३४ पॉइंट को कैसे पढ़ेंगे और कैसे समझेंगे? यह बोर्ड बैठक थी, जिसे धोखे से कराया गया। इसमें भी हमारे वार्ड के कोई काम नहीं हैं। मेयर साहब पर हमारा कोई आरोप नहीं है। हमारा आरोप नगर आयुक्त पर है। नगर आयुक्त हमें स्पष्ट करें कि मेयर साहब बैठक में क्यों नहीं आए। मेयर को सूचना थी या नहीं, यह नगर आयुक्त ही बताएंगे।" वार्ड-५५ के पार्षद विवेक पाराशर ने कहना था कि "महापौर अधिकारियों के भ्रष्टाचार से आहत होकर इस मीटिंग में नहीं आना चाहते हैं और न ही आ रहे हैं। बैठक नहीं होने दी गई। ये सभी लोग मनमानी पर उतर आए हैं। जो भी नगर आयुक्त आते हैं, वे मनमानी करते हैं। अपने आप को आईएएस समझते हैं। न महापौर को तवज्जो देते हैं और न ही पार्षदों को।" पार्षद गुलशन ने आरोप लगाया कि नगर निगम के निचले स्तर के अधिकारी किसी पार्षद की बात नहीं सुनते। उन्होंने नए शामिल हुए वार्डों की सड़कों और गलियों को पक्का कराने की मांग की। साथ ही नगर निगम क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालयों की जर्जर हालत सुधारने की बात कही। उन्होंने नगर आयुक्त से विकास कार्यों की समय-सीमा तय करने की मांग की। बैठक में सौंख रोड पर मीट की दुकानों का मुद्दा उठने पर भाजपा और सपा के पार्षद आमने-सामने आ गए। महोली रोड के पार्षद कुलदीप पाठक ने सौंख रोड पर मीट की दुकानों को लेकर सवाल उठाया। इस पर वार्ड-२२ के पार्षद प्रतिनिधि अब्दुल मलिक ने कहा कि मीट का कारोबार बंद होने से लोग बेरोजगार हो जाएंगे। यदि दुकानें हटानी हैं तो कारोबारियों को मथुरा से बाहर एक स्थान उपलब्ध कराया जाए। इस पर भाजपा के अन्य पार्षदों ने विरोध जताते हुए कहा कि धर्मनगरी में मीट की दुकानें नहीं चलेंगी। दोनों पक्षों के बीच बहस बढ़ने लगी तो सदन में पुलिस और नगर निगम की अतिक्रमण हटाओ टीम के जवानों को बुलाना पड़ा। इसके बाद कुछ पार्षद प्रतिनिधियों ने हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया। फिर बैठक दोबारा शुरू हो सकी।

तेल पाइपलाइन की सुरक्षा को लेकर पुलिस सख्त, तेल चोरी करने वालों पर लगेगा एनएसए,

१९ करोड़ की संपत्ति कुर्क करने वाली पुलिस टीम सम्मानित

एसएसपी समेत चार अधिकारियों को इंडियन ऑयल कार्पोरेशन ने दिया प्रशस्ति पत्र .



मथुरा। मथुरा में तेल पाइपलाइन से तेल चोरी करने वाले अपराधियों की अब खैर नहीं। पाइपलाइन को नुकसान पहुंचाने और तेल चोरी करने वालों के खिलाफ मथुरा पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। ऐसे अपराधों में शामिल आरो. पियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून यानी छै. के तहत भी कार्रवाई की जाएगी। मंगलवार को ैच श्लोक कुमार की अध्यक्षता में पुलिस और तेल कंपनियों के अधिकारियों की समन्वय बैठक हुई। इस दौरान तेल चोरी के एक बड़े मामले में करीब १९ करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क करने वाली मथुरा पुलिस की कार्रवाई को इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने सराहा। एसएसपी समेत चार पुलिस अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जनपद से होकर गुजरने वाली हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल), इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड) एवं भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ठच्ब्ब्) की भूमिगत पाइपलाइनों की सुरक्षा को लेकर जिला पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। पाइपलाइन को नुकसान पहुंचाने और तेल चोरी करने वालों के खिलाफ पुलिस त्वरित एवं कठोर कार्रवाई करेगी। ऐसे अपराधों में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत भी कार्रवाई की जाएगी। मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय समन्वय बैठक में तेल कंपनियों के अधिकारियों ने पाइपलाइन की सुरक्षा एवं निगरानी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। बैठक में पुलिस एवं तेल कंपनियों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने तथा किसी भी घटना की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर शरद अग्रवाल, मुख्य महाप्रबंधक एवं क्षेत्रीय प्रमुख, उत्तरी क्षेत्र पाइपलाइंस (छत्च्ब्), इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने सितंबर २०२३ में सामने आए ैडच्ब् पाइपलाइन तेल चोरी (च्च्) मामले में मथुरा पुलिस द्वारा की गई उत्कृष्ट कार्रवाई की विशेष सराहना की। इस मामले में मुख्य आरोपी की लगभग १९ करोड़ रुपये मूल्य की संपत्ति कुर्क की गई थी। अग्रवाल ने कहा कि मथुरा पुलिस द्वारा की गई यह प्रभावी कार्रवाई पाइपलाइन से तेल चोरी (च्च्) के मामलों में अपराधियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह कार्रवाई भविष्य में देशभर में पाइपलाइन से तेल चोरी के मामलों में पुलिस कार्रवाई के लिए एक बेंचमार्क साबित होगी। इस सराहनीय कार्रवाई के लिए इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (प्ब्ब्) की ओर से चार पुलिस अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित अधिकारियों में:वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक , मथुराश्लोक कुमार,पुलिस अधीक्षक नगर राजीव कुमार सिंह,क्षेत्राधिकारी रिफाइनरी प्रवीण कुमार तिवारी, थाना फरह के तत्कालीन थानाध्यक्ष और वर्तमान जेत प्रभारी निक्ष्क निरीक्षक छोटे लाल का चीफ मैनेजर एवं रीजनल हेड के शरद अग्रवाल ने सभी सम्मानित पुलिस अधिकारियों एवं उनकी टीम के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रभावी पुलिस कार्रवाई से पाइपलाइन सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी तथा तेल चोरी जैसे संगठित अपराधों में संलिप्त अपराधियों के बीच कड़ा संदेश जाएगा। बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों ने पुलिस एवं तेल कंपनियों के बीच आपसी समन्वय, सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान और संयुक्त प्रयासों के माध्यम से जनपद में स्थित सभी पेट्रोलियम पाइपलाइनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। विभिन्न तेल कंपनियों के निम्नलिखित अधिकारी एवं प्रति. निधि भी उपस्थित रहे: श्री बी.पी. पोद्दार, उप महाप्रबंधक,प्रवीण कुमार, मुख्य प्रबंधक (बैपर्मा डंदंहमत), वीपीसीएल ; टी.एम. शिवकुमार, वरिष्ठ प्रबंधक, पुष्प राज पटेल, वरिष्ठ प्रबंधक (मेनलाइन मेंटेनेंस),;नितिन अग्रवाल, योगेंद्र शर्मा, अंकुर चौहान एवं विपिन यादव, आदि उपस्थित थे।

ए-श्रेणी नगरपालिका की मांग को लेकर ४ नवंबर को वृंदावन में जनजागरण अभियान, घर-घर जाकर कराएंगे हस्ताक्षर

विद्यापीठ चौराहे से गौतमपाड़ा तिराहे तक चलेगा अभियान, नागरिकों को जागरूक कर शासन-प्रशासन तक पहुंचाई जाएगी जनता की आवाज

वृंदावन। वृंदावन को नगर निगम से पृथक कर पुन: ए-श्रेणी (प्रथम श्रेणी) नगरपालिका परिषद का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर वृंदावन ए-श्रेणी नगरपालिका जन अभियान मंच ने जनजागरण की मुहिम तेज करने की तैयारी शुरू कर दी है। इसी क्रम में बुधवार, ४ नवंबर को नगर में विशेष जनजागरण एवं हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया जाएगा। मंच के पदाधिकारियों के अनुसार अभियान का शुभारंभ दोपहर ३ बजे विद्यापीठ स्कूल से होगा। इसके बाद विद्यापीठ चौराहे से गौतमपाड़ा तिराहे तक दोनों ओर के मोहल्लों में जनसंपर्क कर नागरिकों को नगरपालिका परिषद की मांग के प्रति जागरूक किया जाएगा। साथ ही इस मांग के समर्थन में स्थानीय नागरिकों के हस्ताक्षर भी कराए जाएंगे। मंच का उद्देश्य वृंदावन की जनता की सामूहिक आवाज को शासन-प्रशासन तक पहुंचाना और नगर के बेहतर भविष्य के लिए अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना है। अभियान के माध्यम से नागरिकों को एकजुट कर वृंदावन को पुन: स्वतंत्र ए-श्रेणी नगरपालिका परिषद का अधिकार दिलाने की मांग को मजबूती से उठाया जाएगा। मंच ने नगरवासियों से अभियान में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने की अपील की है। अभियान का संदेश है। एक वृंदावन, एक आवाज, अपना नगरपालि. का अधिकार।

छाता क्षेत्र में केडी मेडिकल कॉलेज के पास बुजुर्ग से २.१३ लाख रुपये की लूट,

बाइक सवार बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम

चौमुहां। छाता क्षेत्र स्थित केडी मेडिकल कॉलेज के पुल पर बाइक सवार दो बदमाशों ने एक ७० वर्षीय बुजुर्ग को धक्का मारकर उनसे २,१३,७४० रुपये लूट लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट का मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। धान की फसल के पैसे लेने आए थे बुजुर्ग कोकैरा गांव के रहने वाले ७० वर्षीय बुजुर्ग वासुदेव ने पुलिस को दी गई जानकारी में बताया कि वह अपनी धान की फसल के रुपये लेने के लिए मथुरा आए थे। उनके पास पहले से ही लाखन सिंह को देने के लिए १.१२ लाख रुपये मौजूद थे। लाखन सिंह के न मिलने पर वासुदेव मथुरा में मुनीम मेघश्याम के पास पहुंचे। वहां से उन्होंने धान की फसल के १.६८ लाख रुपये लिए और इसके बाद टेम्पो में सवार होकर अपने घर वापस लौट रहे थे। घास्ते में जब वे केडी मेडिकल कॉलेज के पुल के पास पहुंचे, तो बाइक पर सवार दो युवकों ने उन्हें धक्का दे दिया। इसके बाद बदमाश उनके पास मौजूद कुल २,१३,७४० रुपये लूटकर फरार हो गए। घटना के तुरंत बाद पीड़ित ने पुलिस को इसकी सूचना दी। घ्युलिस ने मामला दर्ज कर लिया है तथा आरोपियों की तलाश के लिए आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

केएम विश्वविद्यालय में एमबीबीएस २०२६ बैच के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए व्हाइट कोट सेरेमनी का भव्य आयोजन

प्रति कुलपति ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को दिलाई चरक शपथ दया, संवेदना और सेवा का प्रतीक है सफेद कोट: प्रधानाचार्या



मथुरा। केएम विश्वविद्यालय के लेक्चर थिएटर तृतीय में मंगलवार को एमबीबीएस बैच २०२६ के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए व्हाइट कोट सेरेमनी का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर मेडिकल क्लास की पहली सीढ़ी पर कदम रखने वाले भावी चिकित्सकों को व्हाइट कोट पहनाकर सम्मानित किया गया, जिसे पाकर सभी छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एन.सी. प्रजापति ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि डॉक्टर्स बनने का जो सपना आपने देखा था, उसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित प्रति कुलपति डॉ. शरद अग्रवाल ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को चरक शपथ दिलाई तथा रोगियों के प्रति संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा के साथ चिकित्सा सेवा करने का संकल्प दिलाया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पूरन सिंह ने अनुशासन को सफलता की कुंजी बताया और विद्यार्थियों को अपनी प्रोफेशनल लाइफ की शुरुआत एक सुनियोजित दैनिक योजना (डेली प्लान) के साथ करने के लिए प्रेरित किया। मेडिकल कॉलेज की डायरेक्टर एवं प्रधानाचार्या डॉ. रेनू शेरावत ने कहा कि सफेद कोट केवल एक परिधान नहीं, बल्कि दया, संवेदना, मानवता और सेवा का प्रतीक है। इसे धारण करने के साथ ही चिकित्सकों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। केएम अस्पताल के एडीशनल मेडीकल सुप्रीटेंट डॉ. नमित गौतम ने विद्यार्थियों से ईमानदारी, अनुशासन और करुणा को जीवन में सर्वोच्च स्थान देने का आह्वान किया। केएम अस्पताल के मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. आर.के. गुप्ता ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धा के दौर में सहपाठियों के साथ सकारात्मक प्रतिस्पर्धा करते हुए एक बेहतरीन डॉक्टर बना जा सकता है। एक चिकित्सक के लिए मरीज की संतुष्टि और उसकी मुस्कान ही सबसे बड़ा पुरस्कार है। मंच का संचालन २०२३ बैच की छात्रा मानसी और छात्र आदित्या ने संयुक्त रूप से किया, जबकि अंत में फार्माकोलॉजी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुनीता जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से डिप्टी रजिस्ट्रार सुनील अग्रवाल, असिस्टेंट रजिस्ट्रार दीपक माथुर, डॉ. एम.के. तनेजा, डॉ. विकास सक्सेना, मेजर प्रोफेसर डॉ. विजय कुमार, डॉ. तारिख वली, डॉ. सुनीता रानी, डॉ. प्रियंका चौहान, डॉ. नीतिका जाकर, डॉ. प्रतीक गनवीर, डॉ. रामनरेश यादव, डॉ. अभिनव, डॉ. अभिषेक और दीपक सहित तमाम चिकित्सा शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नवप्रवेशित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

खिलाड़ियों ने जीते पदक बढ़ाया मथुरा का मान

मथुरा। नोएडा के बिलासपुर में आयोजित हुई चौथी परमाली मेमोरियल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जी.टी.एम ताइक्वांडो अकादमी के खिलाड़ियों ने भाग लिया सचिव गोविन्द अग्रवाल ने बताया में कुशाग्र चौधरी,गौरव सिंह,अवन्या सौलंकी ने स्वर्ण पदक जीता अभी सारस्वत, नित्यांत चौहान ने रजत पदक जीत कर मथुरा का मान बढ़ाया संघ के अध्यक्ष योगेश राठौड़ ने बताया कि खिलाड़ी की जीत में मुख्य योगदान गुरु के साथ माता पिता का है तभी खिलाड़ी आगे बढ़ते हैं शुभम कुमार, भूपेंद्र मिश्रा,दीपक चौधर, प्रीति सोलंकी, तुलकेश चौधरी सभी ने खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी जल्दी खिलाड़ियों का सम्मान समारोह किया जाएगा।

मथुरा में पुलिस का चेकिंग अभियान: पोतरा कुंड फ्लाईओवर पर संदिग्ध वाहनों की जांच, कई वाहनों के चालान किए

मथुरा। थाना गोविंदनगर में गो. विंदनगर पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार के निर्देशानुसार आगामी त्योहारों की सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर संदिग्ध व्यक्ति और वाहन चैकिंग अभियान चलाया। थाना गोविंदनगर की डीगगेट चौकी प्रभारी मयंक वत्स और उनकी पुलिस टीम ने कृष्ण जन्मभूमि के पीछे पोतरा कुंड फ्लाईओवर पर यह अभियान चलाया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर कई वाहनों के चालान भी किए गए।

24 नवम्बर, कार्तिक पूर्णिमा पर असंख्य दीपकों से जगमगाएंगे यमुना के घाट बिजली सजावट व फूल एवं रंगों से बनी रंगोली का रहेगा विशेष आकर्षण

मथुरा। देव दीपावली महोत्सव समिति द्वारा कार्तिक पूर्णिमा पर यमुना तट पर सभी घाटों पर विगत २० वर्षों से असंख्य दीप प्रज्वलित कर व आकर्षक बिजली सजावट एवं फूल और रंगो से रंगोली सजाकर भव्य आयोजन किया जाता रहा है। इस वर्ष देव दीपावली महोत्सव को ओर अधिक आकर्षक व भव्य बनाए जाने के संबंध में देव दीपावली महोत्सव समिति के पदाधिकारियों के प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी श्री चन्द्र प्रकाश सिंह एवं सिटी मजिस्ट्रेट श्री अनुपम मिश्रा के माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय मुख्यमंत्री श्रद्धेय योगी आदित्य नाथ जी महाराज के नाम ज्ञापन दिया। देव दीपावली महोत्सव समिति के अध्यक्ष पंडित सोहन लाल शर्मा एडवोकेट ने कहा कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार अषाढ़ पूर्णिमा से कार्तिक पूर्णिमाए तक सम्पूर्ण ब्रजमंडल में ३३ कोटि देवी देवताओं का निवास रहता है कार्तिक पूर्णिमा पर सभी मां श्री यमुना जी से विदाई लेकर अपने अपने स्थान पर वापस जाते है इस लिए सम्पूर्ण ब्रज में कार्तिक मास में सभी तीर्थ स्थलों एवं देवालयों में भव्य देव दीपावली मनाई जाती है। महोत्सव समिति के महामंत्री आचार्य ब्रजेन्द्र नागर ने जानक. ारी देते हुए कहा कि इस बार देव दीपावली महोत्सव कार्तिक पूर्णिमा २४ नवंबर २०२६ मंगलवार को सायं ०५ बजे से विगत वर्षों की भांति भव्यता के साथ आयोजित किया जाएगा उन्होंने बताया कि आयोजन का शुभारंभ सती बुर्ज राजा घाट पर ब्रज के पूज्य संत धर्माचार्यों एवं मथुरा महानगर के गणमान्य नागरिक. ों एवं जिला प्रशासन की उपस्थिति में शंखध्वनि के साथ किया जाएगा। महोत्सव समिति के उपाध्यक्ष अजय चतुर्वेदी, पंडित पंकज शर्मा, महेन्द्र दत्त आचार्य एडवोकेट, अखिलेश मिश्रा पिंटू, ने कहा कि यह आयोजन प्रति वर्ष महर्षि वेदव्यास जी की पौराणिक साधना स्थली कृष्णागंगा घाट से श्री ध्रुव जी महाराज की पावन तपस्थली ध्रुवघाट तक तथा यमुना पार के सभी पौराणिक घाटों पर एवं केशव दुर्ग (कंस किले) पर भव्यता के साथ मनाया जाता है। महोत्सव समिति के पदाधिकारियों ने समस्त ब्रज वासियों से देव दीपावली महोत्सव में अधिक से अधिक सहभागिता कर मां यमुना जी के प्रदुषण मुक्ति संकल्प को शक्ति प्रदान करने तथा राष्ट्र सेवा में समर्पित अमर शहीदों की आत्मशांति के लिए और अपने परिवार की सुख समृद्धि और पूर्वजों की पूण्य स्मृति में एक दीपक मां यमुना जी के चरणों में प्रज्वलित करने की अपील की है।

दिव्यांग सहायता शिविर में १५जरूरतमंदों को मिला नया सहारा

भौतिक परीक्षण से लेकर कृत्रिम अंग वितरण तक, शिविर में मिला व्यापक सहयोग



मथुरा। विकलांग सहायता संस्था मथुरा के तत्वावधान में दिव्यांग सहायता मासिक शिविर आयोजित किया गया, जिसमें १५पंजीकृत दिव्यांगजनों को नि:शुल्क सहायता प्रदान की गई। शिविर में शामिल दिव्यांगों का परीक्षण एवं उपकरण वितरण नई दिल्ली स्थित भारतीय भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास सेवा संघ की शाखा फरीदाबाद , विशेषज्ञ डॉ. शुभम द्वारा किया गया। कृत्रिम अंगों एवं उपकरणों का निर्माण महावीर विकलांग सहायता समिति, कोटा से आए तकनीशियन देवकिशन ने किया। शिविर में जरूरतमंदों को कैलिपर०६,कृत्रिम पैर ०४, वैशाखी ०१,छड़ी ०१, किये गये। साथ ही, कई पुराने कृत्रिम अंगों की मरम्मत भी की गई, जिससे दिव्यांगजन अत्यंत लाभान्वित हुए। शिविर के सफल संचालन में राम नरेश अग्रवाल,विजय गर्ग, सत्यवीर अग्रवाल, अश्वनी गर्ग, योगेंद्र गोयल, कुलदीप शर्मा, चंद्र, आदि का विशेष योगदान रहा।

राजीव भवन का जिजलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

कोई आराम कर रहा था, तो कोई कुर्सी छोड़कर चला गया था घर

मथुरा। राजीव भवन में मंगलवार को डीएम के औचक निरीक्षण से कर्मचारियों में खलबली मच गई। डीएम ने विभागों की उपस्थिति, अभिलेखों और साफ-सफाई की जांच की। गैरहाजिर मिले कर्मचारियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। मथुरा में मंगलवार दोपहर राजीव भवन में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह अचानक निरीक्षण के लिए पहुंच गए। डीएम के पहुंचते ही विभागों में हलचल तेज हो गई। उन्होंने एक-एक कर विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया और अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति जांची। इस दौरान कई कर्मचारी अनुपस्थित मिले। डीएम ने इसे गंभीरता से लेते हुए अनुपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यालयों में रखे विभिन्न अभिलेखों और दस्तावेजों का भी अवलोकन किया। उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों को कार्यालयों में समय से उपस्थिति सुनिश्चित करने और जनहित से जुड़े कार्यों में लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। डीएम ने राजीव भवन में प्रसाधन, पार्किंग और सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। कार्यालय के बाहर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित प्रेरणा कैंटीन का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं और महिलाओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित मिले कर्मचारियों पर कार्रवाई के निर्देश से विभागों में खलबली रही। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सरकारी कार्यालयों में अनुशासन और व्यवस्थाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं को किया जागरूक,

छेड़छाड़ की घटना पर चुप न रहने और तत्काल शिकायत करने की अपील,

वृंदावन। महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-६ अभियान के तहत मंगलवार को वृंदावन थाना पुलिस की मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं एवं छात्राओं को जागरूक किया। इस दौरान उन्हें महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनों, हेल्पलाइन नंबरों और सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने छात्राओं को बताया कि बस, रास्तों अथवा सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ या अभद्रता होने पर डरने अथवा चुप रहने के बजाय तत्काल महिला हेल्पलाइन १०९० पर शिकायत करें और आवश्यकता पड़ने पर थाने पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराएं। साथ ही व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम और ट्विटर जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का सावधानीपूर्वक इस्तेमाल करने की सलाह दी गई। पुलिस टीम ने महिलाओं को १०७६ मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, १०९० वीमेन पावर लाइन, १८१ महिला हेल्पलाइन, ११२ पुलिस आपातकालीन सेवा, १०९८ चाइल्ड हेल्पलाइन और १९३० साइबर हेल्पलाइन सहित विभिन्न आपातकालीन सेवाओं के नंबरों की जानकारी दी। इसके अलावा यातायात नियमों का पालन करने और अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की गई। वहीं छात्राओं को मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के बारे में विस्तार से बताते हुए पुलिस टीम ने कहा कि इस योजना के माध्यम से यूपीएससी, यूपीपीएससी, नीट, जेईई, एनडीए और सीडीएस जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए नि:शुल्क ऑनलाइन एवं ऑफलाइन कोचिंग उपलब्ध कराई जाती है। योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को बेहतर मार्गदर्शन और शिक्षा के समान अवसर प्रदान करना है, ताकि आर्थिक अभाव उनकी सफलता में बाधा न बने।

शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर शिक्षक संघ ने बीएसए को सौंपा ज्ञापन

हाथरस। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ, जनपद हाथरस के जिलाध्यक्ष रमेश चौधरी के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों एवं शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, हाथरस को शिक्षकों की विभिन्न लंबित समस्याओं के समाधान हेतु पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने प्रमुख रूप से 1 जुलाई 2026 को तेज आंधी एवं अतिवृष्टि के कारण विद्यालय पहुंचने में हुए विलंब के चलते शिक्षकों का रोका गया वेतन मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए बहाल करने, स्वीकृत चिकित्सा एवं अन्य अवकाश पर रहने वाले शिक्षकों को निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित दर्शाकर अवरुद्ध किए



गए वेतन का भुगतान कराने तथा शिक्षकों की ऑनलाइन सेवा पुस्तिकाओं में अपूर्ण सामान्य एवं वित्तीय प्रविष्टियों को तत्काल पूर्ण कराने की मांग उठाई। इसके अतिरिक्त शिक्षकों को नियमित रूप से जीपीएफ की वार्षिक लेखा पर्ची उपलब्ध कराने, खंड शिक्षा अधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालयों में संबद्ध शिक्षकों का संबद्धीकरण समाप्त कर उन्हें मूल विद्यालयों में भेजने तथा कार्यालयों में अनधिकृत व्यक्तियों के हस्तक्षेप पर रोक लगाकर शिक्षकों की व्यक्तिगत एवं गोपनीय सेवा पत्रावलियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग भी प्रमुखता से रखी गई। इस अवसर पर प्रांतीय संयुक्त मंत्री संजीव सेंगर, जिला महामंत्री भूपेंद्र कुमार सैगर, जिला कोषाध्यक्ष अनिल कुंतल, जिला महिला उपाध्यक्ष विमलेश अग्रवाल, ब्लॉक अध्यक्ष मुरसान हरेंद्र सिंह, ब्लॉक कोषाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह, हाथरस से उमेश कुमार, धर्मेंद्र सिंह, शिव कुमार, नरेंद्र सिंह, राकेश कुमार निमोदिया, राकेश कुमार ब्लॉक सादाबाद से कोषाध्यक्ष सिद्धांत सिंह सहित अन्य शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

नल पर पानी भरने गई महिला के साथ गाली गलौज, मारपीट

हसायन। कोतवाली क्षेत्र के गंगापुर मार्ग स्थित गांव ढडौली में मंगलवार तीन नवंबर को नल पर पानी भरने के लिए गई एक महिला के साथ गांव के ही कुछ नामजद युवकों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी।

पीड़ित महिला ने गांव के ही एक युवक के खिलाफ घटना की लिखित तहरीर देते हुए शिकायत की है।

बसंती देवी निवासी ढडौली ने कोतवाली में लिखित तहरीर देते हुए कहा कि वह मंगलवार को अपने गांव में अपने मुहल्ले में नल से पानी भरने के लिए गई हुई थी।

तभी कुछ नामजदों के द्वारा बिना किसी बात को नल से पानी भरने के लिए पहुंचने पर ही गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर के आधार पर जांच पडताल प्रारंभ कर दी है।

कन्या गुरुकुल की पांच मेधावी छात्राएं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित

पूर्व सीडीओ अवधेश कुमार का भी हुआ भव्य अभिनंदन



हाथरस। सासनी स्थित कन्या गुरुकुल में मानसिक मंदबुद्धि दिव्यांग सशक्तीकरण सेवा संस्था के तत्वावधान में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में कन्या गुरुकुल की पांच मेधावी छात्राओं को उनकी असाधारण प्रतिभा, उत्कृष्ट प्रदर्शन और विभिन्न क्षेत्रों में किए गए सराहनीय कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान बालिकाओं के चेहरे खुशी से खिल उठे और उपस्थित गणमान्य लोगों ने उनका जमकर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों और वक्ताओं ने सम्मानित होने वाली छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की। संस्था की ओर से यह भी घोषणा की गई कि समाज में शिक्षा के प्रसार, सेवा कार्यों, दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण और छिपी हुई प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए इस तरह के आयोजन भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे। समारोह में क्षेत्र के कई गणमान्य लोग और पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान प्रमुख रूप से निर्भय गुप्ता, श्वेता, अमित सिंह, लक्ष्मण शर्मा, ज्ञानेश कुमार, संतोष तोमर, आयुषी यादव, प्राची और पीएन शर्मा आदि ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया।

पूर्व सीडीओ अवधेश कुमार का विशेष अभिनंदन

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पूर्व मुख्य विकास अधिकारी अवधेश कुमार का विशेष अभिनंदन रहा। संस्था की ओर से उन्हें अंग वस्त्र (पटिका), पारंपरिक पगड़ी पहनाकर तथा स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। उनके प्रशासनिक अनुभव और समाज कल्याण के क्षेत्र में दिए गए योगदान की सभी ने मुक्तकंठ से सराहना की।

गुरुकुल प्रबंधन और विशिष्ट अतिथियों का सम्मान

समारोह के दौरान संस्था के अध्यक्ष योगेश कुमार यादव ने कन्या गुरुकुल की प्रबंधक डा़पित्रा विद्यालंकार (मुख्याधिष्ठात्री एवं प्राचार्या) तथा समाजसेवी एवं उत्तर मध्य रेलवे के परामर्शदात्री समिति के सदस्य रामगोपाल दीक्षित को भी पटिका पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष योगेश कुमार यादव ने कन्या गुरुकुल के प्रबंधन की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

खाद्य विभाग की टीम ने खोआ, सफेद रसगुल्ला के भरे सैंपिल



हाथरस। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उप्रलखनऊ एवं जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय मनोज कुमार सिंह तौमर के आदेश के क्रम में मंगलवार को आगामी त्यौहार के दृष्टिगत नवींपुर हाथरस स्थित शिव मिष्ठान भण्डार से खोआ का नमूना, रति का नगला सिकन्द्राराऊहाथरस स्थित श्री बांके बिहारी मिष्ठान भण्डार से सफेद रसगुल्ला एवं खोआ का नमूना मिलावट के संदेह के आधार पर जांच हेतु संग्रहीत कर प्रयोगशाला भेजा गया। उक्त तीनों नमूने संग्रहीत कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गये, साथ ही साफ-सफाई हेतु सुधार नोटिस जारी किया गया।

जांच रिपोर्ट प्राप्ति के बाद अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी, डाविकास कुमार, करतार सिंह उपस्थित रहे। मिलावट खाद्य पदार्थों के विरूद्ध कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

मातृशक्ति के सपने साकार, उज्ज्वला योजना से खुशियां अपार

दीपावली से पूर्व निःशुल्क गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी की धनराशि प्राप्त होने से लाभार्थियों के खिले चेहरे

हाथरस। निःशुल्क रसोई गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी योजना के अंतर्गत कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम का आयोजन विधायक सादाबाद प्रदीप कुमार की अध्यक्षता एवं जिलाधिकारी सत्यप्रकाश पटेल एवं पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया, जिसे सभागार में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उज्ज्वला योजना की लाभार्थी महिलाओं ने देखा एवं सुना। इसके पश्चात विधायक सादाबाद, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने निःशुल्क गैस सिलेंडर रिफिल हेतु सब्सिडी के रूप में प्राप्त धनराशि के प्रतीकात्मक चेक लाभार्थियों को वितरित किए तथा उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



विधायक सादाबाद प्रदीप कुमार ने विचार व्यक्त किये। जिलाधिकारी सत्यप्रकाश पटेल ने उपस्थित सभी लाभार्थियों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुझे अत्यंत हर्ष हो रहा है कि त्योहार से पूर्व आप सभी को निःशुल्क गैस सिलेंडर रिफिल की सौगात दी गई है। यह पहल न केवल आपके दीपावली पर्व को खुशहाल बनाने में सहायक होगी, बल्कि गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के प्रति संवेदनशीलता को भी दर्शाती है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का सदैव प्रयास रहता है कि राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचे।

पुलिस अधीक्षक ने सभी को दीपावली की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि कहा कि रसोई गैस का एक सिलेंडर केवल खाना बनाने का साधन नहीं, बल्कि महिलाओं के लिए सुविधा, स्वतंत्रता और सम्मान का प्रतीक भी है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, खंड विकास अधिकारी, जिला पूर्ति निरीक्षक, संबंधित अधिकारी-कर्मचारी तथा योजना की लाभार्थी महिलाएं उपस्थित रहीं।

अनुरक्षण कार्य के चलते पेड़ कटाई होने के दौरान बंद रहेगी आपूर्ति

हसायन। विद्युत उपखंड चतुर्थ क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले दो विद्युत उपकेन्द्रो के लिए जलेसर से आ रही तैतीस हजार केव्ही. विद्युत लाइन पर अनुरक्षण कार्य के दौरान वृक्ष की कटाई छटाई के कार्य के दौरान विद्युत आपूर्ति चार घंटे के लिए बाधित रहेगी।

यह जानकारी विद्युत उपखंड चतुर्थ के अधिकारी के कार्यालय से जारी प्रैस विज्ञप्ति के माध्यम से सहायक अभियंता विद्युत उपखंड चतुर्थ अधिकारी एवं एसडीओ हाइडिल शुभम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि चार नवंबर दिन बुधवार को विद्युत उपखंड चतुर्थ के अन्तर्गत आने वाले हाथरस जंक्शन क्षेत्र के गांव बरवाना में स्थापित 33/11 केव्ही. विद्युत उपकेन्द्र बरवाना एवं नवीपुर में स्थापित विद्युत उपकेन्द्र 33/11 केव्हीकी तैतीस हजार केव्ही. की विद्युत हाइटेंशन लाइन पर अनुरक्षण कार्य कराया जाएगा। अनुरक्षण कार्य के दौरान वृक्ष पेड को कटाई छटाई का कार्य होना है। जिस कारण से चार नवंबर दिन बुधवार को सुबह दस बजे से लेकर दोपहर दो बजे तक एक सौ बत्तीस केव्हीविद्युत उपकेन्द्र जलेसर से निर्गत 33/11 केव्ही. से विद्युत उपखंड चतुर्थ के विद्युत उपकेन्द्र नवीपुर एवं बरवाना से विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

बेटियों को आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध करायें

मुरसान में ब्लॉक बाल संरक्षण समिति एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, कन्या सुमंगला की बैठक का आयोजन किया गया



हाथरस। जनपद हाथरस के विकास खंड मुरसान सभागार कक्ष में ब्लॉक बाल संरक्षण समिति एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ/बाल विवाह टास्क फोर्स की बैठक/प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। बैठक में सहायक विकास अधिकारी ज्ञानदीप शर्मा ने एनआरएलएम का परिचय प्रदान करते हुए समस्त विभागों द्वारा संचालित योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने तथा जरूरतमंद बच्चों व महिलाओं को सरकारी योजनाओं से जोड़ कर लाभान्वित कराने हेतु प्रेरित किया।

खंड शिक्षा अधिकारी गिर्राज सिंह ने बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ने तथा अपने घर, परिवार, कार्यक्षेत्र के आस पास सभी बालक बालिकाओं को टीवी फोन आदि से दूर रखते हुए अच्छे संस्कार प्रदान करने हेतु निर्देशित किया। महिला कल्याण विभाग से डीएमसी मोनिका दीक्षित द्वारा बेटियों को आगे बढ़ने के पूरे अवसर प्रदान करने हेतु प्रेरित करने के साथ ही महिलाओ एवं बच्चों से संबंधित समस्त योजनाओं जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, रानी लक्ष्मीबाई के बारे में जानकारी प्रदान की।

मुरसान थाना से बाल कल्याण अधिकारी ने पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली के विषय में बताते हुए 112 की विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर महिला कल्याण विभाग से बंटी कुशवाहा तथा मुरसान विकास खंड की आंगनवाड़ी कार्यकर्ती उपस्थित रही।

विकसित भारत युवा संसद 2026-27 का आयोजन, युवाओं ने वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर रखे विचार

हाथरस। मेरा युवा भारत, हाथरस (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) के तत्वावधान में आरडीगर्ल्स डिग्री कॉलेज, हाथरस में विकसित भारत युवा संसद 2026-27 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय वन नेशन, वन इलेक्शन (एक राष्ट्र, एक चुनाव) रहा। कार्यक्रम में जनपद के 100 से अधिक युवाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए विषय पर अपने विचार एवं तर्क प्रस्तुत किए।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद राजेश दिवाकर रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं स्वागत संबोधन के साथ हुआ। जिला युवा अधिकारी, मेरा युवा भारत हाथरस मनीष कुमार ने युवाओं को लोकतांत्रिक व्यवस्था में सक्रिय भागीदारी करने तथा समसामयिक राष्ट्रीय विषयों पर अपनी तार्किक एवं सकारात्मक सोच विकसित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल (ज्यूरी) के रूप में डा़ण सिंह, डाम़दुल, डा.ललितेश, डा़घवेन्द्र एवं अश्विनी चौधरी उपस्थित रहे। प्रतिभागी युवाओं ने वन नेशन, वन इलेक्शन विषय पर अपने विचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। निर्णायक मंडल द्वारा प्रतिभागियों के विचारों, विषय की समझ, प्रस्तुतीकरण शैली एवं तार्किक क्षमता के आधार पर मूल्यांकन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खुशी, द्वितीय स्थान अंजलि तथा तृतीय स्थान साधना ने प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं।

आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों ने वेतन एवं बोनस की मांग को लेकर सोंपा ज्ञापन



हाथरस। पालिकाध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद हाथरस को नगर पालिका में कार्यरत समस्त आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों को शासन द्वारा निर्धारित श्रमिक दरों के अनुसार वेतन दिलाने एवं दीपावली का बोनस दिलाए जाने को लेकर ज्ञापन सौपा। नगर पालिका परिषद हाथरस में विभिन्न वार्डो एवं क्षेत्रों में बड़ी संख्या में आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारी पूरी निष्ठा एवं मेहनत के साथ सफाई व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने का कार्य कर रहे हैं। इन कर्मचारियों की शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका है। आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों को शासन द्वारा निर्धारित श्रमिक दरों के अनुरूप वेतन एवं अन्य देय सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। महंगाई के इस दौर में कम वेतन मिलने के कारण कर्मचारियों एवं उनके परिवारों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, इसके अतिरिक्त दीपावली जैसे प्रमुख त्योहार पर भी सफाई कर्मचारियों को बोनस का लाभ मिलना चाहिए, ताकि वे अपने परिवार के साथ त्योहार की खुशियां मना सकें। सफाई कर्मचारी पूरे वर्ष शहर की स्वच्छता के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं, इसलिए उनके श्रम और योगदान को देखते हुए उन्हें त्योहार पर बोनस दिया जाना न्यायसंगत है। नगर पालिका परिषद में कार्यरत सभी आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों को शासन द्वारा निर्धारित श्रमिक दरों के अनुसार वेतन दिलाया जाए, सभी कर्मचारियों को दीपावली का बोनस दिलाया जाए, कर्मचारियों के वेतन एवं बोनस भुगतान में किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर उचित कार्रवाई की जाए।

कुरसंडा गौशाला प्रकरण में एफआईआर के विरोध में लामबंद हुए ग्राम विकास अधिकारी, ब्लॉक परिसर में दिया धरना

जांच में शिकायत झूठी मिलने का संघ ने किया दावा, एफआईआर वापस होने तक आंदोलन जारी रखने का ऐलान

सादाबाद। गांव कुरसंडा स्थित गौशाला में गोवंश संरक्षण में लापरवाही के आरोप में ग्राम पंचायत सचिव संत कुमार और पशुधन प्रसार अधिकारी दिनेशपाल सिंह के खिलाफ कोतवाली में एफआईआर दर्ज होने के बाद ग्राम विकास अधिकारियों में आक्रोश फैल गया है। इसके विरोध में ग्राम विकास अधिकारी संघ एवं ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के संयुक्त बैनरतले बुधवार को सादाबाद ब्लॉक परिसर में धरना-प्रदर्शन किया गया। इसमें जिलेभर से पहुंचे ग्राम विकास अधिकारियों और ग्राम पंचायत अधिकारियों ने एकजुट होकर कार्रवाई के खिलाफ आवाज बुलंद की। धरने को संबोधित करते हुए संघ के जिलाध्यक्ष प्रकाशचंद्र ने कहा कि मामले की जांच में शिकायत झूठी पाई गई है। उनके अनुसार, गौशाला में केवल एक गाय का उपचार चल रहा था, इसके बावजूद उनके साथी ग्राम पंचायत सचिव संत कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी गई। उन्होंने



सवाल उठाते हुए कहा कि यदि गौशाला में अनियमितता हुई थी तो इसके लिए जिम्मेदार पूरी गौशाला समिति के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए थी। केवल एक-दो कर्मचारियों को निशाना बनाकर उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराना उचित नहीं है। जिलाध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि जब तक दर्ज एफआईआर वापस नहीं ली जाती, तब तक धरना-प्रदर्शन लगातार जारी रहेगा। आंदोलन में जिलेभर के ग्राम विकास अधिकारी और ग्राम पंचायत अधिकारी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के सम्मान और न्याय की लड़ाई में संगठन पूरी मजबूती से उनके साथ खड़ा है। इधर, ग्राम विकास एवं ग्राम पंचायत अधिकारियों के आंदोलन को पशुधन प्रसार अधिकारियों, ग्राम प्रधानों और बार एसोसिएशन ने भी समर्थन दिया है।

इससे आंदोलन को और मजबूती मिली है। धरने में विश्वमित्र, मुकेश पचौरी, ऋषि शर्मा, ईश्वरचंद्र, देवेंद्र गौतम, अजय शर्मा, अजीत चौधरी, दिनेश यादव, शशिकांत सिंह, शैलेंद्र सिंह, विदेश शर्मा, पूजा चौधरी, रवेंद्र सिंह, अमरीश अग्रवाल, देश दीपक, वीरेंद्र सिंह, उदय सिंह राना, ग्राम प्रधान महाराज सिह, श्यामवीर सिंह, रवि पहलवान सहित जिलेभर के ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी और पशुधन प्रसार अधिकारी मौजूद रहे।

आबकारी विभाग ने मदिरा की दुकानों का किया औचक निरीक्षण



हाथरस। आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार जनपद हाथरस में चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान अंतर्गत सदर तहसील अंतर्गत आबकारी टीम हाथरस द्वारा नगला सड़क, माधव विहार कालोनी इगलास रोड, टुकसान स्थित आबकारी फुटकर अनुज्ञापनों का आकस्मिक निरीक्षण करने के साथ ही शराब दुकानों के पास में स्थित परचून की दुकानों पर भी निरीक्षण/जांच उनके द्वारा अवैध रूप से शराब की बिक्री न किए जाने के उद्देश्य से किया गया। मौके पर उपस्थितजन सामान्य को अवैध मदिरा के दुष्परिणामों से चेतावित करते हुए किसी भी प्रकार की मदिरा की तस्करी या अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री संबंधी सूचना आबकारी विभाग या स्थानीय पुलिस को दें।

सूची, दुर्गेश, छवि और काव्या ने मारी बाजी

अंतर-विद्यालयी प्रतियोगिताओं में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, मेहंदी, चित्रकला और सुलेख में बिखेरे हुनर के रंग

सादाबाद। ग्रामीण अंचल के बच्चों की प्रतिभा को मंच देने और उनकी रचनात्मक क्षमता को निखारने के उद्देश्य से श्री एमएल शिक्षा समिति एवं संस्कार भारती शाखा मई के संयुक्त तत्वावधान में पांच दिवसीय अंतर-विद्यालयी प्रतियोगिताओं का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता के पहले दिन छात्र-छात्राओं ने मेहंदी, चित्रकला और सुलेख प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन



कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। मेहंदी प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय मई की छात्रा सूची ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि एमएल बाल विद्या मंदिर की अनुष्का कुमारी द्वितीय स्थान पर रहीं। मुस्कान और साक्षी ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने आकर्षक मेहंदी डिजाइनों के माध्यम से अपनी कलात्मक प्रतिभा का परिचय दिया। चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रंगों और कल्पनाओं के माध्यम से अपनी रचनात्मक सोच को कागज पर उकेरा। इसमें एमएल बाल विद्या मंदिर की दुर्गेश ने प्रथम तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय मई की सुहानी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, सुलेख प्रतियोगिता दो वर्गों में आयोजित की गई। प्रथम वर्ग में छवि ने प्रथम, दिव्यांशु ने द्वितीय और चेतन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। द्वितीय वर्ग में काव्या प्रथम, नगला बनारसी की प्राची द्वितीय तथा सारौठ की भावना तृतीय स्थान पर रहीं। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता केवल उन्हें उचित मंच और प्रोत्साहन देने की है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने के साथ ही उनकी छिपी प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान रामवीर सिंह, आकाश वर्मा, संगीता, सीताराम निषाद, हेमंत सारस्वत, नरेश कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

छह माह से निर्माण की बाट जोह रही 200 मीटर सड़क, लाल गिट्टी बनी राहगीरों के लिए मुसीबत

सादाबाद। विकास के दावों के बीच नगर पंचायत की कार्यशैली पर सवाल खड़े करती तहसील रोड की एक सड़क लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई है। बगीची से वासुदेव विद्या मंदिर तक करीब 200 मीटर सड़क का निर्माण कराने के नाम पर छह माह पहले लाल गिट्टी डालकर छोड़ दी गई, लेकिन आज तक सड़क का निर्माण पूरा नहीं कराया गया। नतीजा यह है कि सड़क पर बिखरी गिट्टी अब राहगीरों और वाहन चालकों के लिए खतरा बन गई है। वाहनों के गुजरने पर गिट्टियां उछलकर पैदल चलने वालों और स्कूली बच्चों को लग रही हैं, जबकि दोपहिया और चारपहिया वाहन हिचकोले खाते हुए निकलने को मजबूर हैं। यह मार्ग नगर के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण है। इसी रास्ते से होकर तीन प्रमुख स्कूलों और प्राचीन हनुमान मंदिर तक पहुंचा जाता है। इसके अलावा त्यागी कॉलोनी, मुकेरखाना, गली पंडितान और सुभाष गली सहित कई मोहल्लों के सैकड़ों लोग



प्रतिदिन इसी मार्ग से आवागमन करते हैं। सड़क की बदहाली के कारण सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और दोपहिया वाहन चालकों को उठानी पड़ रही है। आए दिन वाहन पंक्चर हो रहे हैं और गिट्टी पर फिसलने से हादसों का खतरा बना हुआ है।

विवाहिता की संदिग्ध मौत, मायका पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप, सदर विधायक मनीश असीजा ने बंधाया परिजनों को ढांढस

फिरोजाबाद। थाना उत्तर क्षेत्र कुषवाह नगर में फांसी के फंदे पर लटकने से विवाहिता की संदिग्ध मौत हो गयी। षव को सूचना पर पहुंची थाना पुलिस पोस्टमार्टम को जिला अस्पताल लेकर आयी, जहां षव का पोस्टमार्टम कराया गया।

बताया गया थाना उत्तर क्षेत्र कुषवाह नगर निवासी 26 वर्शीय षिखा तिवारी पत्नी अमित तिवारी की बीती देर रात फांसी के फंदे पर लटकने से मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस षव पोस्टमार्टम को जिला अस्पताल लेकर आयी। जहां मृतका के बडे भाई कुलदीप षर्मा ने बताया कि उसकी छोटी बहन थी षिखा। 11 से सवा ग्यारह बजे के बीच फोन



आया, जब वहां जाकर देखा तो दरवाजे के पास पड़ी थी गले पर निषान था देखा तो मृत थी सूचना थाना पुलिस को दी गयी।

सूचना पर पहुंची थाना पुलिस षव को पोस्टमार्टम के लिये लेकर आये लडकी तीन



साल की, लडका पांच साल का, नौ साल षादी को हो गये। पति फैक्टी में कार्य करता था, दो दिन पहले ही मायके आयी थी थाने में तहरीर दे दी है।

संभवत पहले ही मार दिया। जानकारी होते ही सदर विधायक मनीश असीजा मौके पर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाते हुये पूरी जानकारी ली साथ ही उचित कार्यवाही का भरोसा दिलाया। मामले में थाना प्रभारी उत्तर रवि त्यागी ने बताया षव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

तेज स्पीड बाइक डिवाइडर से टकरायी, सवार एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर घायल

बालाजी मंदिर दर्षन को थे घर से निकले थे तीन दोस्त, एक बाल बाल बचा



फिरोजाबाद। थाना मटसेना क्षेत्र दबरई पुलिस चैकी के पास मंगलवार सुबह करीब साढ़े सात बजे एक तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से जा टकरायी। जिस पर सवार तीन लोगों में दो गंभीर रूप से घायल हो गये। उपचार के दौरान दोपहर तीन बजे करीबन घायलों में एक युवक की मौत हो गयी। षव को पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल के षव विच्छेदन गृह में रखवाया गया। बताया गया



थाना रसूलपुर क्षेत्र आसफाबाद राठौर नगर निवासी 19 वशीय गुलषन पुत्र रामअवतार और 17 वर्शीय प्रिंस पुत्र भोले मंगलवार सुबह बालाजी मंदिर षिकोहाबाद जाने को घर से एक अन्य युवक संग बाइक पर निकले थे। जैसे ही उक्त बाइक थाना मटसेना क्षेत्र दबरई पुलिस चैकी के पास मंगलवार तडके करीब साढे सात बजे पहुंची तभी तेज स्पीड होने के कारण अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गयी। जिसमें गुलषन और प्रिंस गंभीर घायल हो गये। सूचना पर 108 एम्बुलेंस पायलट विजय कुमार और ईएमटी विद्याप्रकाष पहुंचे। दोनों घायलों को जिला अस्पताल के सरकारी ट्रामा सेंटर लेकर आये। बताया गया मंगलवार दोपहर तक इलाज के दौरान एक घायल गुलषन ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने षव को पोस्टमार्टम के लिये रखवा दिया है।

विशेषज्ञ डॉक्टरों, प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ और जीवनरक्षक उपकरणों की होगी पड़ताल, कमियां मिलने पर नोटिस और सुधार के निर्देश



फिरोजाबाद। निजी अस्पतालों में संचालित आईसीयू (गहन चिकित्सा इकाइयों) की व्यवस्थाओं को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में निजी अस्पताल संचालकों एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसमें आईसीयू में विशेषज्ञ चिकित्सकों, प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ, जीवनरक्षक उपकरणों और मरीजों की सुरक्षा से जुड़े निर्धारित मानकों को अनिवार्य रूप से पूरा करने पर जोर दिया गया। बैठक में स्पष्ट किया गया कि निजी अस्पतालों की आईसीयू व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति का आकलन किया जाएगा तथा मानकों में कमियां मिलने पर संबंधित अस्पतालों को नोटिस जारी कर समयबद्ध सुधार सुनिश्चित कराया जाएगा। बैठक सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन सिविल अपील में 21 सितंबर 2026 को पारित आदेश तथा महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं उत्तर प्रदेश के 22 अक्टूबर 2026 के निदेशों के क्रम में आयोजित की गई। सीएमओ कार्यालय के आदेश के तहत हुई बैठक में निजी चिकित्सा संस्थानों के प्रभारी चिकित्साधिकारी एवं आईएमए पदाधिकारियों की सहभागिता निर्धारित थी। बैठक में वर्ष 2026 की गाइडलाइन के अनुरूप आईसीयू सेवाओं को व्यवस्थित करने और मरीजों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने पर विस्तार से चर्चा हुई।

भगत हलवाई की दुकान पर फिर बवाल! लड्डू खाने से तीन की तबीयत बिगड़ने का आरोप, शिकायत करने पहुंचे ग्राहक से अभद्रता



फिरोजाबाद। शहर में भगत हलवाई की दुकान एक बार फिर विवादों में आ गई। सोमवार शाम करीब सात बजे खरीदे गए लड्डू खाने के बाद परिवार के तीन सदस्यों की तबीयत बिगड़ने का आरोप लगाते हुए ग्राहक प्रांशु जैन दुकान पर शिकायत करने पहुंचे। आरोप है कि समस्या सुनने के बजाय उनके साथ अभद्रता की गई। इसको लेकर दुकान पर जमकर कहासुनी और हंगामा हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी लेकर जांच शुरू कर दी।

प्रांशु जैन के मुताबिक, लड्डू खाने के बाद परिवार के तीन सदस्यों को उल्टियां होने लगीं। उनके पास खरीदारी का बिल भी मौजूद है। उन्होंने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए कार्रवाई की मांग की है। गौरतलब है कि तीन दिन पहले भी इसी दुकान पर खाना खाने के बाद दो बच्चों की तबीयत बिगड़ने की शिकायत सामने आई थी। इसके बाद परिजनों ने उच्च अधिकारियों से शिकायत की थी, जिस पर खाद्य विभाग की टीम ने दुकान से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए थे। अब दोबारा शिकायत सामने आने से दुकान की खाद्य गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। हालांकि, आरोपों की पुष्टि जांच और नमूनों की रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगी।

थाना खैरगढ पुलिस ने एक और आरोपी दबोचा, गैंगस्टर एक्ट में होगी कार्यवाही

फिरोजाबाद। थाना खैरगढ़ क्षेत्र में युवती के अचेत अवस्था में खेत में मिलने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। प्रकरण में प्रकाश में आए तीन अभियुक्तों में से दो को पुलिस मुठभेड़ के दौरान पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि तीसरे वांछित अभियुक्त को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद आईपीएस जयबिन्द गुप्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस की अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति के तहत आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत मामले की प्रभावी पैरवी कर अभियुक्तों को जल्द सजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही आरोपियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई कर उनकी संपत्ति कुर्क कराने की प्रक्रिया भी अपनाई जाएगी। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई जारी है।

नर्सिंग छात्रा की मौत का खुला राज, निजी प्रेम प्रसंग में फोन नंबर ब्लॉक करने पर उठाया आत्मघाती कदम; युवक गिरफ्तार





फिरोजाबाद। मटसेना थाना क्षेत्र के रसीदपुर कनैटा रेलवे फाटक के पास ट्रेन से कटकर जान गंवाने वाली नर्सिंग छात्रा की मौत के मामले में पुलिस ने जांच के बाद अहम खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार, छात्रा की मौत के पीछे नर्सिंग कॉलेज या हॉस्टल से जुड़ी कोई अव्यवस्था सामने नहीं आई है, बल्कि मामला व्यक्तिगत प्रेम प्रसंग से जुड़ा पाया गया है। थाना औंछा, जनपद मैनपुरी निवासी छात्रा फिरोजाबाद में फिरोजाबाद नर्सिंग कॉलेज में पढ़ाई कर रही थी और गर्ल्स हॉस्टल में अपनी दो सहेलियों के साथ रहती थी। 28 अक्टूबर को रेलवे ट्रैक पर उसका शव मिलने के बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता से जांच शुरू की। क्षेत्राधिकारी सदर ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले, हॉस्टल में साथ रहने वाली छात्राओं से पूछताछ की तथा व्हाट्सएप चैट समेत अन्य साक्ष्य जुटाए। जांच में सामने आया कि सिरसागंज निवासी अमन से छात्रा का प्रेम प्रसंग था। 27 अक्टूबर की रात अमन द्वारा छात्रा को ब्लॉक किए जाने से वह क्षुब्ध हो गई और हॉस्टल की दीवार फांदकर रेलवे ट्रैक पर पहुंच गई, जहां ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपी अमन को गिरफ्तार कर लिया है। मृतका का पोस्टमार्टम डॉक्टरों के पैनल से वीडियोग्राफी के बीच कराया गया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर रवि शंकर प्रसाद ने वीडियो बयान जारी कर बताया कि मामले में अग्रिम विवेचना और अन्य साक्ष्यों का संकलन जारी है।

दहेज हत्या में वांछित दो सगे भाई गिरफ्तार, थाना फरिहा पुलिस की कार्यवाही

फिरोजाबाद। थाना फरिहा पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में वांछित चल रहे दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को उनके घर से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजने की कार्रवाई की है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के तहत थाना फरिहा पुलिस ने 3 नवंबर को कार्रवाई की। पुलिस ने दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा में वांछित ऋषि कुमार (20) और अंकुल कुमार (29) निवासी ग्राम गूलामई, थाना फरिहा को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष पुष्पेन्द्र कुमार, उपनिरीक्षक योगेश कुमार तथा कांस्टेबल प्रभाष और नितिन कुमार शामिल रहे।

सफाई कर्मचारियों ने ब्लॉक स्तर पर किया सांकेतिक धरना प्रदर्शन

कासगंज। उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के बैनर तले मंगलवार को जनपद के सभी ब्लॉकों में सफाई कर्मचारियों ने सांकेतिक धरना प्रदर्शन कर अपनी मांगें उठाईं। इस दौरान कर्मचारियों ने मांगों के समर्थन में नारेबाजी की और डीएम के नाम संबोधित ज्ञापन संबंधित बीडीओ को सौंपे।

कासगंज ब्लॉक में जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, सोरों में कमल सिंह, अमांपुर में सुखवीर सिंह, सिढ़पुरा में दौलत सिंह, सहावर में खेतपाल सिंह, गंजडुंडवारा में नदीम अख्तर व रंजीत कुमार तथा पटियाली में सुशील कुमार के नेतृत्व में धरना दिया गया। कर्मचारियों ने मांग की कि सभी सफाई कर्मचारियों को मानक के अनुसार सफाई उपकरण उपलब्ध कराए जाएं। रुके हुए वेतन का भुगतान एडीओ पंचायत की संस्तुति पर कराया जाए तथा पहली एसीपी के बकाया एरियर का भुगतान किया जाए।

जिला कार्यवाहक अध्यक्ष विशाल चरन ने आरोप लगाया कि पिछले आठ वर्षों से कर्मचारियों को सफाई उपकरण नहीं मिले हैं, जबकि ग्राम पंचायतों में उपकरणों और सफाई कार्य के नाम पर धनराशि निकाली गई है।

उन्होंने चेतावनी दी कि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो दीपावली के बाद जिला मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन में विभिन्न ब्लॉकों के पदाधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

मिशन लाइफ के संदेश से गूंजेगा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प, 1 से 7 नवंबर तक मनाया जा रहा सतत जीवनशैली सप्ताह

फिरोजाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन लाइफ (लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरनमेंट) से प्रेरित होकर जनपद में 1 से 7 नवंबर तक ब्रिक्स सतत जीवनशैली सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके तहत प्रतिदिन अलग-अलग थीम के माध्यम से नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा एवं जल बचत, प्लास्टिक मुक्त जीवन और कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक किया जा रहा है। अभियान में 1 नवंबर को स्वस्थ जीवनशैली



अपनाने, 2 नवंबर को ऊर्जा बचाने, 3 नवंबर को जल संरक्षण, 4 नवंबर को सतत खाद्य प्रणाली को बढ़ावा देने, 5 नवंबर को सिंगल यूज प्लास्टिक को ना कहने, 6 नवंबर को ई-कचरा कम करने तथा 7 नवंबर को अपशिष्ट न्यून करने का संदेश दिया जा रहा है।

इसके तहत योग, साइकिलिंग, बिजली की अनावश्यक खपत रोकने, वर्षा जल संचयन, भोजन की बबार्दी रोकने, कपड़े के थैलों का उपयोग, इलेक्ट्रॉनिक कचरे का उचित निस्तारण और गीले-सूखे कचरे का पृथक्करण जैसे व्यवहारिक उपाय अपनाने पर जोर दिया जा रहा है। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने जनपदवासियों से अपील की है कि प्रधानमंत्री के इस दूरदर्शी मिशन को सफल बनाने के लिए पर्यावरण अनुकूल आदतों को अपनी दिनचर्या में शामिल करें, ताकि स्वस्थ जीवन के साथ स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण का निर्माण किया जा सके।

त्योहारों को लेकर कलेक्ट्रेट में आज होगी महत्वपूर्ण बैठक, डीएम की अध्यक्षता में जुटेंगे संभ्रांत नागरिक व धर्मगुरु

फिरोजाबाद। आगामी विभिन्न त्योहारों के मद्देनजर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। अपर जिलाधिकारी वित एवं राजस्व कल्पना जायसवाल ने बताया कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 4 नवंबर 2026 को शाम 5 बजे कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में संभ्रांत नागरिकों एवं धर्मगुरुओं के साथ आवश्यक बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने संबंधित लोगों से निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर स्वयं उपस्थित होकर बैठक में प्रतिभाग करने की अपील की है।

भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिला महामंत्री बने किशन

कासगंज। गंजडुंडवारा कस्बा के मोहल्ला घासी निवासी समाजसेवी किशन दिवाकर भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के जिला महामंत्री बनाए गए हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने उन्हें मनोनीत कर मनोनयन पत्र भी सौंपा है। उनके मनोनयन पर सभासद विनीत कुमार गुप्ता, हरिओम कश्यप, शाहिद पापुलर, रामकुमार गुप्ता, कृष्ण कुमार सिंह, अखण्ड प्रताप सिंह समेत अन्य हर्ष व्यक्त किया है।

नमामि गंगे जैविक खेती योजना की मुख्य विकास अधिकारी ने की समीक्षा

लंबित भुगतानों का शीघ्र निस्तारण करने के दिए निर्देश

■ किसानों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने एवं योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर दिया जोर

कासगंज। मुख्य विकास अधिकारी वीरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन में यूपी डास्प द्वारा संचालित नमामि गंगे जैविक खेती योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सपोर्ट एजेंसी एवं प्रमाणीकरण संस्था द्वारा योजना के अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान किसानों को दी जा रही सेवाओं, जैविक खेती से संबंधित गतिविधियों, कृषक समूहों के कार्यों तथा योजना के निर्धारित दायित्वों के निर्वहन की स्थिति पर चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान किसानों एवं कार्यदायी संस्थाओं के लंबित भुगतानों का विषय प्रमुखता से उठाया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं संस्थाओं को



निर्देश दिए कि लंबित भुगतानों का नियमानुसार परीक्षण कराते हुए शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और योजना का क्रियान्वयन सुचारु रूप से किया जा सके।

उन्होंने योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, संबंधित संस्थाओं के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा लंबित कार्यों एवं भुगतानों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला परियोजना समन्वयक यूपी डास्प डॉ आदित्य कुमार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, उप कृषि निदेशक, सहायक कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, सपोर्ट एजेंसी के स्टेट मैनेजर दीपक चतुर्वेदी एवं प्रोजेक्ट मैनेजर तथा प्रमाणीकरण संस्था के जिला प्रभारी हेम सिंह, सहायक प्रबन्धक सिस्टम यू0पी0 डास्प वीरेंद्र गौतम सहित समिति के अन्य संबंधित सदस्य एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

रमा एकादशी के उपलक्ष में पंचकोसीय परिक्रमा पांच को

कासगंज। शूकरक्षेत्र धाम सोरों में आगामी पांच नवम्बर को रमा एकादशी के उपलक्ष में पंचकोसीय परिक्रमा का आयोजन होगा। परिक्रमा प्रातः आठ बजे हरि की पौड़ी स्थित श्रीगंगाजी में स्नान एवं भगवान श्री वराह नारायण मंदिर में पूजन-अर्चन के बाद प्रारंभ होगी। इस दौरान श्रद्धालु भजन-कीर्तन, हरिनाम संकीर्तन एवं भगवान श्री वराह नारायण के जयघोष के साथ शूकरक्षेत्र धाम की पंचकोशीय परिक्रमा करेंगे। यह जानकारी ब्राह्मण कल्याण सभा के संस्थापक अध्यक्ष एवं शूकरक्षेत्र समाज सेवा समिति के संयोजक पं. शरद कुमार पाण्डेय ने दी है। उन्होंने समस्त संत-महात्माओं, धमार्चार्यों, श्रद्धालुओं, सामाजिक संगठनों एवं सनातन धर्मप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर इस धार्मिक पंचकोशीय परिक्रमा में प्रतिभाग करने की अपील की।

नर्सिंग छात्रा प्रीति की मौत का खुलासाः प्रेम प्रसंग में उलझी गुत्थी, मोबाइल समेत युवक गिरफ्तार



फिरोजाबाद। थाना मटसेना क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर मिली ळछड छात्रा प्रीति की मौत के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए वांछित अभियुक्त अमन को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को दतावली अंडरपास के पास से दबोचा। उसके कब्जे से घटना से जुड़ा एक मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है।

पुलिस के अनुसार, 27 अक्टूबर को ळछड छात्रा प्रीति का शव रेलवे ट्रैक पर मिला था। मामले में शुरूआत में यक्ष दक्ष और सुरेंद्र दक्ष के खिलाफ हत्या, छेड़छाड़, धमकी सहित एससी-एसटी एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी सदर ने मामले की गहन विवेचना की।

पुलिस का दावा है कि ठोस साक्ष्यों, तकनीकी जांच और सुरागरसी-पतारसी के आधार पर विवेचना में नया तथ्य सामने आया।

इसके बाद पूर्व में दर्ज धाराओं का लोप करते हुए मामले में आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण के तहत अपराध पाया गया।

नदरई रेलवे अंडरपास के ऊपर पटरी किनारे मिला अज्ञात व्यक्ति का शव



कासगंज। शहर कोतवाली क्षेत्र में नदरई रेलवे अंडरपास के ऊपर रेलवे पटरी किनारे मंगलवार शाम एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिया। प्रथम दृष्टया पुलिस व्यक्ति की मौत ट्रेन से गिरने के कारण होना मान रही है। पुलिस के मुताबिक मंगलवार शाम सूचना मिली कि नदरई अंडरपास के ऊपर रेलवे पटरी किनारे एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा है। जानकारी मिलते ही शहर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जगदीशचंद्र पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव की शिनाख्त कराने के प्रयास शुरू किए। कोतवाली प्रभारी जगदीशचंद्र ने बताया कि मृतक के सिर पर चोट के निशान हैं। उसके दोनों हाथ-पैर टूटे हुए प्रतीत हो रहे हैं। शरीर पर जगह-जगह घिसटने के निशान भी मिले हैं। प्रारंभिक जांच में ट्रेन से गिरकर मौत होने की आशंका है। मृतक की पहचान के लिए सोशल नेटवर्किंग माध्यमों का सहारा लिया जा रहा है। शिनाख्त होने के बाद ही घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी मिल सकेगी।

शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध, लंबित मांगों को लेकर आंदोलन शुरू

पुरानी पेंशन बहाली और सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करने की उठाई मांग, 5 नवंबर को मुख्यमंत्री के नाम सौंपेंगे ज्ञापन

कासगंज। शिक्षकों की लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर के.ए. पीजी महाविद्यालय, कासगंज की शिक्षक संघ इकाई ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। फुपुक्टा के आह्वान और रम्पुटा, अलीगढ़ के निर्देश पर शिक्षकों ने सोमवार को काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराया। इसके साथ ही संगठन ने मांगें पूरी होने तक चरणबद्ध आंदोलन जारी रखने का ऐलान किया है। शिक्षक संघ की प्रमुख मांगों में 14 आकस्मिक



अवकाश की सुविधा, चिकित्सा अवकाश का प्रावधान, पुरानी पेंशन योजना की बहाली और शिक्षकों की सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष किए जाने के साथ अन्य लंबित मांगें शामिल हैं। शिक्षक संघ इकाई के सचिव डॉ. बृजेंद्र यादव ने बताया कि फुपुक्टा की 25 अक्टूबर को प्रयागराज में हुई कार्यकारिणी बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार दो से चार नवंबर तक प्रदेश के महाविद्यालयों में शिक्षक काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। आंदोलन के अगले चरण में पांच नवंबर को जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर शिक्षकों की समस्याओं के समाधान की मांग की जाएगी। इकाई अध्यक्ष डॉ. अंजना वशिष्ठ रावत ने कहा कि शिक्षकों के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए संगठन पूरी एकजुटता के साथ लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष करता रहेगा। इस दौरान डॉ. एपी गुप्ता, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. उमेश यादव, डॉ. अजीत यादव, डॉ. साबिस्ता अंजुम, डॉ. अनुपम पाठक, अंकित कौशल, डॉ. हर्ष मिश्रा, डॉ. कुशहर साहनी, लेफ्टिनेंट अभिषेक यादव, डॉ. पूनम रानी शर्मा, डॉ. कमलेश सिंह और डॉ. पवन दुबे सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

सिद्धपीठ खेरेश्वर मंदिर में मुस्लिम शिक्षक ने चढ़ाया मीट, हिंदूवादियों का थाने पर हंगामा

❐ मंदिर पुजारियों और श्रद्धालुओं ने पकड़ा आरोपित, कठोर कार्रवाई की मांग

अलीगढ़। लोधा इलाके में स्थित खेरेश्वर मंदिर में मंगलवार सुबह एक सिरफिरे मुस्लिक शिक्षक ने माहौल बिगाड़ने की घिनौनी कोशिश की। धोर्रा माफी के युवक ने मंदिर परिसर में शनिवार को मीट चढा दी। मंगलवार को वह शिक्षक एक बार फिर मंदिर आया, जहां मौजूद पुजारियों, स्थानीय लोगों ने त्वरित सूझबूझ का परिचय देते हुए आरोपी को दबोच लिया। घटना के बाद आक्रोशित लोग और करणी सेना के कार्यकर्ता आरोपी को पकड़कर सीधे लोधा थाने पहुंचे, जहां थाने के बाहर जमकर हंगामा किया गया। लोगों ने पुलिस प्रशासन के सामने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह की हरकतें शहर की शांति और भाईचारे को आहत करने के लिए सोची-समझी साजिश के तहत की जा रही हैं। उन्होंने आरोपी के खिलाफ तुरंत कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की।

थाना पुलिस के मुताबिक आरोपित अनवरुद्दीन निवासी धौर्रा माफी क्वार्सी पिसवा के गांव गणेशपुर स्थित



प्राथमिक विद्यालय का निलंबित शिक्षक है। पूछताछ पर आरोपित ने बताया कि वह पिछले 10-15 साल से खेरेश्वर मंदिर आता रहा है। उसके मुताबिक, उसे सपने में किसी शक्ति का आदेश मिला था कि अपनी इच्छा पूरी कराने के लिए मंदिर में मीट चढ़ाए। इसी के चलते मीट, कोल्ड ड्रिंक लेकर मंदिर पहुंचा और चढ़ावा चढ़ाया। उसने अपने कृत्य के समर्थन में कामाख्या और बैजनाथ जैसे धार्मिक स्थलों पर भी मीट चढ़ाने की परंपरा का जिक्र किया।

मंदिर की ओर से प्रहलाद गिरि ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया था कि अनवरुद्दीन ने पिछले शनिवार को भी मंदिर की प्रतिमा पर मीट चढ़ाया था। मंगलवार को दोबारा ऐसा करने पर विरोध किया गया तो आरोपित ने जान से मारने की धमकी दी। कार्रवाई की मांग को लेकर थाने पर पहुंचे करणी सेना के ज्ञानेंद्र सिंह और मंदिर के पुजारी भोले पंडित ने पुलिस अधिकारियों को तहरीर दी। उन्होंने आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की।

उन्होंने दो टूक कहा कि शहर का सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की मंशा रखने वाले ऐसे तत्वों को बख्शा नहीं जाना चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की कोई पुनरावृत्ति न हो सके। पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इस पूरी घटना के पीछे आरोपी का अपना दुराशय था या उसने किसी अन्य के इशारे पर शहर का माहौल अशांत करने के लिए यह घृणित कृत्य किया। फिलहाल, इलाके में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। तहरीर के आधार पर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

मंदिर का किया था शुद्धिकरण

शनिवार को जब मंदिर में मांस के टुकड़े पाये तब मंदिर का शुद्धिकरण किया एवं शांति व्यवस्था बनाकर टीम आरोपी के दोबारा आने के इंतजार लगी थी, जिसे मंगलवार को दबोच लिया। मंदिर कमेटी के अलावा हिंदूवादी ज्ञानेंद्र सिंह चौहान व सचिन राघव अपनी टीम के साथ लोधा थाने पहुंचे और आरा. पी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

योगी सरकार में किसान-मजदूर के नवाचार को मिलेगा मंच, निखरेगी प्रतिभा

❐ 18 को लगेगी जिला स्तरीय प्रदर्शनी

अलीगढ़। योगी सरकार में विज्ञान और नवाच. ार को गांव-गरीब तक पहुंचाने की मुहिम तेज हो गई है। अलीगढ़ समेत प्रदेश के सभी जिलों में जल्द ही असंगठित क्षेत्र के नव प्रवर्तकों की जिला स्तरीय प्रदर्शनी आयोजित होने जा रही है। जिसमें ग्रामीण इलाकों के लोगों में छुपी हुई वैज्ञानिक प्रतिभा सबके सामने आएगी। इससे न सिर्फ उन प्रतिभाओं से हर कोई रूबरू होगा बल्कि प्रतिभावान को भी सम्मान मिलेगा। इसका उद्देश्य नव प्रवर्तन के प्रति आम लोगों में जागरूकता फैलाना और स्थानीय प्रतिभाओं को सम्मान देना है। असंगठित क्षेत्र के नव प्रवर्तक किसान, मेकैनिक, मजदूर या शिल्पकार होते हैं। वह विज्ञान की औपचारिक शिक्षा नहीं लेते, फिर भी उनकी सोच वैज्ञानिक होती है। बिना किसी बाहरी आर्थिक या तकनीकी मदद के वे अपने बलबूते पर नई चीजें बना लेते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर होने के बावजूद वे रोजमर्रा की समस्याओं का हल निकाल लेते हैं। योगी सरकार की मंशा है कि ऐसी प्रतिभाओं को मंच मिले। इस प्रदर्शनी में वे अपनी खोजें और आविष्कार आम लोगों के सामने रख सकेंगे। संयुक्त निद. ेशक, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी ने यह आदेश जारी किया है।

प्रदर्शनी का स्थान रतन प्रेम डीएवी बालिका इंटर कॉलेज रखा गया है। 18 नवंबर को कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें लगभग 200 से 300 प्रतिभागी और लाभार्थी शामिल होंगे। यह प्रदर्शनी बताएगी कि नवाचार सिर्फ बड़ी प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं है। खेत में काम करने वाला किसान भी आविष्कार कर सकता है। बस उसे एक मंच की आवश्यकता है। उसके अविष्कार को पूरी दुनिया देखेगी। जिला विज्ञान क्लब समन्वयक राजीव कुमार अग्रवाल ने बताया कि यह पहल योगी सरकार की विज्ञान को जन-जन तक पहुंचाने की नीति की बड़ी उपलब्धि है। जिससे अलीगढ़ में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा मिलेगा। मनरेगा, श्रम विभाग, पंचायत राज विभाग, शिक्षा विभाग समेत दर्जन भर विभागों से 8 नवंबर तक प्रतिभागियों की सूची मांगी।

गोपी, पनेठी, कौछोड में आज विद्युत रहेगी बाधित

अकराबाद। उपखंड अधिकारी जयवीर सिंह ने कहा कि बुधवार को 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र गोपी, पनेठी एवं कौंछोड से निर्गत सभी 11 केवी पोषकों की विद्युत आपूर्ति मैनटेनेंस कार्य, लाइनों के नीचे आए पेड़ों की कटाई-छटाई के कार्यों के कारण सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक के बीच बाधित रहेगी।

आज मंडल स्तरीय युवा उत्सव की बैठक

अलीगढ। जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी जेपी. सिंह ने बताया कि सीडीओ योगेंद्र कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को उनके कार्यालय कक्ष में सुबह 11 बजे से जिला और मंडल स्तरीय युवा उत्सव के सफल आयोजन के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी।

अलीगढ़-मथुरा मार्ग के चौड़ीकरण का काम शुरू, मेहरावल स्टेशन से भुकरावली तक इस माह तैयार होगी फोरलेन सड़क

अलीगढ़-मथुरा मार्ग के निर्माण का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

❐निर्माण सामग्री का नमूना जांच को भेजने के निर्देश

अलीगढ़। डीएम अविनाश कुमार ने अलीगढ़-मथुरा मार्ग के चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण कर निर्माण की गुणवत्ता परखी। उन्होंने सड़क निर्माण में प्रयुक्त सामग्री एवं निर्धारित मानकों की वास्तविक स्थिति जानने के लिए मौके पर ही कोर कटर से सड़क कटवाकर उसकी गहनता से जांच की। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने मौके से निर्माण सामग्री का नमूना लेकर प्रयोगशाला में जांच कराने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता संजीव पुष्कर ने बताया कि लोक निर्माण विभाग, निर्माण खंड द्वारा अलीगढ़-मथुरा मार्ग का



27.800 किलोमीटर लंबाई में 92.853 करोड़ रुपये की लागत से चौड़ीकरण कराया जा रहा है। कार्य 6 फरवरी 2026 को प्रारंभ हुआ था और इसे मई 2027 तक पूर्ण किया जाना निर्धारित है। अब तक लगभग 45 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने मार्च 2027 तक निर्माण कार्य पूर्ण कर लिए जाने के लिए जिलाधिकारी को भरोसा दिलाया। डीएम ने कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता की समीक्षा करते हुए अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर कार्य की गति तेज की जाए, जिससे इसे निर्धारित समयसीमा से पूर्व मार्च 2027 तक पूर्ण कराया जा सके। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में तकनीकी मानकों, गुणवत्ता, सामग्री की शुद्धता का ध्यान रखें। काम में लाप. रवाही, मानकों की अनदेखी पाए जाने पर जिम्मेदारी तय की जाएगी।जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि सड़क चौड़ीकरण कार्य के दौरान आमजन एवं राहगीरों को आवागमन में अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए। यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखते हुए निर्माण कार्य कराया जाए, ताकि नागरिकों को आवागमन की सुविधा मिलती रहे। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता अनिरुद्ध कुमार, गुरु चरण सिंह, अवर अभियंता प्रदीप राज एवं सुनील कुलश्रेष्ठ सहित आदि मौजूद रहे।

मेहरावल में डीएम ने कोर कटर से सड़क की कटिंग कराकर जांची निर्माण सामग्री की गुणवत्ता

अलीगढ़। डीएम अविनाश कुमार ने मंगलवार को महरावल रेलवे स्टेशन से भुकरावली तक निर्माणाधीन फोरलेन सड़क का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए नवंबर माह के अंत तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कराया जाए। निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं होगा।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता को परखने के लिए डीबीएम लेयर की कोर कटर से कटिंग कराकर नमूना निकलवाया। नमूने की छंटाई, तौल कराकर निर्माण सामग्री की गुणवत्ता और निर्धारित मानकों के अनुरूप किए गए कार्य की बारीकी से जांच की। उन्होंने संबंधित अभियंताओं को निर्देशित किया कि निर्माण के प्रत्येक चरण में गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित होगा। अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, निर्माण खंड संजीव पुष्कर ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि 36.91 करोड़ रुपये की लागत से 3. 1 किलोमीटर लंबाई में इस फोरलेन मार्ग का निर्माण आकाशदीप कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कराया जा रहा है। भूमि



अधिग्रहण में विलंब के कारण निर्धारित समय पर कार्य पूर्ण नहीं हो सका है। वर्तमान में लगभग 65 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और शेष कार्य नवंबर माह के अंत तक पूर्ण कराने का लक्ष्य रखा गया है।

डीएम ने अब तक हुए निर्माण कार्य का बारीकी से निरीक्षण करते हुए शेष कार्य की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी जाहिर की और सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार अतिरिक्त मैनपावर एवं संसाधन लगाकर कार्य को युद्धस्तर पर पूरा कराया जाए। निर्माण कार्य की नियमित मॉनीटरिंग की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण सड़क लोगों को उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि महरावल रेलवे स्टेशन से भुकरावली तक फोरलेन सड़क का निर्माण पूर्ण होने से रेलवे स्टेशन आने-जाने वाले यात्रियों सहित आसपास के क्षेत्र के नागरिकों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी तथा शहर से स्टेशन तक आवागमन अधिक सुगम हो सकेगा। जनसुविधा से जुड़े इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी स्तर पर अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। इस दौरान अधिशासी अभियंता संजीव पुष्कर, सहायक अभियंता अनिरुद्ध कुमार, गुरुचरण सिंह, अवर अभियंता रूप सिंह, लेखराज सिंह, कोविंद प्रकाश, चंद्र बोस आदि मौजूद रहे।

बाइक से गिरकर महिला की मौत

अलीगढ़। गभाना में श्यामपुर बंबा के पास सोमवार शाम को चलती बाइक से गिरकर महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

इंस्पेक्टर गभाना शशि कुमार ने बताया कि मोरहना नगला निवासी समय सिंह की पत्नी सुनीता (45) भतीजे रामवीर के साथ बेटी के यहां एटा गई थीं। वहां से बाइक पर लौटते समय सोमवार शाम करीब पांच बजे श्यामपुर बंबा के पास बाइक से गिरकर वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे की जानकारी पर परिजन तत्काल मौके पर पहुंचे और घायल सुनीता को इलाज के लिए शहर के निजी अस्पताल ले गए। हालत गंभीर होने पर वहां से जेएन मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, जहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने सुनीता को मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी के अनुसार परिजन की सूचना पर मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम करवाया गया है।

आज मुकंदपुर में राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का कार्यक्रम

अलीगढ़। 30 वर्षों से राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद्, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में इसे अधिक प्रभावशाली बनाने के लिये पश्चिम उत्तर प्रदेश के 38 जिलों की इंडियन साइंस कम्यूनिकेशन सोसाइटी को नोडल एजेन्सी नियुक्त किया गया है। इस वर्ष बाल विज्ञान कांग्रेस का मुख्य विषय :स्थिरता के लिए विज्ञान और नवाचार' निर्धारित किया है।

जिला विद्यालय निरीक्षक डा. पूरन सिंह ने बताया कि बुधवार को सुबह 09:30 बजे से आगरा रोड स्थित सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल मुकन्दपुर में राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के आयोजन में पंजीकृत छात्र-छात्राओं द्वारा प्रोजेक्ट प्रस्तुतीकरण किया जाना है। उन्होंने प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापक राजकी, अशासकीय सहायता प्राप्त, स्ववित्त पोषित माध्यमिक विद्यालय, सीबीएसई, आईसीईएसई बोर्ड विद्यालय, उच्च प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालय (बेसिक शिक्षा) को निर्देशित किया है कि जिन छात्र-छात्राओ द्वारा ऑनलाइन पंजीकरण किया गया है उनका प्रोजेक्ट का प्रस्तुतीकरण तैयार कर नोडल शिक्षक एवं शिक्षिका के साथ निर्धारित समय व स्थान पर प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करें।

निगम का दावा: अब शहर की सड़कों के नीचे बहेगा पानी

❐ यूरोपीय तकनीक स्टॉर्म वाटर ड्रेन पर हो रहा सीएम ग्रिड सड़कों का निर्माण

अलीगढ़। नगर निगम इस बार सीएम ग्रिड फेज-3 की सड़कों को आधुनिक यूरोपीय तकनीक स्टॉर्म वाटर ड्रेन (पाइप और मैनहोल विधि) पर बनवाने की कवायद करता दिख रहा है। फेज-3 में नगर निगम द्वारा पहली बार अमेरिका एवं यूरोप में फेमस आधुनिक तकनीक अपनाते हुए सड़कों का निर्माण कराये जाने की कवायद को शुरू कर दिया है। मंगलवार दोपहर नगर आयुक्त ने नगर निगम मुख्य अभियंता वीके. सिंह, इंजीनियरिंग विभाग के साथ इस तकनीकी का मेडिकल रोड पर जाकर भौतिक सत्यापन किया। नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने अमेरिका एवं यूरोप में फेमस आधुनिक तूफानी जल निकासी नाली (पाइप और मैनहोल विधि के माध्यम से) तकनीक के संबंध में बताया कि इस तकनीक की विशेषता यह है कि सड़क निर्माण के साथ-साथ बारिश के पानी की निकासी को भूमिगत पाइपलाइन, मैनहोल आधारित व्यवस्थित ड्रेनेज नेटवर्क विकसित किया जाता है इससे सड़के खुले नालों से रहित रहती है और सड़क ज्यादा



चौड़ी रहती है। जिससे सड़क पर राहगीरों व वाहनों का आवागमन सुगमता से होता है।

उन्होंने बताया कि यह आधुनिक वर्षा जल निकासी प्रणाली है जिसमें सड़क पर जमा होने वाले बारिश के पानी को विशेष इनलेट एवं कैच पिट के माध्यम से भूमिगत पाइपला. इन में पहुंचाया जाता है। इन पाइपलाइनों को निर्धारित ढाल के अनुसार बिछाया जाता है जिससे बारिश का पानी नेचुरल गुरुत्वाकर्षण के माध्यम से आगे बढ़ते हुए निर्धारित निकासी स्थल तक पहुंच सके। इस प्रणाली में सीमित दूरी, जरूरत के अनुसार मैनहोल बनाए जाते हैं। मैनहोल भूमिगत पाइपलाइन के निरीक्षण सफाई रखरखाव एवं आवश्यकता पड़ने पर मरम्मत के लिए उपयोग किए जाते हैं पाइपलाइन के मोड़, जंक्शन एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर भी मैनहोल की व्यवस्था की जाती है। इस तकनीक में सड़क के नीचे वर्षा जल निकासी का सुव्यवस्थित नेटवर्क विकसित होने से खुले नालों की तुलना में सड़क ज्यादा आकर्षक व ट्रैफिक के मद्देनजर चौड़ी बनती है।

चार सड़कों पर होगा तकनीक का प्रयोग

कालीदह मरघट से अवतार नगर होते हुए रेलवे फाटक तक (पैकेज-1), सड़क की लंबाई 3.23 किमी. प्रस्तावित सड़क की चौड़ाई 12 मीटर, स्वीकृत अनुमानित लागत 56.72 लाख है। इसे कार्यदायी संस्था मैसर्स इको ग्रीन वर्ल्ड प्राइवेट लिमिटेड तैयार करेगी। मेडिकल रोड दोदपुर रोड से मेडिकल कॉलेज तक (पैकेज-2) सड़क की लंबाई 1.15 किमी., प्रस्तावित सड़क की चौड़ाई 12 मीटर, स्वीकृत अनुमानित लागत 23.47 लाख, कार्यदायी संस्था मैसर्स इको ग्रीन वर्ल्ड प्राइवेट लिमिटेड। जेल रोड पुल से नई बस्ती पोखर, मुस्लिम जीटी रोड एवं रघुवीर पुरी रोड होते हुए गुलर रोड तक (पैकेज-3), सड़क की लंबाई 1.07 किमी. प्रस्तावित सड़क की चौड़ाई 11.10 मीटर, स्वीकृत अनुमानित लागत 20. 12 लाख, कार्यदायी संस्था मैसर्स अमित ट्रेडर्स है। सराय हरनारायण में सासनीगेट चौराहे से पंचनगरी पोखर तक (पैकेज-4), सड़क की लंबाई 0.88 किमी., प्रस्तावित सड़क की चौड़ाई 12 मीटर, स्वीकृत अनुमानित लागत: 14.46 लाख और कार्यदायी संस्था मैसर्स अमित ट्रेडर्स है।

अनन्या ने ताइक्वांडो में जीता सोना

अकराबाद। कस्बा के जिला पंचायत सदस्य बिजेंद्र सिंह यादव की बेटी अनन्या यादव उर्फ शालू ने जयपुर में आयोजित 7वीं इंडिपेंडेंस कप ओपन ताइब्वांडो चैंपियनशिप 2026 में स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। एसएमएस स्टेडियम, जयपुर में 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक आयोजित प्रतियोगिता में देशभर के खिलाड़ियों ने भाग लिया। अनन्या ने फाइनल मुक. ाबले में बेहतरीन प्रदर्शन किया। वह पिछले पांच वर्षों से अलीगढ़ युवा ताइक्वांडो एसो. में ताइकब्वांडो का अभ्यास कर रही हैं। राष्ट्रीय स्तर पर चयन के लिए कड़ी तैयारी कर रही हैं। गौरवान्वित अनन्या के कोच संदीप कुमार ने बताया कि अनन्या ने पूरे टूर्नामेंट में अनुशासन और मेहनत से खेला। सेमीफाइनल में उन्होंने राजस्थान की खिलाड़ी को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। अनन्या के पिता विजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि बेटी ने हमेशा देश एवं क्षेत्र का नाम रोशन करने का संकल्प लिया है। उन्होंने जिला प्रशासन व खेल प्रशिक्षण अकादमी को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। स्थानीय लोगों ने अनन्या के सम्मान में समारोह आयोजित करने की घोषणा की है।



आज सांकरा गंगा में मत्स्य छोड़ेंगी मत्स्य बीज

अलीगढ़। सहायक निदेशक मत्स्य प्रियंका आर्या ने बताया कि जिला पंचायत अध्यक्ष विजय सिंह द्वारा गंगा नदी में भारतीय मेजर कार्प के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए राज्य सरकार द्वारा पोषित रिवर रैंचिंग कार्यक्रम के तहत बुधवार सुबह 11 बजे सांकरा गंगा घाट पर मत्स्य बीज गंगा नदी में छोड़ी जाएंगी।

पिस्टल सप्लायर गिरोह का सहयोगी गिरफ्तार

खैर। खैर पुलिस ने पिस्टल सप्लायर गिरोह के सहयोगी को तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

एक अक्टूबर को खैर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बांकनेर-नगला अस्सू रोड स्थित ललित की ट्यूबवेल पर छापामार कार्रवाही की थी। कार्रवाही के दौरान पिस्टल सप्लायर गिरोह के विकास पुत्र सोना निवासी जहांगीरपुर, अंकित चौधरी निवासी गाजीपुर बरला को मौके से मय असलाह के गिरफ्तार किया। चार आरोपित अतुल, राहिल, लवकुश, व तुषार मौके से भागने में सफल रहे थे। बीते दिन दरोगा कपिल कुमार ने आरोपित राहित पुत्र उम्मद निवासी बरका को संजय कोल्ड स्टोरेज- सोमना रोड से दबोच लिया। जामा तलाशी में आरोपित के पास से तमंचा व कारतूस बरामद हुए है। पुलिस ने आरोपित को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट के आदेश पर पिस्टल सप्तालयर गिरोह के सदस्य को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वकौल इंस्पेक्टर खैर राजीव चौधरी अन्य फरार आरोपितों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

छात्रों को करें प्रोत्साहित, मदरसों का करें नियमित निरीक्षण: दानिश अंसारी

अलीगढ़। राज्यमंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज उत्तर प्रदेश दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि केंद्र-प्रदेश सरकार द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय के कल्याणार्थ विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। राज्य सरकार प्रधानमंत्री के विजन एक हाथ में कुरान एक हाथ में कम्प्यूटर के विजन को साकार करने के लिए मदरसों में दीनी तालीम से लेकर तकनीकी शिक्षा के प्रति संवेदनशील रहकर धरातल पर कार्य कर रही है।

उप निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ डा. अमृता सिंह ने बताया कि मंडल में पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजना में 530 विद्यार्थियों, दशमोत्तर के तहत 380 विद्यार्थियों के खातों में 2.80 करोड़ रूपये हस्तांतरित किए। अलीगढ़ में 116 मान्यता प्राप्त मदरसे एवं 04 राज्य सरकार से अनुदानित मदरसे हैं।

कासगंज, एटा व हाथरस में क्रमशः 69, 48 एवं 12 मान्यता प्राप्त मदरसे हैं। प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम योजना में जनपद कासगंज में हुए अच्छे कार्यो की सराहना करते हुए मा0 मंत्री जी ने अन्य जिलों से भी प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश दिए। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अलीगढ़ निधि गोस्वामी ने बताया कि जिले में प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत 2022 में 52 लाख की लागत से राजकीय हाईस्कूल भुजपुरा, 2023 में 52 लाख की लागत से राजकीय हाईस्कूल रोरावर एवं 2024 में 17.74 लाख से नौरंगीलाल राजकीय इंटर कॉलेज में टॉयलेट, प्रेक्टिकल लैब एवं लाइब्रेरी का निर्माण कराया गया है। जिले में नए प्रस्ताव के तहत भूमि उपलब्धता के संबंध में उच्चाधिकारियों से संपर्क किया गया है।

राज्यमंत्री ने अल्पसंख्यक अधिकार दिवस 18 दिसंबर को भव्य आयोजन करने के निर्देश देते हुए कहा कि मदरसों में अध्ययनरत एवं टॉपर बच्चों के प्रोत्साहन के लिए एएमयू में शैक्षिक भ्रमण कराया जाए। उन्होंने मदरसों में शिक्षण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को मदरसों का नियमित रूप से भ्रमण व निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में उपस्थित निजी मदरसा संचाल. कों को सचेत किया कि मदरसों में बच्चों को अच्छे से पढ़ाएं, किसी की पढ़ाई के साथ खिलवाड़ न हो। एनसीआरटी एवं एससीआरटी पाठ्यक्रम के अनुसार उन्हें गुणवत्तापरक शिक्षा दी जाए। वक्फ सम्पतियों की समीक्षा में वक्फ इंस्पेक्टर मो0 इकबाल ने बताया कि जिले में 1669 सुन्नी वक्फ सम्पत्ति एवं 97 शिया वक्फ सम्पत्ति हैं।

प्यार में नाकाम आशिक ने प्रेमिका के फोटो किए वायरल

प्रेमी की हरकतों से खफा युवती ने पुलिस से मांगी मदद

औरंगाबाद (बुलंदशहर)। प्रेम में नाकाम रहे एक युवक ने अपनी प्रेमिका के निजी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। पीड़िता ने प्रेमी को नामजद कर पुलिस को तहरीर दी। लगाई। मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की है।

गांव लखावटी निवासी युवती के निजी फोटो प्रेमी ने फेसबुक इंस्टाग्राम आदि पर अपलोड कर दिए। जानकारी पर युवती ने पुलिस को युवक को नामजद करते हुए लिखित तहरीर देकर मदद की गुहार लगाई। पुलिस को दी गई तहरीर में युवती ने अपने प्रेमी युवक पर जबरन साथ ले जाने की धमकी देने, उसे और उसके परिजनों को जान से मार डालने और खुदकुशी करने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपी अतुल कुमार पुत्र प्रमोद कुमार राघव निवासी गांव बरौली बासुदेवपुर थाना कोतवाली स्याना के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। विदित हो कि उक्त युवक ने लगभग एक वर्ष पूर्व फिल्म शोले की तर्ज पर लखावटी में टावर पर चढ़कर अपनी प्रेमिका को मौके पर बुलाने की मांग की थी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर बामुश्किल समझा बुझाकर उसे टावर से उतारा था। युवक ने युवती से कोर्ट मैरिज होने की बात कही थी और अपने साथ चलने की जिद की थी। युवती ने तमाम आरा. पों से पल्ला झाड़ते हुए उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने शांति भंग करने के आरोप में चालान किया था। उसके बाद भी युवक अपनी जिद पर अड़ा हुआ है।



आरोपित संग किशोरी बरामद

खैर। कोतवाली के हलका पला जरारा क्षेत्र के एक गांव निवासी सोलह वर्षीय किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने के आरोपित को खैर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हलका पला जरारा क्षेत्र के गांव की सोलह साल की किशोरी को नामजद 18 मार्च को ले गया था। पुलिस तभी से किशोरी व नामजद की तलाश में जुटी थी। मंगलवार को दरा. गा सोनू शर्मा ने गोंडा रोड नहर पुल के निकट से आरोपित व किशोरी को बरामद कर लिया। कोतवाली में किशोरी के हुए बयान व शैक्षिक अभिलेखों के आधार पर किशोरी की उम्र 18 वर्ष से कम पाए जाने पर विवेचक ने पोस्को एक्ट की बढोत्तरी की थी। पुलिस ने आरो. पित शिवम को जेल भेज दिया।

मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत



बुलंदशहर। गांव गांगरौल में मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया है। जिला आजमगढ़ निवासी 46 वर्षीय सुक्खू पुत्र सखाराम गांगरौल गांव में रहकर मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहा था। बताया जाता है मंगलवार को सुक्खू छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि सुक्खू की मौत किसी जहरीले जंतु के डसने से हुई है। थाना प्रभारी दिग्विजय नाथ शाही ने बताया कि मजदूर के शव को पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत के कारणों का पता चलेगा। मामले में कोई तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

कुत्तों से बचने के लिए ट्रांसफार्मर की जाली पर चढ़ा किशोर, करंट से झुलसा



बुलंदशहर। बुगरासी कस्बे में शादी समारोह में शामिल होने गए 17 वर्षीय किशोर के साथ दर्दनाक हादसा हो गया। रास्ते में कुत्तों के झुंड द्वारा हमला करने पर किशोर जान बचाने के लिए कमेले के पास स्थित ट्रांसफार्मर की जाली पर चढ़ गया। इसी दौरान वह करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। हादसे के बाद लहूलुहान हालत में घर पहुंचे किशोर को देखकर परिजनों के होश उड़ गए। उसे तत्काल स्याना के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। एक 17 वर्षीय किशोर उमर फारुख के मामा रिजवान ने बताया कि उमर फारुख अपनी मम्मी के साथ कस्बे में ही रहता है। रविवार देर रात फारुख कस्बे में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। इसी दौरान रास्ते में कुत्तों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। कुत्तों से बचने के लिए फारुख पास ही स्थित कमेले के ट्रांसफार्मर की तरफ भागा। खुद को बचाने के प्रयास में वह ट्रांसफार्मर की जाली पर चढ़ गया। इसी दौरान अचानक करंट की चपेट में आने से वह बुरी तरह झुलस गया। हादसे में किशोर के पेट, बाजू समेत शरीर के कई हिस्सों में करंट से जलने के निशान हो गए। वह किसी तरह लहूलुहान हालत में घर पहुंचा। किशोर की हालत देखकर परिजन घबरा गए और बिना देर किए उसे स्याना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। यहां चिकित्सकों की देखरेख में उसका उपचार चल रहा है।

बाइक पर स्टंट करते दो दबोचे

अलीगढ। बन्नादेवी पुलिस ने सड़क पर बाइक से स्टंटबाजी करने वाले ईशू निवासी गोपालपुरी सासनी गेट, अरूण निवासी गंभीरपुरा सासनीगेट को पल्सर बाइक सहित इलाके से गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में एसआई रविंद्र यादव, हैडकांस्टेबल संजीव कुमार, सिपाही रोबिन तोमर, अंकुर रोड, रोहित यादव आदि मौजूद रहे।

एसडीओ पर स्टांप चोरी में 3 लाख का जुर्माना

रजिस्ट्री में गड़बड़ी मिलने पर कार्रवाई, पत्नी की शिकायत पर जांच

बुलंदशहर। बिजली विभाग के एसडीओ०कृष्णा कौशिक की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। एसडीओ०रहते हुए यमुनापुरम में खरीदी गई कोठी के बैनामे में स्टांप चोरी का मामला सामने आया है। पत्नी की शिकायत के आधार पर हुई जांच में एआईजी स्टांप ने उन पर करीब 3 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। कृष्णा कौशिक पर भ्रष्टाचार, बेनामी संपत्ति जुटाने और पत्नी का जबरन गर्भपात कराने समेत कई गंभीर आरोप हैं। इस मामले में बुलंदशहर की जहांगीराबाद कोतवाली में पहले से एफआईआर दर्ज है। आरोप है कि सिकंदराबाद में तैनाती के दौरान कृष्णा कौशिक ने अपने पद का दुरुपयोग कर संपत्तियां जुटाईं। उन्होंने अपने पिता के नाम पर सिकंदराबाद की नीलकंठ कॉलोनी में करीब 200 वर्गमीटर का आवासीय प्लॉट खरीदा। इसके अलावा बुलंदशहर के यमुनापुरम क्षेत्र में लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से मकान वहीं सिकंद. राबाद खंड में तैनाती के दौरान उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसमें वह एक बिजली कनेक्शन के एवज में कथित तौर पर 50 हजार रुपये लेते दिखाई दिए थे। उस समय तत्कालीन एमडी मेरठ ईशा दुहन ने उन्हें निलंबित कर दिया था।

इसके अलावा उन पर 30 से 35 लाख रुपये कीमत की श्रॉकस्टार नंबर 0007श वाली थार रॉक्स गाड़ी से चलने और अपने घर को आलीशान तरीके से मॉडिफाई कराने के आरोप भी लगे हैं।

मामले की गंभीरता को देखते हुए ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने चेयरमैन को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसके बाद उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के चेयरमैन और एमडी०के निर्देश पर विजिलेंस और शिकायत प्रकोष्ठ ने विभागीय जांच तेज कर दी है।



पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के एमडी०रवीश गुप्ता ने पुष्टि की है कि लखनऊ स्थित शक्ति भवन के शिकायत प्रकोष्ठ से पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय निगरानी की जा रही है।

विधानसभा में 40 सुंदरकांड पाठ कराने का संकल्प, हुर्थला गांव में हुआ दसवां आयोजन



बुलंदशहर। शिकारपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव हुर्थला में भाजपा०नेता एवं समाजसेवी देवेंद्र भारद्वाज के नेतृत्व में सुंदरकांड के दसवें पाठ का आयोजन किया गया। सुंदरकांड पाठ के बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। भाजपा नेता देवेंद्र भारद्वाज ने कहा कि उन्होंने शिकारपुर विधानसभा क्षेत्र में 40 सुंदरकांड पाठ और विशाल भंडारे कराने का संकल्प लिया है। इसी संकल्प के तहत गांव-गांव धार्मिक आयोजन कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुंदरकांड पाठ और भंडारे के माध्यम से धर्म का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। देवेंद्र भारद्वाज ने कहा कि वह समाज के हित में कार्य कर रहे हैं और जब तक जीवित रहेंगे, समाज की सेवा करते रहेंगे। उन्होंने धार्मिक आयोजनों को सामाजिक सद्भाव और जनस. वा का माध्यम बताया। इस अवसर पर श्पोराज सिंह प्रधान जी, हरपाल सिंह सूर्यवंशी, विमल कुशवाहा, सभासद मनोज कुमार, सभासद दुष्यंत चौहान, विक्रांत शर्मा, सौरव राघव, सतीश बाबा चरण दास, संदीप सिंह, मंगल सिंह उर्फ कोमल शर्मा, सोनू भारद्वाज, सत्येंद्र फौजी, विशाल भारद्वाज, आदि भाजपा०कार्यकर्ता मौजूद रहे।

उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में गड़बड़ी पर प्रधानाचार्या हटाई, छह शिक्षिकाओं को नोटिस



जहांगीराबाद (बुलंदशहर)। नगर के डॉ. अनूपलाल बंसल बालिका इंटर कॉलेज में उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में अनियमितताओं के मामले में प्रबंधन समिति ने कार्यवाही की है। कार्यवाहक प्रधानाचार्या अर्चना गौतम को पद से हटा दिया गया है। उनके स्थान पर शिक्षिका पूनम गोयल को प्रधानाचार्या का कार्यभार सौंपा गया है। वहीं 6 अन्य शिक्षिकाओं को कारण बताओ नोटिस जारी कर 3 सप्ताह में जवाब मांगा गया है। कॉलेज प्रबंधक विपिन बंसल के अनुसार बीती 7 सितंबर को हुई बैठक में मामले की जांच के लिए 3 सदस्यीय समिति गठित की गई थी। समिति की प्रारंभिक जांच में सत्र 2025-26 की वार्षिक और अर्धवार्षिक परीक्षाओं की समाजशास्त्र विषय की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में गड़बड़ी सामने आई। आरोप है कि उत्तर पुस्तिकाओं का सही तरीके से मूल्यांकन किए बिना ही अंक दिए गए। अंकतालि. काओं में भी त्रुटियां पाई गईं। मामले में जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देश पर सह जिला विद्यालय निरीक्षक दिनेश यादव ने उत्तर पुस्तिकाएं रखे कक्ष की सील खुलवाकर जांच कराई थी। इसकी रिपोर्ट जिला विद्यालय निरीक्षक को भेजी गई। इसके बाद 2 नवंबर को हुई प्रबंधन समिति की बैठक में अर्चना गौतम को पद से हटाने और मामले की विस्तृत जांच कराने का निर्णय लिया गया। जांच के लिए वेद प्रकाश की अध्यक्षता में दो सदस्यीय समिति बनाई गई है। इसमें विवेक गर्ग को सदस्य बनाया गया है। पद से हटाई गई अर्चना गौतम ने प्रबंधन समिति के फैसले को अपने खिलाफ साजिश बताया है।

उनका कहना है कि पद से हटाने से पहले जिला विद्यालय निरीक्षक से अनुम. ति नहीं ली गई और उन्हें बैठक में भी नहीं बुलाया गया। व्हाट्सएप के माध्यम से पद से हटाए जाने की सूचना दी गई। उन्होंने नई प्रधानाचार्या पर भी इसी तरह की अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं। साथ ही नोटिस जारी होने के बावजूद शिक्षिकाओं पर अधिक फीस वसूलने का आरोप लगाया है। जिला विद्यालय निरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि कार्यवाहक प्रधानाचार्या को हटाने के लिए उनसे कोई अनुमति नहीं ली गई है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

16 से शुरू होगी जनगणना के द्वितीय चरण की स्व-गणना

एक दिसंबर से घर-घर पहुंचेंगे प्रगणक

अलीगढ़। भारत की जनगणना-2027 के द्वितीय चरण की तैयारियों एवं अब तक की प्रगति की मंडलीय समीक्षा बैठक मंगलवार को मंडलीय जनगणना अधिकारी मंडल ओपी आर्य की अध्यक्षता में आयोजित की। जिसमें जनगणना कार्य को समयबद्ध, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने के लिए की जा रही तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में बताया कि जनगणना-2027 के द्वितीय चरण की प्रक्रिया तीन चरणों में पूरी की जाएगी। प्रथम चरण में 16 से 30 नवंबर 2026 तक 15 दिनों के लिए स्व-गणना की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके माध्यम से नागरिक ऑनलाइन पोर्टल पर स्वयं एवं अपने परिवार के सदस्यों का निर्धारित विवरण दर्ज कर सकेंगे। स्व-गणना पूरी होने पर प्राप्त एसईआईडी को सुरक्षित रखना होगा और घर-घर गणना के दौरान प्रगणक के पहुंचने पर उसे उपलब्ध कराना होगा।

द्वितीय चरण में 01 दिसम्बर 2026 से 04 जनवरी 2027 तक 35 दिनों तक प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर गणना की जाएगी। इस दौरान नियुक्त प्रगणक आवंटित गणना ब्लॉकों में पहुंचकर प्रत्येक परिवार एवं व्यक्ति से संबंधित निर्धारित जानकारियां एकत्र करेंगे। इसके बाद 05 से 09 जनवरी 2027 तक पांच दिनों का पुनरीक्षण चरण संचालित होगा, जिसमें पूर्व में की गई गणना का सत्यापन एवं पुनरीक्षण करते हुए छूटे हुए व्यक्तियों तथा आवश्यक संशोधनों से संबंधित कार्य पूरा किया जाएगा। समीक्षा बैठक में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों की नियुक्ति, उनके प्रशिक्षण, गणना ब्लॉकों के आवंटन, आवश्यक सामग्री की उपलब्धता, तकनीकी व्यवस्थाओं और जनगणना के व्यापक प्रचार-प्रसार की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। मंडलीय जनगणना अधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी संबंधित अधिकारी निर्धारित समयसीमा के भीतर तैयारियां पूर्ण कर लें। प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि गणना के दौरान किसी प्रकार की त्रुटि अथवा असुविधा न हो। जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने जनगणना के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए शैक्षणिक संस्थानों, स्थानीय निकायों, ग्राम पंचायतों एवं अन्य संस्थाओं के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने तथा अधिकाधिक जनसहभागिता बढ़ाने पर भी जोर दिया।



मंडलीय जनगणना अधिकारी ने आमजन से अपील की कि भारत की जनगणना-2027 एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है। नागरिक 16 नवंबर से शुरू होने वाली स्व-गणना सुविधा का लाभ उठाएं, जानकारी सही, पूर्ण दर्ज करें, घर-घर पहुंचने वाले प्रगणकों को जरूरी जानकारी देकर जनगणना कार्य में सहयोग प्रदान करें।

मैडल जीतने वाले तीन पुलिसकर्मियों का आउट ऑफ टर्न प्रमोशन

एसएसपी ने रैंक चिन्ह लगाकर किया सम्मानित

अलीगढ़। खेल के मैदान में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले पुलिस के तीन जवानों को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन दिया। आरक्षी से मुख्य आरक्षी बने इन पुलिसकर्मियों को मंगलवार को एसएसपी नीरज जादौन ने रैंक चिह्न लगाकर सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

प्रमोशन पाने वालों में महिला मुख्य आरक्षी निधि शर्मा शामिल हैं। उन्होंने वर्ष 2026 में जालंधर में आयोजित अखिल भारतीय पुलिस त्रिकूद प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता था। मुख्य आरक्षी विश्ववीर ने इसी वर्ष आयोजित 400 मीटर मिश्रित रिले प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया था। मुख्य आरक्षी शुभम नागर ने वर्ष 2024 में लखनऊ में हुई अखिल भारतीय पुलिस आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता के 100 किग्रा. भार वर्ग में कांस्य पदक जीता था। तीनों खिलाड़ियों ने यूपी पुलिस की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि हासिल की थी। इसी आधार पर शासन ने उन्हें आउट ऑफ टर्न प्रमोशन दिया गया है। 35वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ में 27 से 31 अक्टूबर तक आयोजित 74वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक एथलेटिक्स क्लस्टर एवं साइकि. लिंग प्रतियोगिता में भी अलीगढ़ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।



प्रतियोगिता में महिला मुख्य आरक्षी निधि शर्मा ने 100 मीटर दौड़ और लंबी कूद में स्वर्ण पदक तथा चार गुणा 100 मीटर रिले दौड़ में कांस्य पदक जीता। मुख्य आरक्षी विश्ववीर ने 400 मीटर बाधा दौड़ में रजत और चार गुणा 100 मीटर रिले में कांस्य पदक हासिल किया। आरक्षी दीपांशु ने भी रिले दौड़ में कांस्य पदक जीतकर जिले का मान बढ़ाया। एसएसपी ने सभी खिलाड़ियों को पदक देकर सम्मानित किया और भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

समस्याओं को लेकर DIOS से मिले शिक्षक

अलीगढ़। मंगलवार को माध्यमिक वित्त विहीन शिक्षक महासभा का प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष नरेंद्र गौतम के साथ डीआइओएस से मिला। उन्होंने वित्तविहीन शिक्षकों की प्रमुख समस्या, अनुभव राजकीय, एडेड विद्यालय की भांति गिना जाए। उन्हें डीआइओएस द्वारा प्रमाणित प्रमाण पत्र भी दिया जाए, जिससे सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में प्रधानाचार्य के पद पर आवेदन कर सकें। नामावली जमा होने में आने वाली समस्याओं और छात्रों की शिफ्टिंग दूर परीक्षा केंद्रों पर आवंटित होने की समस्या आदि से भी जिला विद्यालय निरीक्षक से सकारात्मक वार्ता हुई। इस दौरान प्रदेश महामंत्री नीरज शर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री प्रेम सिंह लोधी, मंडलाध्यक्ष योगेंद्र प्रताप सिंह सेंगर, पूर्व जिला अध्यक्ष अनेक सिंह यादव, जिला मंत्री ठाकुर हरवीर सिंह आदि रहे।



एसएसपी ने की शहर में पैदल गश्त

अलीगढ़। एसएसपी नीरज जादौन ने त्योहारों को देखते हुए जिले में कानून, सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने को शहर के अब्दुल करीम चौराहा से फूल चौराहा, सर्राफा मार्केट, जयगंज, सासनीगेट मार्केट से होते हुए सासनीगेट चौराहे तक प्रमुख बाजारों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों, संवेदनशील, मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गस्त कर लोगों से संवाद कर को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया। उन्होंने अधीनस्थों को अपराध नियंत्रण के दृष्टिगत मुख्य मार्गों, चौराहों, बाजार इत्यादि भीड़भाड़ वाले स्थानों पर भ्रमणशील रहते हुए पैदल गश्त कर संदिग्धों पर निरंतर निगरानी रखने को निर्देश दिए।



सामाजिक भेदभाव मिटाकर समर्थ समाज का निर्माण करने की जरूरत: देव रावत


अलीगढ़। समाज में व्याप्त जातीय भेदभाव, छुआछूत एवं सामा. जिक विषमता को समाप्त कर समरस, संगठित एवं समर्थ समाज का निर्माण करना समय की जरूरत है। समाज के प्रत्येक वर्ग को समान सम्मान, अवसर एवं सामाजिक न्याय मिले, इसी उद्देश्य को लेकर विश्व हिंदू परिषद निरंतर सामाजिक समरसता के कार्यों को आगे बढ़ा रही है। यह विचार विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री एवं अखिल भारतीय समरसता प्रमुख देवजी रावत ने मंगलवार को द्वारिकापुरी स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय पर आयोजित समरसता गोष्ठी में कहीं। उन्होंने कहा कि समाज में जातीय भेदभाव और छुआछूत जैसी सामाजिक कुरीतियों को आपसी सद्भाव, संवाद एवं जनजागरण के माध्यम से दूर करना होगा। इसके लिए समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की आवश्यकता है। सामाजिक समरसता केवल विचार का विषय नहीं, बल्कि इसे समाज के व्यवहार और जीवनशैली का हिस्सा बनाना होगा। इसी उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सहित संपूर्ण देश में समरसता के कार्यक्रमों को व्यापक स्तर पर आयोजित करने की योजना बनाई जा रही है।

उन्होंने कहा कि 20 फरवरी को विहिप तहसील स्तर से लेकर गांव-गांव तक संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की जयंती मनाएगा। भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर, महर्षि भगवान वाल्मीकि की जयंती भी संगठन बड़े स्तर पर करता है।



रामायण से लेकर पुराणों तक

भगवान राम के लौटने की खुशी बन गई दीवाली का त्योहार



दीवाली को लेकर कई तरह की कहानियां प्रचलित हैं जिसमें सबसे ज्यादा प्रसिद्ध और चर्चित भगवान राम के 14 साल बाद वनवास से आयोध्या वापसी से जुड़ी है। माना जाता है कि इतने लंबे समय के बाद जब राम, सीता और लक्ष्मण अयोध्या लौटे तो उनका बेहद ही भव्य स्वागत किया गया और खुशियों के दीपक जलाए गए। तभी से यह त्योहार मनाया जाने लगा।

14 साल के लंबे समय के बाद जब प्रभु श्रीराम अयोध्या वापस आते हैं, तो भरत उन्हें राज वापस देते हैं। अयोध्यावासी उनका स्वागत करते हैं और राम जी का राज्याभिषेक होता है। यह वह कहानी है जिसे कई परिवारों में दीवाली के समय अक्सर दीये जलाते वक्त याद किया जाता है।

भगवान राम की अयोध्या वापसी से दिवाली कैसे जुड़ी?

रामायण के अनुसार, राम, उनकी पत्नी सीता और उनके भाई लक्ष्मण अपने पिता राजा दशरथ के वचन को निभाने के लिए चौदह साल जंगल में निवास करते थे। इस दौरान जंगल में सीता को रावण छल से अपनी लंका ले जाता है। सुग्रीव, हनुमान और वानर सेना की मदद से राम जी रावण और उसकी सेना पर जीत हासिल करते हैं और माता सीता को वापस ले जाते हैं।

अब यह कहानी तब शुरू होती है, जब 14 साल पूरे हो जाते हैं। वाल्मीकि रामायण में बताया गया है कि, वनवास का समय पूरा होने के बाद राम जी सीता, लक्ष्मण, सुग्रीव, विभीषण और वानरों के साथ हवाई रथ पुष्कर पर सवार होकर अयोध्या की ओर निकल पड़ते हैं।

राम के वनवास पूरा करने और अयोध्या लौटने की खुशी में संपूर्ण नगर नंदीग्राम गया क्योंकि भरत ने वनवास के वर्षों के दौरान राम के शासन की निशानी के रूप में उनकी पादुकाओं को रखा था। जब राम-भरत का मिलन हुआ तो भरत ने राम को राज्य वापस दे दिया। राज जी राज्याभिषेक के लिए सहमत हो गए।

राम की वापसी की याद में दीये जलाने का रिवाज बाद की परंपरा में है, जो बड़े पैमाने पर मानी जाती है। खासकर उत्तर भारत में दीवाली को लेकर माना जाता है कि राम जी के अयोध्या वापसी पर नगरवासियों ने दीये जलाए थे, जहां से यह परंपरा शुरू हुई थी।

मूल वाल्मीकि रामायण में संपूर्ण अयोध्या में दीपकों की पंक्तियां जलाकर %दीवाली% मनाने का कोई अलग से वर्णन या श्लोक नहीं मिलता है। बल्कि राम जी की अयोध्या वापसी पर नगरवासियों द्वारा तोरण, पुष्पमालाओं, ध्वजा-पताकाओं और सुंगधित धूप से नगर को सजाने का जिक्र देखने को मिलता है।

अन्य ग्रंथों में दीवाली का संबंध

पद्मपुराण और स्कंद पुराण में कार्तिक अमावस्या के मौके पर दीपदान, मां लक्ष्मी की पूजा और प्रकाश पर्व का साफतौर पर उल्लेख देखने को मिलता है।

कुल मिलाकर वाल्मीकि रामायण में भले ही सीधे तौर पर %दीवाली% शब्द का इस्तेमाल न किया गया हो, लेकिन भगवान राम की जीत और उनके अयोध्या लौटने की खुशी में दीपक जलाने की परंपरा उत्तर भारतीय संस्कृति का अहम हिस्सा बन चुकी है। यही वजह है कि आज भी दीवाली को अधर्म पर धर्म की जीत और अंधकार पर रोशनी का प्रतीक मानकर मनाया जाता है।

बच्चों की सेफ्टी



बच्चे को कम उम्र से ही गुड और बैड टच समझाना बहुत जरूरी है. इसी के साथ उन्हें ये भी बताएं कि अजनबी ही नहीं बल्कि आपके परिवार या रिश्ते में भी कोई क्यों न हो वो गलत तरह से नहीं छू सकता है. इसी के साथ पेरेंट्स को भी चाहिए कि वह अपने बच्चे की बताई बातों को गौर से सुनें और सही कदम उठाएं.

आज के समय में बच्चों की सेफ्टी भी चिंता वाली बात है. हर वक्त बच्चे पर नजर रख पाना संभव नहीं होता है. ऐसे में जरूरी है कि आप बच्चे को कुछ चीजें जरूर सिखाएं, जैसे उसे निजी जानकारियां याद कराएं. बच्चे को घर के दो से तीन फोन नंबर्स याद होने चाहिए. इसके अलावा उन्हें घर का एड्रेस, पास की दुकानों के नाम, माता-पिता फैमिली मेंबर्स के नाम जैसी चीजों को याद करवाएं.

बच्चों को अजनबियों से दूर रहना सिखाएं. फिर चाहे वो बाहर गए हो या फिर घर पर हो. जैसे कोई चॉकलेट, टॉफी या गिफ्ट का बहाना दें तो उनके साथ न जाएं. ऐसा कुछ भी हो तो आप जब घर पर माता-पिता न हो तो किसी के लिए दरवाजा न खोलें.

बच्चे को साथ बाहर लेकर जाएं तो उन्हें बताएं कि हाथ न छोंड़ें, पेरेंट्स के साथ ही रहना सेफ है और अगर वो अलग हो जाएं तो किन जगहों से मदद मांग सकते हैं और किनसे दूर रहना चाहिए. अगर पेरेंट्स से भीड़ में अलग हो गए हैं तो घबराकर रोएं नहीं बल्कि एक सेफ जगह पर जाकर खड़े हो जाएं. ऐसे में बच्चा अचानक आई सिचुएशन को हैंडल करने के लिए मेंटली तैयार रहेगा.

बच्चे को रोड सेफ्टी रूल्स भी सिखाने बहुत जरूरी होता है. कई बार बच्चे स्कूल से वापस आ रहे होते हैं या कहीं बाहर कुछ सामान खरीदने, पार्क में खेलने जाते हैं तो उन्हें पता होना चाहिए कि कैसे गाड़ियों से बचकर चलना है. जैसे सड़क पर पैदल हमेशा फुटपाथ पर चलें, हमेशा जेब्रा क्रॉसिंग या सिग्नल से ही रोड क्रॉस करें. ट्रैफिक लाइट्स के रूल बताएं और सड़क पर कभी दौड़े नहीं।



धनतेरस से भाई दूज तक क्यों जलाते हैं दीपक? 5 दिनों की इस परंपरा के पीछे छिपा है बड़ा रहस्य

धर्म डेस्क, नई दिल्ली। दीवाली के पर्व का हर किसी को बेसब्री से इंतजार रहता है। इस पर्व की शुरुआत धनतेरस से होती है और इसका समापन भाई दूज पर होता है। इस दौरान रोजाना शाम को दीपक जलाने का विशेष महत्व है। यह परंपरा प्राचीन समय से चली आ रही है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि धनतेरस से लेकर भाई दूज तक दीपक क्यों जलाए जाते हैं और इसके पीछे की असली वजह क्या है? अगर नहीं, तो आइए विस्तार से इसके रहस्य के बारे में जानते हैं।



धनतेरस से भाई दूज तक दीपक जलाने का महत्व

धनतेरस: दीपोत्सव के पहले दिन धनतेरस का पर्व मनाया जाता है। इस दिन घर की दक्षिण दिशा में यम का दीपक जलाने का विशेष महत्व है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, धनतेरस के दिन यमराज के नाम का दीपक जलाने से परिवार में अकाल मृत्यु का भय दूर होता है।

छोटी दीवाली (नरक चतुर्दशी): पौराणिक कथा के अनुसार, छोटी दीवाली के अवसर पर दीपक जलाना शुभ माना जाता है क्योंकि इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण ने नरकासुर नामक राक्षस का वध किया था और 16,100 राजकुमारियों व बंदियों को उसके अत्याचारों से मुक्त कराया था। इसलिए इस दिन भय और अंधकार पर अच्छाई की विजय के प्रतीक के रूप में दीप जलाए जाते हैं।

दीवाली: कार्तिक अमावस्या के दिन भगवान श्रीराम, माता सीता और भाई लक्ष्मण 14 वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या वापस आए थे। उनके आगमन की खुशी में नगरवासियों ने दीपक जलाकर प्रभु का स्वागत किया था। इसलिए दीवाली के दिन दीपक जलाना सबसे शुभ माना जाता है। दीयों की रोशनी अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर जीवन में ज्ञान, सुख और समृद्धि लाती है।

गोवर्धन पूजा: दीपोत्सव के चौथे दिन गोवर्धन पूजा होती है। पौराणिक कथा के अनुसार, द्वापर युग में ब्रज के लोग देवराज इंद्र की पूजा करते थे। एक दिन भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों से कहा कि हमें गोवर्धन पर्वत की पूजा-अर्चना करनी चाहिए, जिससे हमारी गायों को चारा और हमें जीवन मिलता है। इसी दिन भगवान कृष्ण ने इंद्र का अहंकार तोड़ा था और गोवर्धन पर्वत उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की थी। इसके बाद लोगों ने प्रभु को 56 भोग अर्पित किए और दीप जलाए। इसी वजह से गोवर्धन पूजा के दिन दीपक जलाने का विधान है।

भाई दूज: यह पर्व भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक है। मान्यता है कि इस दिन यमराज अपनी बहन यमुना के घर गए थे। इस दिन बहनें अपने भाई की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना करते हुए उनका तिलक करती हैं और दीप जलाकर उनकी आरती उतारती हैं।



हर अंत के बाद होती है नई शुरुआत

मुश्किल समय में खुद पर भरोसा रखना सीखें

जिंदगी हमेशा एक जैसी नहीं रहती। कभी हमारी मेहनत रंग लाती है, तो कभी लाख कोशिशों के बाद भी चीजें मन के मुताबिक नहीं होतीं। किसी रिश्ते का टूटना, कोई अवसर हाथ से निकल जाना या किसी अपने का दूर हो जाना हमें अंदर तक दुखी कर सकता है। ऐसे समय में लगता है कि सब कुछ खत्म हो गया है, लेकिन जीवन का सच यह है कि बदलाव लगातार होते रहते हैं। जो आज हमें नुकसान लग रहा है, वह भविष्य में कुछ नया सीखने और आगे बढ़ने का अवसर भी बन सकता है। इसलिए मुश्किल समय में निराश होने के बजाय खुद पर भरोसा रखना जरूरी है।

जिंदगी में कुछ खोना हमेशा नुकसान नहीं होता: जब कोई चीज हमारी जिंदगी से दूर होती है, तो हमारा ध्यान अक्सर उसी कमी पर रहता है। हम सोचते रहते हैं कि काश ऐसा नहीं हुआ होता या काश हमें एक और मौका मिल जाता, लेकिन हर चीज का हमेशा हमारे साथ बने रहना जरूरी नहीं है। कभी नौकरी का न मिलना हमें अपनी क्षमताएं बेहतर करने की प्रेरणा देता है, तो कभी किसी रिश्ते का अंत हमें अपनी जरूरतों और आत्मसम्मान को समझने में मदद करता है। इसका अर्थ यह नहीं कि हर नुकसान अपने आप किसी अच्छी चीज में बदल जाएगा, बल्कि जरूरी यह है कि हम परिस्थितियों से सीखें और नई संभावनाओं के लिए खुद को तैयार रखें।

क्रोध आए तो दूसरों से नहीं, खुद से लड़ें: गुस्सा आना स्वाभाविक है, लेकिन गुस्से में लिया गया फैसला कई बार रिश्तों को बिगाड़ सकता है। जब कोई हमारी उम्मीदों के मुताबिक व्यवहार नहीं करता, तो हम उसे गलत साबित करने या उससे बदला लेने की सोचने लगते हैं। ऐसे में दूसरों से उलझने के बजाय अपने मन को शांत करना ज्यादा जरूरी है। अपने क्रोध पर नियंत्रण रखने का मतलब भावनाओं को दबाना नहीं, बल्कि उन्हें सही तरीके से व्यक्त करना है। कुछ देर शांत रहना, परिस्थिति से थोड़ी दूरी बनाना और सोच-समझकर जवाब देना हमें अनावश्यक विवादों से बचा सकता है।

मुसीबत आए तो समय का सामना करें, खुद को दोष न दें: मुश्किल वक्त में बार-बार खुद से यह पूछना कि मेरे साथ ही ऐसा क्यों हुआ, निराशा बढ़ा सकता है। हर परिस्थिति हमारे नियंत्रण में नहीं होती, लेकिन हम उससे निपटने के लिए अपनी कोशिश जरूर कर सकते हैं। अगर असफलता मिली है, तो उसकी वजह समझें। अगर कोई योजना काम नहीं आई, तो दूसरा रास्ता तलाशें। खुद को दोष देने में समय बिताने के बजाय समाधान खोजने पर ध्यान दें। याद रखें कि बुरा समय हमेशा एक जैसा नहीं रहता और धैर्य के साथ की गई कोशिशें धीरे-धीरे बदलाव ला सकती हैं।



चिया सीड्स या ईसबगोल

किसमें होता है ज्यादा फाइबर...

फाइबर पाचन को दुरुस्त रखने के लिए बेहद जरूरी न्यूट्रिएंट्स है. ये पेट को लंबा समय तक भरा हुआ रखता है जिससे वेट कंट्रोल करने में भी मदद मिलती है. चिया सीड्स को उन्होंने 10 में से 9 नंबर दिए हैं. ये जेल सॉल्युबल फाइबर का सोर्स है जो पानी को ऑबजर्ब करके फुलनेस फील कराता है और स्टूल की कंसिस्टेंस को स्मूद करता है, जिससे कब्ज से बचाव होता है.

इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एंड हेपेटोबिलियरी साइंसेज, नई दिल्ली के डायरेक्टर और हेड डॉक्टर शुभम वात्स्य फाइबर की मात्रा के हिसाब से पांच फूड्स को रेट किया है, जिसमें चिया सीड्स को उन्होंने 10 में से 9 नंबर दिए हैं. ये जेल सॉल्युबल फाइबर का सोर्स है जो पानी को ऑबजर्ब करके फुलनेस फील कराता है और स्टूल की कंसिस्टेंस को स्मूद करता है, जिससे कब्ज से बचाव होता है.

किनोआ को भी फाइबर का बढ़िया सोर्स माना जाता है. इसे डॉक्टर शुभम ने 10 में से 8.5 रेट किया है. ये फाइबर के अलावा प्रोटीन- मैग्नीशियम भी देता है. ये ब्लड शुगर रिस्पॉन्स को भी स्मूद कर देता है.

अलसी यानी फ्लैक्स सीड्स को भी डॉक्टर शुभम वात्स्य ने 10 में से 9 नंबर दिए हैं. ये फाइबर समेत लिगनेन और ओमेगा-3 से भरपूर है. ये आपकी गट को सही करता है. इसी के साथ सूजन और इंफ्लामेशन (सूजन) को कंट्रोल करने में पावर हाउस की तरह काम करता है.

अमरूद को 10 में से 9.5 रेटिंग मिली है. ये कॉमन फ्रूट्स में सबसे ज्यादा फाइबर वाले फल में से एक है. इसके अलावा अमरूद विटामिन सी के साथ ही पॉलीफेनोल्स से भरपूर है. पाचन को सपोर्ट करने के साथ ये शुगर कंट्रोल में भी हेल्प करता है और इम्यूनिटी भी मजबूत करता है.

नाशपाती को 10 में से 8.5 रेटिंग मिली है. यह पानी के साथ ही पेक्टिन फाइबर का एक बेहतरीन कॉम्बो है. ये स्टूल (आंतों में जमा मल) सॉफ्टनेस को को इंप्रूव करता है. आंतों के अच्छे बैक्टीरिया को फीड करता है और फुलनेस को भी बढ़ाता है यानी लंबे समय तक पेट भरा हुआ महसूस होता है.

फाइबर को लेकर ईसबगोल या सिलियम हस्क को डॉक्टर शुभम वात्सय ने 10 में से 10 नंबर दिए हैं. ये कब्ज से लेकर दस्त तक में फायदा करता है. इसके अलावा शुगर स्पाइक्स से लेकर बैड कोलेस्ट्रॉल, एपेटाइट कंट्रोल (भूख को नियंत्रित करना) तक में हेल्पफुल रहता है।

> जब दिमाग के किसी हिस्से तक खून की सप्लाई रुक जाती है या कम हो जाती है, तो उसे स्ट्रोक कहते हैं। खून ठीक से न पहुँचने पर दिमाग की कोशिकाएँ खराब होने लगती हैं। स्ट्रोक एक इमरजेंसी है और इसमें तुरंत अस्पताल पहुँचना ज़रूरी है। जल्दी इलाज मिलने से परेशानियाँ कम होती हैं और ठीक होना आसान होता है।

महिलाओं में स्ट्रोक के शुरुआती संकेत जिन्हें अक्सर नज़रअंदाज़ कर दिया जाता है


लोग अक्सर सोचते हैं कि स्ट्रोक सिर्फ़ बुज़ुर्गों को होता है, लेकिन यह महिलाओं को किसी भी उम्र में हो सकता है। कुछ बीमारियाँ और हार्मोन से जुड़ी बातें महिलाओं में स्ट्रोक का खतरा बढ़ा सकती हैं। अच्छी बात यह है कि जानकारी, समय पर जाँच और सेहतमंद जीवनशैली से कई स्ट्रोक रोके जा सकते हैं।

स्ट्रोक क्या है?

जब दिमाग के किसी हिस्से तक खून की सप्लाई रुक जाती है या कम हो जाती है, तो उसे स्ट्रोक कहते हैं। खून ठीक से न पहुँचने पर दिमाग की कोशिकाएँ खराब होने लगती हैं। स्ट्रोक एक इमरजेंसी है और इसमें तुरंत अस्पताल पहुँचना ज़रूरी है। जल्दी इलाज मिलने से परेशानियाँ कम होती हैं और ठीक होना आसान होता है।

महिलाओं को ज़्यादा ध्यान क्यों देना चाहिए

स्ट्रोक के कई खतरे पुरुषों और महिलाओं में एक जैसे होते हैं, लेकिन महिलाओं में हार्मोन में बदलाव,



गर्भावस्था और कुछ बीमारियों की वजह से अतिरिक्त खतरे भी होते हैं।

बहुत-सी महिलाएँ घर और काम की भागदौड़ में शुरुआती लक्षणों को टाल देती हैं, जिससे इलाज में देरी हो जाती है। इसीलिए जागरूक होना बहुत ज़रूरी है।

इन खतरों को हल्के में न लें

ये चीज़ें महिलाओं में स्ट्रोक का खतरा बढ़ा सकती हैं-

- हाई ब्लड प्रेशर
- डायबिटीज़ (शुगर)
- ज़्यादा कोलेस्ट्रॉल
- मोटापा
- सिगरेट, बीड़ी या तंबाकू का सेवन
- शारीरिक मेहनत या कसरत की कमी
- दिल की बीमारी
- लगातार बना रहने वाला तनाव

कुछ बातें सिर्फ़ महिलाओं से जुड़ी हैं, जो स्ट्रोक का खतरा बढ़ा सकती हैं

- गर्भावस्था में होने वाली परेशानियाँ
- गर्भावस्था के दौरान हाई ब्लड प्रेशर
- जिन महिलाओं में पहले से कोई और खतरा हो, उनमें हार्मोन वाली गर्भनिरोधक गोलियों का इस्तेमाल
- मेनोपॉज़ (माहवारी बंद होने) के बाद दिल और नसों की सेहत में बदलाव

नियमित जाँच करवाने से इनमें से कई खतरों का पता पहले ही चल जाता है और गंभीर समस्या होने से पहले उन्हें संभाला जा सकता है।

ऐसे लक्षण दिखें तो तुरंत ध्यान दें

स्ट्रोक के लक्षण अक्सर अचानक शुरू होते हैं। इन्हें कभी नज़रअंदाज़ न करें।

आम लक्षण

- शरीर के एक तरफ़ अचानक कमज़ोरी या सुन्न होना
- बोलने या दूसरों की बात समझने में दिक्कत
- अचानक चलने में लड़खड़ाना या संतुलन बिगड़ना
- तेज़ सिरदर्द, जिसकी कोई वजह समझ न आए
- अचानक चक्कर आना
- एक या दोनों आँखों से धुंधला दिखना या दिखना बंद हो जाना
- चेहरा एक तरफ़ से टेढ़ा हो जाना

अगर लक्षण थोड़ी देर में ठीक भी हो जाएँ, तब भी डॉक्टर को दिखाने में देर न करें।

क्या स्ट्रोक से बचा जा सकता है?

हाँ, स्ट्रोक के कई खतरों को सेहतमंद आदतों से काबू में रखा जा सकता है।

आसान उपाय

- ब्लड प्रेशर की जाँच करते रहें और उसे काबू में रखें
- ब्लड शुगर सही स्तर पर रखें।